प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

मनुष्य अपने विश्वास से निर्मित होता है,
जैसा वो विश्वास करता है
वैसा वो बन जाता है!

श्रीमद् भगवद् गीता

www.purvanchalsurya.com

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची ➢दिल्ली➢देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306





वर्ष - 17 | अंक 218 | दैनिक | रांची | गुरुवार 21 मार्च 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

## सरकार बोली-चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में जज जरूरी नहीं

### सुप्रीम कोर्ट में कहा-जरूरी नहीं आयोग तभी स्वतंत्र हो जब पैनल में जज हो



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति वाले नए कानून को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। केंद्र सरकार ने कहा– यह दलील गलत है कि आयोग की स्वतंत्रता तभी होगी, जब सिलेक्शन पैनल में कोई जज जुड़े। इलेक्शन कमीशन एक स्वतंत्र संस्था है। इस याचिका का मकसद सिर्फ राजनीतिक विवाद को खड़ा करना है। सुप्रीम कोर्ट नए कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा है। ये याचिका कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने दाखिल की थी। पीठ ने इस याचिका पर 12 जनवरी को सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। 2 मार्च 2023 को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। कोर्ट ने आदेश दिया कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक पैनल करेगा। जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई शामिल होंगे। इससे पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी। 5 सदस्यीय बेंच ने कहा कि ये कमेटी नामों की सिफारिश राष्ट्रपति को करेगी। इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कहा था कि यह प्रोसेस तब तक लागू रहेगा, जब तक संसद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती।

## भारत की प्रगति में बड़ी भूमिका निभाएंगे स्टार्टअप:पीएम मोदी

- प्रधानमंत्री बोले-भारत में है दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप सिस्टम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश अब 2047 के विकसित भारत के रोड मैप पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में भारत ने आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर में दुनियाभर में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि भारत ने स्टार्टअप सेक्टर में कई धारणाओं को खत्म कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज, भारत में सभी क्षेत्रों में स्टार्टअप हैं। कृषि से लेकर अंतरिक्ष तक, हम हर जगह भारतीय स्टार्टअप पा सकते हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र, जो कभी सरकार की गिरफ्त में था, वहां अब 50 से अधिक स्टार्टअप हैं। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं की क्षमता पूरी दुनिया देख रही है। उनकी क्षमताओं पर भरोसा करते हुए हमारी सरकार ने भी उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने का फैसला किया... हमने लोगों की सोच बदल दी है; नौकरी मांगने वाले युवा अब नौकरी देने वाले बन रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा कि 1.25 लाख से अधिक स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया की तीसरी बड़ी स्टार्टअप पारिस्थितिकी के रूप में उभरा है और सही निर्णयों के साथ एक विकसित राष्ट्र बनने का रोडमैप तैयार कर रहा है।

## भारत बोला-यूएनसी को 21वीं सदी के लायक बनाएं

- हमारे जैसे देश बिना सीट-अधिकार के आते और चले जाते हैं, ये स्वीकार नहीं

**जिनेवा (एजेंसी)।** भारत ने एक बार फिर यूएनएससी में बदलाव का मुद्दा उठाया है। यूएन में भारत की परमानेंट प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा– ग्लोबल साउथ के देश बिना सीट, बिना अधिकार और बिना आवाज के यूएनएससी में आते और चले जाते हैं। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते।




रुचिरा ने कहा– यूएनएससी के ज्यादातर स्थायी सदस्य खुद भी यह मानते हैं कि परिषद में और सदस्यों को शामिल करके ही इसे 21वीं के लायक बनाया जा सकता है। हमें यह समझने की जरूरत है कि अभी जो देश यूएनएससी के स्थायी सदस्य हैं, उनका चुनाव 20वीं सदी की राजनीति के आधार पर हुआ था, लेकिन अब समय बदल गया है। भारतीय प्रतिनिधि ने कहा– ऐसे में अब परिषद में स्थायी सदस्यों के कॉन्सेप्ट को नया लॉजिक देने के लिए इसमें बदलाव करना होगा। स्थायी सदस्यों की सूची में नए देशों का नाम जोड़कर ही काउंसिल को कारगर बनाया जा सकता है। इसके अलावा भारत ने यूएनएससी में सुधार के लिए पेश किए गए यूनाइटिंग फॉर कनसेंसस मॉडल पर सवाल उठाए। यूएनएससी में 12 देश और 2 ऑब्जर्वर हैं, जिनमें चीन शामिल है।

**अजब-गजब**

# एक गांव जहां कभी वोट मांगने ही नहीं पहुंचा कोई

## विधायक-सांसद के अब तक नहीं हुए किसी को 'दर्शन'



देहरादून (एजेंसी)। देश में एक गांव ऐसा भी है जहां आज तक कोई वोट मांगने के लिए नहीं पहुंचा है। हैरानी की बात है कि कई बुजुर्गों ने आज तक कोई सांसद या विधायक तक को नहीं देखा है। चुनावी मौसम में उम्मीदवारों को मतदाताओं का इंतजार रहता है, लेकिन उत्तराखंड के एक गांव में स्थिति उलट है। बात हो रही है देहरादून जिले में चकराता के उदांवा गांव की। देश में पहला लोकसभा चुनाव 1952 में हुआ था, तब से आज तक करीब 72 साल के चुनावी इतिहास में लोकसभा-विधानसभा चुनावों में एक भी प्रत्याशी ने इस गांव का रुख नहीं किया। लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजते ही प्रत्याशी, वोटरों को आकर्षित करने के लिए सक्रिय हो गए हैं। वोट की खातिर प्रत्याशियों ने नगरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी भाग-दौड़ शुरू कर दी है। लेकिन टिहरी लोकसभा क्षेत्र का उदांवा गांव अपवाद बना हुआ है। सात दशक से ज्यादा वक्त बीतने के बाद भी इस गांव के निवासियों को लोकसभा और विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों के दर्शन नहीं हुए हैं। दरअसल, इस गांव तक पहुंचने को दस किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। इसके सबके बाद भी गांव के वोटर हर चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। उदांवा निवासी एवं पूर्व प्रधान बहादुर सिंह चौहान बताते हैं कि उनके गांव में चुनाव को लेकर कोई हलचल दिखाई नहीं पड़ती। आजादी से लेकर आज तक कोई भी प्रत्याशी, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो, इस गांव में वोट मांगने नहीं आया। वोट डालने के लिए बहुत जद्दोजहद करनी पड़ती है। लेकिन इस डर से वोट डालते हैं कि कहीं वोटर लिस्ट से नाम न कट जाए। 18 साल की नीलिमर पहली बार वोट डालेंगी। गांव के लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है। साथ ही नेताओं के रवैये के चलते लोगों में चुनाव को लेकर उत्साह नहीं है।

### सात साल पहले स्वीकृत हुई सड़क पर काम आज तक शुरू नहीं हुआ

पूरे देश में हाल ही में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया लेकिन उदांवा गांव के पांच सौ ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। गांव में किसी व्यक्ति के बीमार होने पर उसे डंडी कंडी के सहारे दस किलोमीटर की दूरी नापकर सड़क तक पहुंचाना पड़ता है। वक्त पर इलाज नहीं मिलने के चलते कई बार मरीज जान तक गंवा बैठते हैं। गांव में सरकारी सुविधा के नाम पर सिर्फ और सिर्फ एक प्राथमिक विद्यालय है। ग्राम प्रधान तारा देवी ने बताया कि वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने बुल्हाड़ दौरे के दौरान उदांवा तक सड़क निर्माण की घोषणा की थी। ग्रामीण मातवर सिंह और अतर सिंह ने बताया कि सर्वे के बाद वर्ष 2018 में सड़क निर्माण के लिए पहले चरण में 21 लाख रुपये जारी भी किए गए लेकिन वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण सड़क निर्माण आज तक शुरू नहीं हो पाया है।

# पीएम मोदी होंगे 'सफल' दक्षिण में खिलेगा 'कमल'

## ढाई महीने में 23 दिन यहीं गुजारे, तमिलनाडु के लगा चुके 6 चक्कर

### केरल, तेलंगाना, कर्नाटक और आंध्र में भी पूरा जोर लगा रहे हैं पीएम



चेन्नई (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी लगातार दक्षिण भारत के राज्यों में दिन गुजार रहे हैं। पिछले ढ़ाई महीने में 23 दिन वह केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और आंध्रप्रदेश घूमते रहे। अभी तक केरल के पांच और तमिलनाडु के 6 चक्कर लगा चुके हैं। आने वाले दिनों में वह फिर इन राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। पीएम मोदी की धुआंधार दक्षिण भारत यात्रा के कई मायने मतलब निकाले जा रहे हैं।

### आंध्र में टीडीपी से समझौता बीजेपी की सीटें बढ़ना तय है

तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश और केरल में भारतीय जनता पार्टी का खाता नहीं खुला था। क्षेत्रीय दलों ने 73 और कांग्रेस ने 30 सीटें जीत ली थीं। आंध्र में चंद्राबाबू नायडू के साथ समझौते के बाद बीजेपी 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी को उम्मीद है कि 2024 लोकसभा चुनाव में उसे 6–8 सीटों पर जीत मिल सकती है। केरल और तमिलनाडु में उम्मीद की किरणें दिख रही हैं।

### केरल की पांच सीटों पर नजर, बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

केरल में बीजेपी का ट्रैक रेकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। उसके लिए राहत की खबर यह रही कि बीजेपी का वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई। पिछले दो चुनावों में बीजेपी सिर्फ तिरुवनंतपुर सीट पर ही दूसरे नंबर पर रही। 2014 में 18 सीटों पर चुनाव लड़ने के बाद 10.5 फीसदी वोट मिले थे। 2019 में 15 सीट पर ताल ठोकने के बाद 13.3 फीसदी वोट मिले थे। 2021 के विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी को 14 प्रतिशत वोट मिले। इस बार पीएम मोदी ने अपनी रणनीति बदली है। वह 18 फीसदी वाले क्रिश्चिचन आबादी को साधने के लिए केरल यात्रा के दौरान विशप से मिले। मुसलमानों को जोड़ने के लिए निकाय चुनाव में 110 मुस्लिम कैंडीडेट उतारे। मजबूत दावेदारी के लिए अभिनेता सुरेश गोपी और मंत्री राजीव चंद्रशेखर को भी मैदान में उतारा है।

### छह बार तमिलनाडु में मेगा शो कर चुके हैं पीएम मोदी

तमिलनाडु में बीजेपी एआईडीएमके के साथ गठबंधन के साथ पांच सीटों पर चुनाव में उतरी और सभी सीटों पर नंबर दो रही। 2014 में 9 सीटों में एक सीट पर बीजेपी को जीत मिली थी, जबकि 3 सीटों पर नंबर टू रही थी। इस बार बीजेपी ने तमिलनाडु में पांच क्षेत्रीय दलों से समझौता किया है। तमिल मनीला कांग्रेस, अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम, इंडिया जनज्ञ काच्चि, न्यू जस्टिस पार्टी और तमिझा मक्कल मुनेत्र कड़गम बीजेपी के पांच नए दोस्त बने हैं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई की 100 दिनों की पदयात्रा और त्रिकोणीय मुकाबले से बीजेपी बड़ी जीत की तैयारी कर रही है। पीएम मोदी तमिलनाडु में छह बार चुनावी यात्रा कर इस वोट बैंक को मजबूत कर रहे हैं।

# पहले फोटो, अब 'ठाकरे' नाम चुरा रही बीजेपी

### भाई संग नजदीकी पर बरसे उद्धव; बोले-महाराष्ट्र में पीएम मोदी की लहर नहीं



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को केंद्र की सत्ताधारी भाजपा पर चुनाव जीतने के लिए एक 'ठाकरे' को चुराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उद्धव ठाकरे की यह टिप्पणी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच दिल्ली में हुई एक बैठक के मद्देनजर आयी है। उद्धव ठाकरे ने नांदेड़ जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि यदि भाजपा उनके चचेरे भाई को अपने साथ ले लेती है, तो इससे उन्हें कोई परेशान नहीं होगी। राज ठाकरे की दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात के बाद उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर निशाना साधा है। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब ऐसी चर्चा है कि भाजपा महाराष्ट्र में अपने गठबंधन को बढ़ाने के लिए लोकसभा चुनाव में राज ठाकरे की स्व्हस् के साथ गठबंधन करना चाहती है। उद्धव ने कहा, ''भाजपा अच्छी तरह से जानती है कि उसे महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट नहीं मिलने वाले हैं। लोग यहां (बाल) ठाकरे के नाम पर वोट करते हैं। इस अहसास ने भाजपा को बाहर (भाजपा) से नेताओं को चुराने की कोशिश करने के लिए प्रेरित किया है।'' उन्होंने भाजपा पर बाल ठाकरे की विरासत को हड़पने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने मराठवाड़ा क्षेत्र में कहा, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।

# तमिलनाडु के कुछ लोग कर्नाटक में लगाते हैं बम

- केंद्रीय मंत्री के बयान पर मच गया बवाल, अब मांगी माफी

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के लोगों को रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट से जोड़ने वाले बयान को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया। सीएम स्टालिन ने केंद्रीय मंत्री की टिप्पणियों की निंदा करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। वहीं करंदलजे ने पलटवार करते हुए



कहा कि स्टालिन तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। हालांकि, उन्होंने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांग ली। केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने कर्नाटक में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर मंगलवार को कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि तमिलनाडु के लोग राज्य में आकर बम लगाते हैं। बेंगलुरु में रविवार को अजान के दौरान हनुमान चालीसा बजाने पर एक व्यापारी को पीटने की घटना के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा किये गये प्रदर्शन के दौरान शोभा ने कांग्रेस सरकार पर वोट बैंक की राजनीति में शामिल होने और हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया। बेंगलुरु उत्तर से भाजपा उम्मीदवार ने यहां संवाददाताओं से कहा, कर्नाटक में कानून-व्यवस्था बेहद खराब हो गई है।

**बंगाल का संग्राम**

# ममता ने नहीं दिया साथ! कांग्रेस तलाश रही नया हाथ

## बंगाल में अकेली पड़ी कांग्रेस, अब सीपीएम से हो रही बात

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से गठबंधन की उम्मीद लगाए बैठी कांग्रेस अब आगे बढ़ती नजर आ रही है। खबर है कि पार्टी ने राज्य की 8 से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवार तय कर लिए हैं। हालांकि, इसे लेकर कांग्रेस की तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। संभावनाएं ये भी जताई जा रही हैं कि पार्टी लेफ्ट के साथ भी गठबंधन कर सकती है। हाल ही में एआईसी यानी ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की चार घंटे लंबी बैठक चली। इस बैठक के दौरान कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ और पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों को लेकर चर्चा हुई। कहा जा रहा है कि इस दौरान सबसे ज्यादा दिलचस्प पश्चिम बंगाल का मुद्दा रहा, क्योंकि यहां कांग्रेस लंबे समय से राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन की कोशिश कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस ने 8-10 सीटों पर उम्मीदवार तय कर लिए हैं। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया है कि बीते सप्ताह कांग्रेस और लेफ्ट में चर्चा भी हुई है। हालांकि, अब तक इस गठबंधन पर अंतिम मुहर नहीं लगी है, लेकिन इसकी संभावनाएं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सीपीएम कांग्रेस के लिए 12 सीटें छोड़ने को तैयार हो गई है। खबरें हैं कि चर्चा के दौरान उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और खासतौर से गांधी परिवार के गढ़ माने जाने वाले रायबरेली और अमेठी सीट को लेकर चर्चा नहीं हुई। पहले अटकलें थीं कि अमेठी से राहुल गांधी और रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा मैदान में उतर सकते हैं। अब तक कांग्रेस ने दोनों सीटों पर उम्मीदवार तय नहीं किए हैं।



# खत्म नहीं हो रही महुआ मोइत्रा की मुश्किलें

## लोकपाल ने सीबीआई से छह महीने में मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महुआ मोइत्रा के लिए मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब लोकपाल ने सीबीआई को आदेश दिया है कि वह फायदा पहुंचाने के मकसद से हुए कैश फॉर क्वेरी केस में महुआ के खिलाफ जांच करे। लोकपाल ने कहा कि भ्रष्टाचार एक बीमारी है और देश के हालात पर गलत असर डाल रहा है। गौरतलब है कि कैश फॉर क्वेरी मामले में महुआ मोइत्रा की सांसदी जा चुकी है। उनके ऊपर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने का आरोप था। लोकपाल ने कहा कि भ्रष्टाचार के चलते विधायी, प्रशासनिक, सामाजिक और आर्थिक कामकाज सभी विपरीत असर पड़ रहा है। सीबीआई से छह महीने में रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है। लोकपाल ने सीबीआई से यह भी कहा है कि वह शिकायत में लगाए गए सभी आरोपों की विभिन्न पहलुओं से जांच करे। इसके अलावा फाइनल रिपोर्ट से पहले जांच आगे बढ़ने के आधार पर हर महीने पीरियॉडिकल रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### नृत्य संगीत से सजा भूमिहार महिला समाज का होली मिलन



**धनबाद, एजेंसी।** भूमिहार महिला समाज की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन धैया स्थित आमंत्रण विवाह भवन में किया गया। समारोह की अध्यक्षता महिला भूमिहार समाज की अध्यक्ष कुमारी रत्नाकर ने की। समारोह में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। समाज की महिलाओं ने सांस्कृतिक नृत्य-संगीत की प्रस्तुति से मिलन समारोह को आकर्षक बनाया। इस मौके पर शास्त्रीय संगीत व नृत्य गीत की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा लोकनृत्य, लोकगीतों का आनंद लिया। फिल्मी गानों का भी महिलाओं ने खूब आनंद लिया। होली के गानों पर महिलाएं खूब झूमीं। गुलाल लगा कर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया।

### हिंदी को राष्ट्रीय भाषा घोषित करने की मांग

**धनबाद, एजेंसी।** हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद की बैठक बाघमारा के धारकिरो में हुई। अध्यक्षता नकुलचंद्र तिवारी ने की। मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखंड के अध्यक्ष सुरेशचंद्र तिवारी ने कहा कि पूरे देश में हिंदी परिषद के 19 राज्यों में करीब दस लाख व्यक्ति राष्ट्रभाषा के आंदोलन में जुड़ गए हैं। वहीं नकुल तिवारी ने कहा कि देश में राष्ट्रीय पशु है, पक्षी है, नदी है, गान है, लेकिन राष्ट्रीय भाषा नहीं है। मौके पर लाडू गोपाल तिवारी, भानु शंकर तिवारी, काजल तिवारी, मंजू तिवारी, अवनी कुमार तिवारी, जीवन चौबे, कार्तिक तिवारी, सूर्य नारायण तिवारी, सुशील कुमार तिवारी उपस्थित थे।

### होली में खपाने के लिए तैयार की गई 96 पेटी मिलावटी शराब जब्त



**धनबाद, एजेंसी।** चांदमारी के अनुग्रह नगर के पास उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में मिलावटी शराब जब्त की है। गुप्त सूचना पर उत्पाद विभाग की टीम मंगलवार को धनसार थाना अंतर्गत चांदमारी अनुग्रह नगर पहुंची। यहां मनोज साहू के मकान में मिलावटी शराब की पैकेजिंग का खेल चल रहा था। टीम के पहुंचते ही वहां काम कर रहे सभी लोग मौके से फरार हो गए। उत्पाद विभाग के कर्मियों ने पूरे मकान से पेटी में पैक की हुई 96 पेटी शराब जब्त कर ली। मौके से शराब बनाने व पैकिंग करने की कई सामग्री जब्त की गई। झारखंड सरकार का रैपर व लोगो को जब्त किया गया। मौके से शराब की कई बोतलें भी बरामद की गई। सभी शराब नाइट गर्ल के ब्रांड के नाम से रैपर की गई थी। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह शराब लोकल स्तर पर होली में खपाने की तैयारी थी जबकि अधिकांश शराब की खेप को बिहार भेजा जाना था। इस संबंध में उत्पाद आयुक्त संजय मेहता ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम ने उक्त स्थल पर छापेमारी कर भारी मात्रा में 96 पेटी शराब जब्त की, जिसमें मेड इन अरुणाचल प्रदेश लिखा है। कहा कि प्रथमदृष्टया शराब मिलावटी प्रतीत हो रही है, लेकिन शराब असली फिर भी यह शराब झारखंड में प्रतिबंधित है। मिलावटी शराब की बिक्री और संचालन अप्पू सिंह नामक व्यक्ति करता कर रहा था। फिलहाल वह फरार है। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### मतदाता जागरूकता होर्डिंग लगाने के दौरान तार के चपेट में आने से युवक की मौत

**गुमला, एजेंसी।** जिला मुख्यालय स्थित कचहरी परिसर के समीप कल्याण विभाग के सामने मतदाता जागरूकता होर्डिंग लगाने के दौरान 11 हजार वोल्ट के तार के चपेट में आने से 22 वर्षीय अशोक कुमार साहू उर्फ छोटू की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक लक्ष्मण नगर निवासी था। यह घटना मंगलवार दिन के करीब दो बजे की है। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगो का हुजूम घटना स्थल पर उमड़ पड़ी। तत्काल स्थानीय लोगो की मदद से अशोक को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार अशोक उर्फ छोटू कार्तिक उरांव कॉलेज का स्नातक फाइनल सेमेस्टर का छात्र था। जो पार्ट टाइम जॉब कर अपनी पढ़ाई करता था। फिलहाल गुरु कृपा में फलैक्स लगाने का काम करता था। साथ ही कभी वाहन चलाने का भी काम कर लिया करता था। आज गुरू कृपा द्वारा चुनाव की तिथि प्रकाशित होने के बाद पहले लगे होर्डिंग को हटा कर चुनावी जागरूकता संबंधी होर्डिंग लगाया जा रहा था। इसी क्रम में कहचरी परिसर के समीप कल्याण विभाग के सामने होर्डिंग लगाया जाना था। अशोक लोहे के बने होर्डिंग पर फलैक्स लगा रहा था। तभी होर्डिंग के ऊपर से 11 हजार वोल्ट का तार क्रॉस किया हुआ था। घटना के बाद सदर अस्पताल परिसर में अशोक के परिजन व रिश्तेदारों का काफी भीड़ उमड़ पड़ी। सभी लोग मायूस दिखे।

# राज्य की दुर्दशा व अपनी उपेक्षा से सीता ने झामुमो छोड़ा : मरांडी

**रांची, एजेंसी।** झामुमो विधायक व सोरेन परिवार की बड़ी बहू के पार्टी से इस्तीफा और भाजपा में शामिल होने के बाद झारखंड की सियासत में महाभारत देखने को मिल रहा है। भाजपा और झामुमो फिर से आमने-सामने आ गए हैं। एक ओर झामुमो ने नाराजगी जताते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है तो भाजपा ने सीता के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए उनका स्वागत किया है। दोनों ओर से सीता सोरेन के पत्र पर बयानों की बाजीगरी की जा रही है। झामुमो छोड़ भाजपा में आने के सीता सोरेन के फैसले का झारखंड भाजपा ने स्वागत किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झामुमो छोड़ने के फैसले पर सीता सोरेन ने अपने ससुर झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के नाम जो मार्मिक पत्र लिखा है, उसमें उनका दर्द साफ झलक रहा है। सीता सोरेन अपनी पार्टी और परिवार के सदस्यों से वर्षों से प्रताड़ित थीं। अपमान सहने की भी एक सीमा होती है।

सीता सोरेन शिबू सोरेन की बड़ी बहू और स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। दुर्गा सोरेन ने छाया की तरह झारखंड आंदोलन में गुरुजी का साथ दिया। यदि दुर्गा सोरेन जीवित होते तो झामुमो में मुख्यमंत्री के उम्मीदवार होते। लेकिन सीता सोरेन की पीड़ा यही है कि दुर्गा सोरेन के संघर्ष को



भुला दिया गया। जिन्होंने कोई संघर्ष नहीं किया वे शीर्ष पर पहुंच रहे। इसलिए सीता सोरेन की नाराजगी स्वाभाविक है। सीता सोरेन के पार्टी में आने से भाजपा और मजबूत होगी। बाउरी बोले-हेमंत सरकार में भी भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर थीं सीता नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में रहते हुए भी सीता सोरेन ने भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा प्रमुखता से अपनी बात रखी। सोरेन परिवार की बहू होने के बावजूद भी उन्हें पार्टी और परिवार में नजरअंदाज किया जाता रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीति से प्रभावित होकर सीता सोरेन ने भाजपा परिवार का हिस्सा बनने का फैसला लिया। झारखंड की इस सरकार का काउंटडाउन शुरू हो गया है।

**परिवार की मुख्यधारा से निकलने वालों का हश्र सभी ने देखा है-सुप्रियो :** सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद झामुमो ने कहा है कि परिवार की मुख्यधारा से निकलने वालों का हश्र सभी ने देखा है। सपा नेता शिवपाल कहां हैं? आज राजद नेता साधु यादव किस हाशिए पर हैं? कल चुनाव बाद महाराष्ट्र में अजित पवार का क्या होगा? इंदिरा गांधी के दूसरे बेटे संजय गांधी के परिवार के लोग भाजपा में आज किस स्थिति में हैं?

पार्टी नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह आकर्षण थोड़ी देर के लिए काफी अच्छा लगता है, लेकिन राजनीतिक कार्यकर्ता के नाते उनका मानना है कि ऐसे अल्पकालिक आकर्षण को त्याग कर दीर्घकालिक सोच रखनी चाहिए। अल्पकालिक आकर्षण ही भ्रष्टाचार को नए सिरे से जन्म देता है। सुप्रियो ने यह भी कहा कि एक समर्पित कार्यकर्ता का पार्टी छोड़ना पार्टी हित में नहीं है। हमारी शुभकामना है कि वह जहां गई हैं, वहां उन्हें सफलता मिले। लेकिन यह सच्चाई भी है कि संताल परगना के कई वरिष्ठ नेता गुरुजी का साथ छोड़ चुके हैं। एक बार पीछे की कुछ बातों को याद रखना चाहिए। हालांकि उन्होंने किसी व्यक्ति का नाम नहीं लिया। पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को मीडिया से बातचीत में सुप्रियो ने कहा, हाल में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जो स्थिति बनी थी, उसी समय हमारे समक्ष ये बातें आ गई थीं। भाजपा पर हमला बोलते हुए झामुमो नेता ने कहा, ईडी, सीबीआई की मदद से राजनीतिक कार्यकर्ता को अपने पास लाओ और कॉरपोरेट सेक्टर से चंदा लो। आज भाजपा में भाजपा के ही अपने लोग नहीं हैं। अब भाजपा के कार्यकर्ता जनसंघी खतियान की बात करने लगे हैं। बहुसंख्यक लोग तो पिछले दस वर्षों में बाहर से ही आए हैं।

चुनावी नतीजों पर कोई असर नहीं होगा सीता सोरेन के भाजपा में जाने के बाद लोकसभा चुनाव में असर पड़ने के सवाल पर कहा, उनका अपना व्यक्तिगत वोट दुमका लोकसभा चुनाव में है। वे दुमका क्षेत्र से वोटर हैं। वह एक वोट तो जरूर कम होगा। उनका जाना चुनावी नतीजों पर कोई असर नहीं छोड़ेगा। सोरेन परिवार व पार्टी शीर्ष नेतृत्व पर लगाए आरोपों के सवाल पर कहा, सीता सोरेन को हमारे कार्यकर्ताओं ने न केवल जामा से तीन बार जीत दिलाई, बल्कि उनके नेतृत्व और सांगठनिक क्षमता को देखते हुए कार्यसमिति का सदस्य और महासचिव तक बनाया गया। उन्होंने कहा, हर कोई हेमंत सोरेन नहीं हो सकता। जीवन में संघर्ष एक बड़ी पूंजी होती है। यह पूंजी दुर्गा सोरेन के पास थी।

## प्रमोशन में रिजर्वेशन पर हाई कोर्ट का स्टे, झारखंड सरकार को दिया आदेश




**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ ने मंगलवार को प्रमोशन में आरक्षण के खिलाफ दायर एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया। खंडपीठ ने कहा है कि जब तक सुप्रीम कोर्ट के जरनैल सिंह जजमेंट 1 व 2 और एम नागराज के केस में दिए गए दिशा-निर्देश के आलोक में नयी नियमावली नहीं बनती, तब तक झारखंड सरकार आरक्षण नहीं दे सकती। प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि झारखंड सरकार का 31 मार्च 2003 का संकल्प गलत है, क्योंकि इसमें सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया है। इसके बाद अदालत ने 2003 से लंबित इस याचिका को निष्पादित कर दिया। अदालत ने कहा कि झारखंड सरकार का 31 मार्च 2003 का रिजोल्यूशन तब तक प्रभावी नहीं होगा, जब तक नियमावली, गाइडलाइन, एग्जिक्यूटिव इंस्ट्रक्शन सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के आलोक में नहीं बनाए जाते। साल 2003 में सड़क निर्माण विभाग में पदस्थापित एसटी-एसटी कैटेगरी के जेई को असिस्टेंट इंजीनियर में सरकार ने प्रमोशन दिया था।

**22 तक किया जाएगा छात्रवृत्ति योजना के लिए पंजीकरण : जमशेदपुर, एजेंसी।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिए झारखंड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के लिए पूर्व से निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए विस्तारित किया गया है।

## लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में 28197 युवा वोटर पहली लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेंगे

**गुमला, एजेंसी।** अजजा आरक्षित लोहरदगा संसदीय सीट में लोक सभा चुनाव -2024 में पहली बार 28197 वोटर पहली बार लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेंगे। जिनकी आयु 18-19 वर्ष की है। वहीं इस संसदीय क्षेत्र में 80 वर्ष से अधिक आयु के वोटरों की संख्या 10632 है। जिसमें से 90-99 वर्ष के वोटर 1597 व 100-109 वर्ष के 38 वोटर भी शामिल हैं। जो इस बार अपने घर से भी मतदान कर सकेंगे। प्रशासन ने 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वोटरों को अपना प्राउड वोटर मान रही है। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में कुल वोटरों की संख्या 1427022 है। जिसमे सर्वाधिक वोटर युवा है। जिनकी कुल संख्या 4244306 है। जो 18 साल से लेकर 39वर्ष के है। जो चुनाव परिणाम को प्रभावित करने में पूरी तरह सक्षम है। यही वजह है कि सभी राजनीतिक अपने चुनाव प्रचार के दौरान युवा वोटरों को लुभाने का प्रयास करेंगे। अजजा आरक्षित इस संसदीय सीट में कुल पांच विधान सभा क्षेत्र है। जिनमें गुमला, लोहरदगा, मांडर ,सिसई व विशुनपुर शामिल है। इन पांच विधान सभा क्षेत्रो में चार विधान सभा क्षेत्र माओवादियो से प्रभावित रहे हैं। पांच विधान सभा क्षेत्रो में से तीन पर जेएमएम और दो विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस का कब्जा है।

# चेन छीनने वाले कोढ़ा गैंग का सरगना सनी गिरफ्तार, कई सोने की चेन बरामद

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में महिलाओं से सोने की चेन छिनतई बिहार का कोढा गिरोह कर रहा था। मामले में रांची पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की। कोढ़ा गिरोह के झारखंड का सरगना सनी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार सरगना के पास से महिलाओं से स्नैच किए गए कई सोने की चेन बरामद हुए हैं।

रांची में हाल के दिनों में महिलाओं के खिलाफ चेन स्नैचिंग की वारदातों को लगातार अंजाम दिया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा खुद मामले की मॉनिटरिंग में लगे हुए थे। इसी दौरान एसएसपी को जानकारी मिली कि जिस बाइक का इस्तेमाल छिनतई की वारदातों में हुआ है, वे सभी चोरी के हैं।

**खुजली वाला पाउडर मिला :** एसएसपी ने बताया कि छिनतई की वारदातों को अंजाम देने के लिए कोढा गिरोह पहले बाइक की चोरी करता था। अपराधी के पास से खुजली वाला पाउडर भी मिला है। यह गिरोह खुजली वाले



पाउडर का भी इस्तेमाल करता था।

**इस तरह धराया सरगना :** एसएसपी ने मंगलवार को पूरे रांची में सघन ऐंटी क्राइम चेकिंग अभियान शुरू किया। बरियातू थाना क्षेत्र के हरिहर सिंह रोड में एक बाइक पर सवार दो लोग जांच करती पुलिस को देखकर रास्ता बदलने लगे। पुलिस जब बाइक सवारों की तरफ बढ़ी तो पीछे बैठा व्यक्ति बाइक से उतरकर फरार हो गया। भाग रहे बाइक सवारों में एक को बरियातू पुलिस ने धर दबोचा। जांच के क्रम में गिरफ्तार व्यक्ति कोढा गिरोह का सरगना सन्नी निकला। बरामद चेन सदर चुटिया व बरियातू से छीनी गई थी एसएसपी ने बताया कि सन्नी बिहार के कटिहार के कोढा गिरोह का सरगना है, जो रामगढ़ के भरकुंडा में किराए के मकान में डेरा जमाए हुए था। ये हर दिन रांची आता था और चेन छीनकर चला जाता था। दो सदस्य राहुल और सुबोध फरार हैं। बताया कि पुलिस को बरियातू, सदर और चुटिया इलाके से महिलाओं से छीने गए पांच चेन मिले हैं।

## रांची में बैठकर यूके और ऑस्ट्रेलिया में ठगी, 3 लाख विदेशी नागरिकों को बनाया शिकार; सरगना गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा हरमू रोड के किशोरगंज से पकड़े गए साइबर अपराधी स्वयं को आस्ट्रेलियन टेलीक्म्यूनिकेशन कंपनी और ब्रिटिश टेलीकॉम के अधिकारी बनकर विदेशी नागरिकों से ठगी करते थे। ठग इंटरनेट स्पीड को निर्धारित करने और अद्यतन करने के नाम पर विदेशी नागरिकों को कॉल करते थे एवं अवैध गतिविधि पाए जाने का झांसा देकर नागरिकों को प्रताड़ना ई-मेल भेजते थे और विदेशी खाता से पैसे विभिन्न विदेशी वॉलेट पर हस्तांतरित कर देते थे। इसके लिए इन लोगों ने यूके और आस्ट्रेलिया के तीन लाख से अधिक नागरिकों का व्यक्तिगत डेटा का उपयोग किया था। इसमें उनके फोन नंबर, नाम, पता, शहर, देश का पोस्ट कोड और एज ब्रेकेट शामिल है। सीआइडी की ओर से मंगलवार को सिटी कंट्रोल रूम परिसर में पत्रकारों को यह जानकारी दी गई। बताया गया कि टीम ने ठगी के मामले में दो मुख्य संचालक चुटिया के द्वारिकापुरी के रविकांत एवं गोड्डा जिला के चित्तरकोठी के मो एकरामुल अंसारी को गिरफ्तार किया है। इनके द्वारा संचालित कॉल सेंटर से पांच



लैपटॉप, 27 कम्प्यूटर, चार पेन ड्राइव, सात मोबाइल, कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी, नियुक्ति पत्र और पांच क्रेडिट कार्ड बरामद किया था। बताया गया कि यह गिरोह पूर्व में रांची में ही कॉल सेंटर चलाता था। इसके बाद कॉल सेंटर को गोरखपुर से संचालित किया जा रहा था। वहां पर गिरफ्तारी के बाद जमानत पर बाहर निकले साइबर ठग कादिर अंसरी, मो एकरामुल अंसारी ने फिर से रांची में गौरव गुप्ता, विकास सलोनी, वसीम एवं रविकांत के साथ मिलकर पिछले एक साल से विदेशी नागरिकों से धोखाधड़ी कर रहे थे। इधर सीआइडी की टीम ने छापामारी के बाद वहां काम करने वाले कर्मचारियों का सत्यापन किया एवं उनके बयान लिए गए।

**एक्सएलआरआई ने मैवकॉम कंसल्टिंग के साथ किया एमओयू : जमशेदपुर, एजेंसी।** एक्सएलआरआई दिल्ली-एनसीआर ने एक प्रसिद्ध संचार परामर्श फर्म मैवकॉम कंसल्टिंग के साथ अपने सहयोग (एमओयू) की घोषणा की है। गौ़रतलब हो कि एक्सएलआरआई दिल्ली-एनसीआर शिक्षा में उत्कृष्टता की परंपरा को कायम रखता है, जहां पीजीडीएम-बीएम जैसे प्रमुख कार्यक्रमों को संचालित किया जाता है। एक्सएलआरआई, जमशेदपुर, एक्सएलआरआई-दिल्ली एनसीआर में मैनेजमेंट के क्षेत्र में विद्वानों की विशिष्टता, अग्रणी विचार और प्रभावी प्रशासन की समृद्ध विरासत को जारी रख रहा है। इसी कड़ी में अब एक्सएलआरआई की समृद्ध विरासत के साथ, मावकॉम अपनी संचार आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक्सएलआरआई में अनुभव और विशेषज्ञता उपलब्ध कराएगा।

## फैकल्टी की कमी पर एसएनएमएमसीएच से मांगा स्पष्टीकरण

**धनबाद।** एसएनएमएमसीएच में पीजी की पढ़ाई शुरू करने की जद्दोजहद कर रहे मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) ने बड़ा झटका दिया है। पीजी की अनुमति की बजाय मेडिकल कॉलेज में बढ़ रही फैकल्टी की कमी को गंभीरता से लेते हुए एनएमसी ने प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही पीजी के लिए नए सिरे से आवेदन करने का निर्देश दिया है।

बता दें कि धनबाद मेडिकल कॉलेज एसएनएमएमसीएच ने पीजी के लिए आवेदन किया था। सात विषय मेडिसिन, सर्जरी, ऑर्थो, एनेस्थिसिया, स्त्री एपं प्रसूति रोग विभाग, बायोकेमिस्ट्री और पैथोलॉजी के लिए पीजी की मांग की जा रही थी। आवेदन के साथ प्रति विषय पांच लाख रुपए के हिसाब से 35 लाख रुपए इंस्पेशन फी भी भेजी गई थी। बीबीएमकेयू से यहां 45 सीट पर पीजी शुरू करने के लिए हरी झंडी भी मिल गई थी। इसमें मेडिसिन को 7, सर्जरी को 12, ऑर्थो को 4, एनेस्थिसिया को 7, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग को 7, बायोकेमिस्ट्री को 2 और पैथोलॉजी को 6 सीट मिलने की उम्मीद थी। अंतिम मुहर एनएमसी को लगानी थी। संभावना जताई जा रही थी कि एनएमसी की टीम मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर आगे की प्रक्रिया पूरी करेगी। इसी बीच यहां फैकल्टी की कमी बढ़ गई। आवेदन के समय यहां फैकल्टी की कमी 29-30 प्रतिशत थी। अब यह बढ़कर 34 प्रतिशत हो गई है। इस पर एनएमसी ने पीजी की अनुपति देने के बजाय मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को स्पष्टीकरण कर दिया है। एनएमसी के इस स्पष्टीकरण से यहां पीजी की पढ़ाई की अनुमति की उम्मीद काफी कम हो गई है।

कई विभागों में सीनियर डॉक्टर का संकट पीजी की अनुमति के लिए विभागों में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की कम से कम एक यूनिट बनना जरूरी होती है। एनेस्थिसिया, पैथोलॉजी आदि विभागों के प्रोफेसर पीजी के लिए आवेदन किए जाने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। अब इन विभागों में प्रोफेसर नहीं बचे। कई विभागों में एसोसिएट और असिस्टेंट प्रोफेसर के पद भी रिक्त पड़े हैं। अप्रैल में गायनी भी प्रोफेसर विहीन अप्रैल में इस मेडिकल कॉलेज अस्पताल को एक और झटका लगने वाला है। इस अस्पताल का स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग भी प्रोफेसर विहीन हो जाएगा। इस विभाग में एकमात्र प्रोफेसर डॉ प्रतिभा राय करार पर कार्यरत हैं। इनका करार इसी महीने समाप्त हो जाएगा और इस विभाग में भी कोई प्रोफेसर नहीं बचेगा।

## ठंड, बारिश के बाद अब झारखंड में भीषण गर्मी का अलर्ट, सरकार ने जारी की एडवाइजरी

**रांची , एजेंसी।** दो दिनों से हो रही बारिश के बीच राज्य में पड़ने वाली भीषण गर्मी से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को एडवायजरी जारी की है। केंद्र सरकार की हिदायत के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने सभी जिलों के सिविल सर्जनों को अलर्ट किया है।

हीट स्ट्रोक के संभावित मरीजों की समय पर पहचान व उपचार की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। जिले के अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए डेडिकेटेड बेड की व्यवस्था करने को कहा। इमरजेंसी कॉल के लिए जिला व प्रखंड स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन करने कहा। डेडिकेटेड हीट स्ट्रोक रूम को अलग से चिन्हित करते हुए वहां आईस पैक, ठंडा पानी, कुलर, ओआरएस पैकेट एवं एंटी डायरियल ड्रग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

एमडी ने जोखिम (पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं बुजूर्ग) वाले मरीजों के लिए आउटरिच क्लिनिक की व्यवस्था करने के साथ ही अस्पतालों में ओपीडी एवं इनडोर में ठंडा पानी, ठंडी हवा, ओआरएस के साथ ही बैठने का इंतजाम भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हीट रिलेटेड इलनेस (एचआरआई) के मरीजों की सतत निगरानी के लिए सभी जिलों के अस्पतालों से दैनिक प्रतिवेदन मांगा है।



सभी जिलों के सीएस को मार्च से जुलाई तक रोज अद्यतन प्रतिवेदन पोर्टल के साथ साथ एनपीसीसीएचएच कोषांग के ई-मेल पर देना है।

पर्याप्त उपचार के बाद ही रेफर कर सकेंगे सीएचसी अभियान निदेशक ने स्पष्ट कहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से हीट रिलेटेड इलनेस के मरीजों को पर्याप्त उपचार सुनिश्चित करने के बाद ही रेफर किया जाएगा। सीएचसी अपने जिला अस्पताल से समन्वय बनाएंगे एवं अधिक संख्या में मरीजों के रेफर करने पर उसकी अग्रिम सूचना जिला अस्पताल को देंगे।

सिविल सर्जनों को ये निर्देश सदर व सीएचसी में पर्याप्त स्टाफ, आईवी फ्लूड, ओआरएस सहित आवश्यक दवा व उपकरणों की व्यवस्था करें जिला एवं प्रखंड स्तर पर आपातकालीन (एक्सिजेंसी कॉल) रैपिड रेस्पांस टीम का गठन करें। प्राथमिक उपचार कक्ष में ओआरएस कॉर्नर बनाएं और ओपीडी मरीजों के लू के लक्षणों की जांच की जाए। त्वरित पहचान के लिए स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल का अनुपालन इमरजेंसी में करें। वार्ड और ओपीडी में मरीजों के लिए वाटर कूलर व एयरकूलर की व्यवस्था की जाए। सीएचसी द्वारा आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाएं। वार्ड और ओपीडी में मरीजों के लिए वाटर कूलर व एयरकूलर की व्यवस्था की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल में पढ़ने गए मासूम की तालाब में डूबकर मौत, इंटरवल में शौच के लिए निकला था बाहर

**जौनपुर , एजेंसी।** स्कूल में इंटरवल होने पर शौच के लिए निकले कक्षा दो के छात्र की तालाब में डूबने से मौत हो गई। हैरान करने वाली बात तो ये है कि विद्यालय में तैनात शिक्षकों व कर्मचारियों को छात्र के बाहर निकलने की जानकारी तक नहीं हुई। मामला पंवारा थाना क्षेत्र के बामी स्थित कंपोजिट विद्यालय का है। पुलिस ने मृत छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। बामी गांव निवासी शशिकांत तिवारी (07) पुत्र मिथिलेश तिवारी कक्षा दो का छात्र था। रोजाना की तरह घर से विद्यालय के लिए निकला। विद्यालय में पहुंचकर पठन-पाठन भी किया। इंटरवल के बाद वह विद्यालय से करीब 700 मीटर दूर तालाब में पहुंच गया। बताया जा रहा है वह शौच करने गया था। इस दौरान पैर फिसलने से वह तालाब में डूब गया। लंच के बाद विद्यालय में छात्र के न दिखाई देने पर पता किया जाने लगा तो वह विद्यालय में नहीं दिखाई दिया। मासूम छात्र के जानकारी के लिए छात्र के परिजनों को सूचित किया गया किंतु वह घर पर मौजूद नहीं रहा। इसके बाद छात्र की खोजबीन की जाने लगी। इसी बीच तालाब के पास छात्र की डूबने से मौत होने की जानकारी हुई। जिसकी सूचना मिलते ही परिजनों समेत आसपास के लोगों में कोहराम मच गया। इस बाबत पंवारा थानाध्यक्ष राज नारायन चौरसिया ने बताया कि छात्र की तालाब में डूबने से मौत हुई है। चाचा विमलेश तिवारी की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### गाजीपुर में आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत, मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट

**गाजीपुर , एजेंसी।** गाजीपुर जिले में मौसम का मिजाज बदल गया है। सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं। आपदा विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए बताया है कि जिला रेड जोन में है। मुहम्मदाबाद, कासिमाबाद, सैदपुर, जखनिया और सदर तहसील क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने की संभावना तजाई गई है। बुधवार की सुबह से से जिलेभर में बारिश हो रही है। बारिश से फसलों के साथ ही लोगों को भी क्षति पहुंच रही है।

सुबह बारिश के साथ भांवरकोल थाना क्षेत्र के शेरपुर डेरा में आकाशीय बिजली गिरी। जिससे खेत से घर जा रही गांव निवासी लालपरी (50) आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। इसके बाद उसकी मौत हो गई।

### नोएडा प्राधिकरण घोटाले में लगी तारीख

**गाजियाबाद , एजेंसी।** नोएडा प्राधिकरण के टेंडर घोटाले मामले में मंगलवार को सीबीआई अदालत में सुनवाई टल गई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 22 मार्च की तारीख लगाई है। सीबीआई के लोक अभियोजक ने बताया कि वर्ष 2011 में नोएडा टेंडर घोटाला हुआ था। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने घोटाले की जांच की थी। इसमें पता चला था कि प्राधिकरण के तत्कालीन मुख्य अभियंता यादव सिंह ने अपनी चहेती फर्मों से पहले काम करवा लिया था, उसके बाद निविदा आमंत्रित की थी। जांच में पता चला कि इसमें करोड़ों रुपये का घोटाला होना पाया गया। इस मामले में सीबीआई ने यादव सिंह समेत 11 लोग और तीन फर्मों को आरोपी बनाते हुए अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दी थी। तभी से मामले की सुनवाई विशेष सीबीआई कोर्ट में विचाराधीन है।

### जननी सुरक्षा योजना का लाभ 1568 प्रसूताओं को नहीं मिला

**कन्नौज , एजेंसी।** केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी जननी सुरक्षा योजना का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का दावा हवाहवाई है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रसूताओं को प्रोत्साहन राशि देने के लिए चलाई जा रही योजना प्रसूताओं को मुंह चिढ़ा रही है। लापरवाही के कारण जिले की 1568 प्रसूताओं को भुगतान के लिए विभाग और बैंक के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराने पर प्रसूताओं को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यह धनराशि सीधे प्रसूताओं के बैंक खाते में भेजी जाती है।

# केस्को का सिस्टम हाईटेक पर स्टाफ नहीं, काम फंसे... राजस्व भी गिरा

## रोजाना पांच हजार शिकायतें

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में केस्को का ऑनलाइन सिस्टम हाईटेक जरूर हो गया है, लेकिन स्टाफ अभी इससे पूरी तरह से वाकिफ नहीं हुआ है। लॉगइन करने से लेकर पासवर्ड डालने तक में समस्या आ रही है। इससे उपभोक्ताओं के काम नहीं हो पा रहे हैं और वे चक्कर लगाने को मजबूर हैं। केस्को के कंट्रोल रूम, एक्सईएन और अन्य अधिकारियों के पास रोजाना करीब पांच हजार शिकायती कॉल आ रही हैं।




इतना ही नहीं सिस्टम न चल पाने की वजह से राजस्व में भी भारी गिरावट आई है। बिलों के भुगतान से एक दिन में डेढ़ करोड़ रुपये के आसपास राजस्व आ रहा है। आमदिनों में साढ़े चार से पांच करोड़ रुपये आते थे। केस्को ने ऑनलाइन बिलिंग प्रणाली को अपग्रेड किया है। इस वजह से 22 फरवरी से 14 मार्च तक बिलिंग, बिल संशोधन, नया कनेक्शन, मीटर बदलना, नाम परिवर्तन, भार वृद्धि आदि के कार्य प्रभावित रहे।

14 मार्च की शाम से सिस्टम चालू हो गया। पहले दिन तो उपभोक्ताओं को जानकारी नहीं थी। 15 मार्च से काम शुरू हुआ तो कुछ समस्याएं पेश आने लगीं। केस्को के अधिकारियों के मुताबिक बिलिंग सिस्टम की तकनीक का उच्चीकरण स्टैंडर्ड मानकों के आधार पर हुआ है। यह व्यवस्था न सिर्फ भारत बल्कि कई देश अपना रहे हैं। इसमें अमेरिका की नामी कंपनी का सॉफ्टवेयर का उपयोग हुआ है, जिसके चलाने पर कई तरह के सुरक्षा कारणों का पालन करना पड़ता है।

**काउंटरों के ऑपरेटरों को दी जा रही है ऑनलाइन जानकारी:** केस्को ने सिस्टम को चालू करने से पहले टेस्टिंग की और स्टाफ को प्रशिक्षण दिया। फिर भी संचालन में समस्या आ रही है। केस्को के सभी खंड के एक्सईएन, जेईई और अन्य स्टाफ कर्मी फर्म और कंपनियों के बड़े बिल के भुगतान में सहयोग कर रहे हैं। केस्को काउंटरों के ऑपरेटरों को ऑनलाइन जानकारी दी जा रही है। केस्को के अधिकारियों के मुताबिक सिस्टम में किसी तरह की कोई तकनीकी दिक्कत नहीं है। अभी इसको चलाने में स्टाफ को दिक्कतें आ रही हैं। होली बाद ठीक से काम करने लगेगा।

**उपभोक्ताओं के अकाउंट नंबर बदले:** सिस्टम के अपग्रेड होने से उपभोक्ताओं के अकाउंट नंबर भी बदल गए हैं। उनके बारे में मीटर रीडर घर-घर आकर बताएंगे। उपभोक्ता यूपीपीसीएल के पोर्टल के माध्यम से भी जानकारी कर सकते हैं। वेबसाइट में नो योर अकाउंट नंबर का ऑप्शन चुनना पड़ेगा। अभी सिस्टम के संबंध में मीटर रीडर भी प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनका सिस्टम भी अपग्रेड हुआ है।

**इन कामों में आ रही दिक्कत:** बिलिंग, बिल संशोधन, नया कनेक्शन, मीटर बदलना, नाम परिवर्तन, भार वृद्धि समेत अन्य कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं। बड़े बकायदारों और तीन माह से अधिक के बिल का भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन नहीं काटे जाएंगे। केस्को उनके लिए व्यवस्था करने जा रहा है।

**1.27 लाख उपभोक्ताओं के बन चुके बिल:** शहर में केस्को के करीब सात लाख उपभोक्ता हैं, जिनमें से 1.5 लाख के यहां प्रीपेड मीटर लगे हैं। नई बिलिंग प्रणाली चालू होने के बाद मीटर रीडर घर-घर जाकर बिल बना रहे हैं। उन्हें उपभोक्ताओं के मीटर या फिर गेट के पास नया अकाउंट नंबर लिखने के लिए निर्देशित किया गया है। अब तक 1.27 लाख उपभोक्ताओं के बिल बन चुके हैं। बिल बनने के बाद उपभोक्ता कैश काउंटर पर जाकर जमा कर सकते हैं।

## पुलिस से घिरता देख बदमाशों ने टीम पर की फायरिंग, डी-87 गैंग के सरगना समेत दो गिरफ्तार

**आजमगढ़ , एजेंसी।** आजमगढ़ जिले के बिलरियागंज थाना पुलिस की बुधवार की भोर में अपराधियों से मूठभेड़ हो गई। इस घटना में डी-87 गैंग का मुखिया जहां पुलिस की गोली से घायल हो गया वहीं दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अपराधी शातिर गोतस्कर है। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके से पुलिस ने एक बाइक, तमंचा कारतूस व अपराधियों के पास से 850 रुपये नकद बरामद किया है।

**यह है पूरा मामला :** एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि बिलरियागंज पुलिस बुधवार की भोर में नसीरपुर मोड़ पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शातिर अपराधी व गोतस्कर मोहम्मदान की तरफ से नसीरपुर की तरफ आने वाला है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने नसीरपुर मोहम्मदपुर रोड पर बिलरियागंज मोड़ के पास घेराबंदी कर बदमाशों के आने का इंतजार कर रही थी।

कुछ ही देर में एक बाइक सवार दो बदमाश आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी तो दूसरे को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।

घायल बदमाश की पहचान डी-87 गैंग के मुखिया नौशाद निवासी मोहम्मदपुर थाना बिलरियागंज के रूप में की गई। उसे तत्काल जिला अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया। वहीं पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम शहनवाज निवासी नसीरुपुर थाना बिलरियागंज बताया। इनके पास से पुलिस ने बाइक, तमंचा-कारतूस व 850 रुपये नकद बरामद किया है।

एएसपी चिराग जैन ने बताया कि पुलिस की गोली से घायल नौशाद डी-87 गैंग का लीडर है और उस पर 15 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इतना ही नहीं वह थाने का टापटेन हिस्ट्रीशीटर अपराधी है।

## बिजनौर लोकसभा सीट: मैदान में तीन योद्धा, चंदन चौहान को विरासत तो विजेंद्र सिंह के सामने साख बचाने की चुनौती

**बिजनौर , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। बिजनौर लोकसभा सीट के चुनावी दंगल में अब तक मुख्य रूप से तीन योद्धा ही नजर आ रहे हैं। इनमें से भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी चंदन चौहान के सामने अपनी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की, वहीं बसपा से टिकट पाने वाले चौधरी विजेंद्र सिंह के सामने साख बनाने की चुनौती रहेगी। सपा के प्रत्याशी पूर्व सांसद यशवीर सिंह धोबी इस बार बिजनौर में अपनी किस्मत आजमाने को मैदान में उतरे हैं।



चुनावी मैदान में भाजपा-रालोद गठबंधन से चंदन चौहान, सपा से पूर्व सांसद यशवीर धोबी, बसपा से चौधरी विजेंद्र सिंह ताल ठोक रहे हैं। हालांकि नामांकन तक इसी सीट पर प्रत्याशियों की संख्या बढ़ जाएगी। चंदन चौहान के सामने अपने पिता और दादा की विरासत को आगे बढ़ाने की चुनौती है।

**उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं चंदन चौहान के दादा:** चंदन चौहान के दादा चौधरी नारायण सिंह आपातकाल के बाद 1977 में मुख्यमंत्री बाबू बनारसीदास की सरकार में उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं। इसके बाद नारायण सिंह के बेटे संजय चौहान अपने पिता की सीट से ही विधायक बने।

बाद में वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में बिजनौर सीट पर भाजपा-रालोद गठबंधन के टिकट पर चुनाव लड़ा। इस चुनाव में संजय चौहान को 244,587 वोट मिले और विजेता रहे। दूसरे नंबर पर रहे बसपा से शाहिद सिद्दकी को 216,157 वोट ही मिले थे। इस बार भी बिजनौर लोकसभा सीट पर भाजपा-रालोद का गठबंधन है।

संजय चौहान के बेटे चंदन चौहान के सामने दादा की प्रतिष्ठा और पिता की विरासत को आगे बढ़ाना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। उधर बसपा में शामिल हुए चौधरी विजेंद्र सिंह के सामने राजनीति में अपनी साख बनाने की चुनौती है। वह इससे पहले लोकदल से चुनावी मैदान में उतरने का दावा कर रहे थे, लेकिन कुछ दिन पहले ही उन्होंने बसपा ज्वाइन की और बिजनौर से टिकट भी लिया।

उधर पूर्व सांसद यशवीर सिंह धोबी वर्ष 2009 में ही सपा के टिकट पर नगीना से जीत हासिल की थी। दूसरे नंबर पर बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े राम किशन सिंह रहे थे। उन्हें 1,75,127 वोट मिले थे।

इस बार भी यशवीर धोबी नगीना से ही टिकट मांग रहे थे, लेकिन उन्हें सपा ने बिजनौर से टिकट दिया। ऐसे में यशवीर धोबी के सामने अचानक हुए बदलाव के साथ-साथ इस सीट के समीकरण को समझकर सबको साधने की चुनौती रहेगी।

## याना में उड़ेंगे कानपुर में बने 19 सीटर विमान




**कानपुर, एजेंसी।** मॉरीशस, सेशल्स के बाद अब गुयाना में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) निर्मित डोर्नियर डीओ-228 विमान उडेंगे। गुयाना रक्षा बल (जीडीएफ) ने दो विमानों का अधिग्रहण करने के लिए भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) से 23.27 मिलियन अमेरिकी डॉलर लोन के लिए करार किया है।

विमानों को इसी महीने भेजे जाने की तैयारी है। एचएएल की तकनीकी टीम भी विमानों के साथ जाएगी। 19 सीटर डोर्नियर डीओ-228 बहुउद्देशीय एयरक्राफ्ट है। इसे वीआईपी, यात्री, ट्रांसपोर्ट, एयर एंबुलेंस, निरीक्षण, क्लाउड सीडिंग और पैरा जंपिंग, एरियल सर्विलांस, फोटोग्राफी और कार्गो आदि के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। दरअसल, पिछले साल जनवरी में गुयाना के राष्ट्रपति एचएएल आए थे। उन्होंने यहां बनने वाले अलग-अलग विमानों को देखा था। उन्हें डोर्नियर डीओ-228 बेहद पसंद आया था। इसके दो डीओ विमानों के लिए सौदा किया गया है। सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को गुयाना के वित्तमंत्री डॉ. अश्नी सिंह और एक्जिम बैंक के उप महाप्रबंधक संजय लांबा ने करार पर हस्ताक्षर किए।

**नागरिकों की सुरक्षा करने की क्षमता में वृद्धि होगी:** गुयाना वित्त मंत्रालय इस समझौते के लिए प्रेरणा के रूप में राष्ट्रपति की एचएएल यात्रा को श्रेय देता है। डोर्नियर डीओ को समुद्री गश्ती भूमिकाओं के लिए डिजाइन किया गया है। इन नए विमानों के जुड़ने से गुयाना के क्षेत्र और नागरिकों की सुरक्षा करने की जीडीएफ की क्षमता में वृद्धि होगी।

## आगरा कॉलेज के निलंबित प्राचार्य पर आरोपों की झड़ी, प्रो. ने भी शैक्षणिक प्रमाणपत्र पर खड़े किए सवाल

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में आगरा कॉलेज स्टाफ क्लब के अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ. सीके गौतम व ट्रस्ट के सदस्यों ने मंगलवार को निलंबित प्राचार्य प्रो. अनुराग शुक्ल पर आरोपों की झड़ी लगाई। डॉ. सीके गौतम ने उनके शैक्षणिक व अकादमिक प्रमाणपत्रों पर सवाल खड़े किए। कहा कि उन्होंने महज 12 वर्ष छह माह की आयु में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण होना दर्शाया है। पीजी स्तर पर शोध कार्य कराने के अनुभव को गलत बताया।

डॉ. सीके गौतम ने कहा कि अपनी अक्षमता, गंभीर वित्तीय अनियमिताओं और अपनी नियुक्ति के फर्जी दस्तावेजों को छुपाने के लिए निलंबित प्राचार्य अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। फुपुक्टा पदाधिकारियों और समाज के महत्वपूर्ण व्यक्तियों की शिकायत पर हुई जांच में प्रो. शुक्ल ने साक्ष्य नहीं उपलब्ध कराए। नियुक्ति के पूर्व अपने शैक्षणिक अभिलेख आगरा कॉलेज प्रबंध समिति के समक्ष नहीं प्रस्तुत किए। व्यक्तिगत दुर्भावना व द्वेष की वजह से उच्च शिक्षामंत्री योगेंद्र उपाध्याय के खिलाफ अनर्गल आरोप लगाए गए।

डॉ. सीके गौतम ने कहा कि शासन का जो भी निर्देश उनके लिए होगा, वह उसका पालन करेंगे। शासन के निर्देश पर ही पद का दायित्व संभाल रहे हैं। यह भी कहा कि नवगठित बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज पूरे मामले से अवगत है और आवश्यक कार्रवाई करेगी। प्रो. विजय कुमार सिंह ने अलमारी खरीद व साइकिल स्टैंड की फीस के नाम पर प्रो. शुक्ल पर अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाया।

## महंत नरेंद्र गिरि केस: कोर्ट में पेश की गई आडियो-वीडियो की पेन ड्राइव, गवाह रवींद्र पुरी से कराई शिनाख्त

**प्रयागराज , एजेंसी।** जिला अदालत में बाघंबरी मठ के महंत नरेंद्र गिरि की आत्महत्या मामले में मंगलवार को अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी गवाही के लिए पेश हुए। इस दौरान अभियोजन की ओर से आत्महत्या से पहले नरेंद्र गिरि और आनंद गिरि के बीच हुई बातचीत का ऑडियो और वीडियो की पेन ड्राइव पेश की गई। इसकी रवींद्र पुरी से शिनाख्त कराई गई। इस मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी।



मामले की सुनवाई अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश आरपीएस राणा की अदालत कर रही हैं। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि अभियोजन की ओर से एडीजीसी भानु प्रताप और हरिनारायण शुक्ला के अलावा सीबीआई के विशेष अधिवक्ता ने मंगलवार को नरेंद्र गिरि और आरोपी आनंद गिरि के बीच हुई बातचीत की पेन ड्राइव अदालत में पेश की। इसकी शिनाख्त गवाही के लिए पेश हुए रवींद्र पुरी से कराई गई।

महंत नरेंद्र गिरि की आत्महत्या मामले में उनके शिष्य आनंद गिरि समेत तीन लोग जेल में बंद हैं। इस मामले की जांच सीबीआई ने की थी। जांच के बाद आनंद गिरि, आद्या तिवारी और संदीप तिवारी पर नरेंद्र गिरि को ब्लैक मेलकर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप है। सीबीआई की ओर से दाखिल की आरोप पत्र पर मामले का विचारण शुरू हो चुका है।

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी की गवाही चल रही है। मंगलवार को गवाही के दौरान पेश की गई पेन ड्राइव की ऑडियो एयर वीडियो अदालत में चलाई गई। महंत नरेंद्र गिरि की बाघंबरी मठ परिसर के अतिथि कक्ष में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस के पहुंचने पर कक्ष में पंखे लटकता फंदा और फर्श पर शव पाया गया था।

## गौशाला से तेज आवाज सुन पहुंचे लोग, अंदर का नजारा देख उड़ गया होश

### चारों तरफ फैला था खून

**जौनपुर, एजेंसी।** जौनपुर जिले के मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बाबू रामपुर गांव में गौशाला में पशु वध करते युवक को ग्रामीणों ने धर दबोचा। घटना के बाद मौके पर भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। प्रधान पति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। जबकि गौशाला की रक्षा के लिए तैनात गांव के ही दो युवक मौके से फरार हो गए।

**यह है मामला:** थाना क्षेत्र के सुजानगंज मुंगराबादशाहपुर बॉर्डर का गांव बाबूरामपुर में उस समय हलचल मच गई, जब गौशाला में तैनात दो युवकों ने गौकशी करके उसे बेचने के फिराक में थे। खरीदारी करने आया युवक ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। जबकि मुख्य आरोपी दो युवक फरार हो गए। इस मामले में प्रधान सीमा सरोज के पति प्रदीप सरोज की संलिप्तता को देखते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

बुधवार की सुबह ग्रामीण गौशाला की तरफ से गुजर रहे थे। इस दौरान गौशाला से तेज आवाज आ रही थी, ग्रामीणों को शक हुआ तो अंदर गए। वहां का नजारा देखने के बाद लोग हैरान रह गए। गौशाला में गौकशी की गई थी। चारों तरफ खून बिखरा पड़ा था। गौशाला में तैनात दो युवक राम सहल व संत लाल गौतम निवासी बाबूरामपुर भाग खड़े हुए।



**मौके पर मौजूद खरीदारी करने आया :** अंजय कुमार निवासी फूलपुर प्रयागराज ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। गुस्साए लोगों ने अजय कुमार की जमकर पिटाई की और पुलिस को घटना की जानकारी दी। थानाध्यक्ष संतोष पाठक को जानकारी मिली तो वह मय फोर्स मौके पर पहुंच गए और युवक को हिरासत में ले लिया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस गौकशी में प्रधान पति प्रदीप सरोज की भी संलिप्तता हैं। पुलिस ने आक्रोश को देखते हुए प्रधान पति को हिरासत में ले लिया है। मौके पर एसपी ग्रामीण शैलेंद्र सिंह, सीओ मछलीशहर गिरेंद्र सिंह, एसडीएम राजेश चौरसिया भी पहुंचे और घटना का जायजा लिया। गांव में सुजानगंज, मुंगराबादशाहपुर, मछलीशहर की फोर्स तैनात कर दिया गया है।

इस बाबत थानाध्यक्ष संतोष पाठक का कहना है कि इस मामले में प्रधान पति समेत दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। गौशाला में तैनात दोनों युवकों को पुलिस सरगर्मी से तलाश रही है। संपूर्ण मामले की गहनता से जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## कुत्ते के काटने से घायल मरीज पर सीएमएस व चिकित्सक में कहासुनी

**गाजियाबाद, एजेंसी।** कुत्ते, बंदर सहित किसी भी जानवर के काटने पर सीरम लगाए जाने की व्यवस्था सरकारी अस्पतालों में नहीं है। मंगलवार को इस मामले को लेकर राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रभारी व वरिष्ठ नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. बीपी त्यागी की एमएमजी अस्पताल में सीएमएस डॉ. मनोज कुमार चतुर्वेदी और फिजिशियन डॉ. संतराम से नोंक-झोंक हुई। डॉ. त्यागी ने सीएमओ से शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइड लाइन के अनुसार जिले में सरकारी स्तर पर कुत्ते के काटने से हुए घायलों का उपचार नहीं हो रहा है। उन्होंने मामले में मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात भी कही है। डॉ. बीपी त्यागी ने बताया कि नेहरू नगर निवासी दीपक गहलोत (17) को सोमवार की शाम कुत्ते ने पैर में काट लिया था, इससे उनके पैर में गहरे घाव हो गए। एमएमजी अस्पताल में दीपक को टिटनेस और एंटी रेबीज लगवाने के बाद भेज दिया। निजी डॉक्टर ने दीपक का घाव देखकर सीरम लगवाने की सलाह दी। इसके बाद वह दोबारा एमएमजी अस्पताल गए, लेकिन वहां सीरम नहीं था, इसके बाद संजय नगर स्थित संयुक्त अस्पताल में गए। वहां भी सीरम नहीं था। बाजार में मेडिकल स्टोर से सीरम खरीदने के लिए भटकते रहे, लेकिन नहीं मिला। मंगलवार सुबह वह डॉ. बीपी त्यागी के पास पुहंचे। डॉ. त्यागी ने घाव देखने के बाद सीरम लगवाने की जरूरत बताई। उन्होंने मरहम पट्टी के बाद निशुल्क सीरम लगाया। इसके बाद डॉ. बीपी त्यागी ने स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइड लाइन का हवाला देते हुए सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर से मामले की शिकायत भी की। सीएमओ ने बताया कि एमएमजी अस्पताल में सीरम है।

संक्षिप्त समाचार

## यात्री से लूटपाट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय जिले के बड़हिया रेल पुलिस ने बीते 17 मार्च को बड़हिया स्टेशन पर यात्री से लूट मामले में शामिल दो अपराधियों को बड़हिया स्टेशन के समीप से किया गिरफ्तार किया है। दोनों अपराधियों की पहचान लखीसराय जिले के बड़हिया नगर के वार्ड नम्बर-6 रायचरण टोला निवासी गोलू कुमार और वार्ड नम्बर 5 निवासी अमरजीत कुमार झा के रूप में की गई है। गिरफ्तार दोनों अपराधियों के पास से यात्री से लूटा हुआ नगद 21 सौ रुपए, घड़ी और घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है। बताते चलें कि बीते 17 मार्च की सुबह मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन से बड़हिया स्टेशन पर उतरने के साथ ही यात्री जेपी सिंह से लूट की घटना का अंजाम दिया था। विरोध करने पर अपराधियों ने यात्री जेपी सिंह के सिर पर चाकू से प्रहार कर ज़ख्मी कर दिया था। फिलहाल बड़हिया रेल पुलिस दोनों अपराधियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जूटी है।

## बीजेपी ने नाराज उपेंद्र कुशवाहा को मनाया, काराकाट लोकसभा के साथ एक एमएलसी सीट भी मिलेगी

**पटना, एजेंसी।** बिहार एनडीए में सीट बंटवारे के बाद नाराज चल रहे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को बीजेपी ने मना लिया है। बिहार बीजेपी के प्रभारी विनोद तावड़े ने मंगलवार को कुशवाहा से उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच बहुत देर तक मंथन हुआ। इसके बाद आरएलएम और बीजेपी में समझौता हो गया है। कुशवाहा की पार्टी आरएलएम को काराकाट लोकसभा सीट के साथ बिहार में एमएलसी की एक सीट भी दी जाएगी। पहले कुशवाहा एनडीए में एक सीट ही मिलने पर नाराज बताए जा रहे थे। वे बीजेपी से दो सीटों की मांग कर रहे थे। बीजेपी प्रदेश प्रभारी ने मंगलवार को उपेंद्र कुशवाहा से मिलकर उनकी नाराजगी दूर की। कुशवाहा के साथ बैठक के बाद तावड़े ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट की। इसमें उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक लोकसभा सीट के साथ बिहार विधान परिषद में भी एक सीट दी जाएगी। दोनों पार्टियों के बीच यह पहले से तय था। बता दें कि आरजेडी एमएलसी रामबली चंद्रवंशी की पिछले महीने सदस्यता रद्द हो गई थी। उनकी सीट अभी खाली पड़ी है। बताया जा रहा है कि यह सीट बीजेपी अपने कोटे से उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को देगी। कयास ये भी लगाए जा रहे हैं कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में आरएलएम के संभावित एमएलसी को मंत्री बनाया जा सकता है। हाल ही में बीजेपी ने बिहार की 40 लोकसभा सीटों का बंटवारा किया, इनमें से 17 सीटों पर वह खुद चुनाव लड़ रही है। वहीं, 16 सीटों पर नीतीश कुमार की जेडीयू और पांच पर चिराग पासवान की लोजपा रामविलास चुनाव लड़ेगी। वहीं, उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएम और जीतनराम मांझी की हम को एक-एक सीट ही मिली। काराकाट लोकसभा सीट से कुशवाहा के खुद चुनाव लड़ने की चर्चा है।


## बुआ के घर गए युवक की गोली मारकर हत्या, सीवान में सिर में किया गया है शूट

**सीवान, एजेंसी।** सीवान में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के विनवल गांव में नहर के किनारे युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी एकलाख हुसैन (25) के रूप में हुई है। भाई सद्दाम ने बताया कि उसके बुआ का घर विनवल गांव में है। एकलाख अक्सर वहां आता जाता था। मंगलवार की रात करीब आठ बजे युवक अपने घर से बुआ के घर के लिए निकला और वहां पहुंचकर फोन कर घर वालों को सूचना दी कि वह बुआ के घर पहुंच गया है। वहां घर से महज 100 मीटर की दूरी पर उसके सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पीड़ित परिजनों ने बताया कि रात में ही उसे मारा गया है। घर वालों ने किसी से भी किसी प्रकार के विवाद होने से इनकार किया है। परिजनों का कहना है की उसकी हत्या क्यों की गई है और किसने किया है उन्हें कुछ जानकारी नहीं है। आज बुधवार को सुबह में ग्रामीणों ने नहर के किनारे शव को पड़ा देख, पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव का शिनाख्त किया। इधर, बड़े भाई सद्दाम ने बताया कि उसकी बुआ ने घर वालों को फोन कर घटना के संबंध में जानकारी दी। हुसैनगंज थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## पेयजल संकट से निपटने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने भीषण गर्मी के दिनों में जिलेभर में पेयजल संकट से निपटने के लिए संबंधित विभाग के जिला और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया है। जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नल जल योजना अंतर्गत क्रियाशील,अक्रियाशील पेयजल स्थिति का 10 दिनों में प्रतिवेदन रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नल जल योजना अंतर्गत क्रियाशील,अक्रियाशील पेयजल स्थिति का 10 दिनों में प्रतिवेदन रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करेंगे, साथ ही प्रति पंचायत 5 चापाकल मरम्मती की सूची भी उपलब्ध कराएंगे। नगर निगम/ नगर निकाय क्षेत्र के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि 10 दिनों के अंदर नल-जल समस्या का निष्पादन करेंगे। साथ ही जिन क्षेत्रों में पहले पानी की समस्या हुई हो, जांच करते हुए चिन्हित स्थलों पर पानी टैंकर की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# बिहार में 200 से ज्यादा पार्टियां सिर्फ कागज पर, चुनाव में हो जाती है जमानत जब्त



**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद राजनीतिक दलों की हलचल बढ़ गई है। परंतु सैकड़ों की संख्या में ऐसे राजनीतिक दल भी हैं, जिनका वजूद सिर्फ कागजों में ही सिमटा हुआ है। बिहार में ऐसे दलों की संख्या 201 है। ये चुनाव आयोग में निबंधित तो हैं, लेकिन इन्हें मान्यता नहीं मिली हुई है। देश में ऐसे गैर-मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की संख्या 2796 है। आश्चर्यजनक पहलू यह है कि 8 फीसदी ऐसे दलों की संख्या बिहार में ही मौजूद है। इन पार्टियों के नाम भी ऐसे हैं, जिन्हें शायद ही किसी ने कभी सुना होगा। चुनावी समर में कुछ सीटों पर इनमें कुछ एक पार्टियों के उम्मीदवार मैदान में ताल ठोकते भी हैं, लेकिन इस घमासान में किसी की कोई पहचान नहीं बन पाती है। कइयों के निबंधित पते पर तो इनका कोई नामो-निशान तक नहीं है। कुछ पार्टियां खास प्रांत और भाषाओं को भी दर्शाती हैं। दरभंगा स्थित मिथिलांचल मुक्ति मोर्चा एवं मिथिलांचल विकास मोर्चा, मधुबनी स्थित मिथिलांचल विकास मोर्चा और मिथिलावादी पार्टी जैसी पार्टियां मौजूद हैं। समस्तीपुर के पते पर निबंधित आदर्श मिथिला पार्टी भी है। पटना, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, समस्तीपुर, भागलपुर, हाजीपुर समेत अन्य शहरों के पते पर इन पार्टियों के कार्यालय मौजूद हैं। हालांकि सबसे ज्यादा पटना के कागजी पते पर ही पार्टियों के कार्यालय मौजूद हैं। कुछ के नाम बड़ी पार्टियों से मिलते-जुलते हैं। कुछ पार्टियों के नाम के कुछ शब्द आगे पीछे करने पर पटना के अलावा दूसरे राज्यों में भी ऐसी कागजी पार्टियों की मौजूदगी मिलती है। मसलन, पटना के गुलजारबाग के पते पर मौजूद अखंड भारतीय जनप्रिय पार्टी। इसमें थोड़ा फेर-बदल करके इससे मिलती कुछ पार्टियां अलग-अलग राज्यों में हैं। आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में मौजूद अखंड भारत नेशनल पार्टी, यूपी के मथुरा में अखंड भारत पार्टी, दिल्ली के सुल्तानपुरी के पते पर मौजूद अखंड भारत समाज पार्टी देखने को मिलती है। इन कागजी पार्टियों का वजूद भले ही नहीं हो, लेकिन इनके नाम में कोई कमी नहीं है। इनमें कुछ इस तरह हैं, भागलपुर के पते पर निबंधित आम अधिकार मोर्चा, हाजीपुर के पते पर मौजूद आम जन पार्टी (सेकुलर), पटना के बहादुरपुर हॉउसिंग कॉलोनी के पते पर स्थित आम जनमत पार्टी, पटना के बेली रोड में जगदेव पथ स्थित आम जनता पार्टी राष्ट्रीय। कई गैर मान्यता प्राप्त कागजी पार्टियां ऐसी भी हैं जिनके नाम में भाषा या क्षेत्र का आस्वाद शामिल है। जमुई स्थित अखंड झारखंड पीपुल्स फ्रंट, पटना के पुरंदरपुर के पते पर अखिल भारतीय देश भक्त मोर्चा, मुजफ्फरपुर के पते पर अखिल भारतीय मिथिला पार्टी, कटिहार में मौजूद अंगिका समाज पार्टी, पूर्णिया की अपना अधिकार पाटी आदि। आधार वोट नहीं, पर हर चुनाव में ताल ठोकते हैं छोटे दल लोकसभा चुनाव में कई छोटे दल अपना ताल ठोक रहे हैं। इन दलों का वोट प्रतिशत शून्य और शून्य दशमलव एक प्रतिशत रहा है। पिछले वर्ष बिहार के सभी लोस क्षेत्रों में ऐसे दलों ने अपनी उम्मीदवारी दी थी। एडीआर की रिपोर्ट में इन दलों को गैर मान्यता प्राप्त बताया गया है। इन दलों ने एक से 25 उम्मीदवार तक पिछले लोस चुनाव में उतारे थे। एडीआर की रिपोर्ट बताती है कि इन दलों के सभी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में भी वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कई ऐसे छोटे दलों के प्रत्याशी खड़े हुए थे।

## संध्या चौपाल से लोग होंगे जागरूक, चमकी बुखार को लेकर सभी पंचायतों में चलेगा जागरूकता अभियान

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिले में चमकी बुखार के दो मामलों में एईएस की पुष्टि होने के बाद इस बीमारी से निपटने की प्रशासनिक तैयारी तेज हो गई है। जहां, इस बार छोटे बच्चों को इस बीमारी की कहर से बचाने के लिए इस बार भी जागरूकता प्रशासन का मुख्य हथियार होगा। जिले में चमकी बुखार से जुड़े मामले को लेकर इस बार भी स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन ने जीरो डेथ का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसको लेकर इस बार भी जिले में चमकी को लेकर धमकी योजना को शुरू किया गया है। जिसके तहत जिले के सभी पंचायतों में संध्या चौपाल के जरिए आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के कार्यक्रम के स्वरूप को तैयार किया गया है। ग्रामीणों को चमकी बुखार से पीड़ित बच्चों के इलाज और उससे बचाव की तैयारियों से जुड़ी जानकारियां साझा की जायेगी। इसके तहत प्रत्येक शनिवार सभी पदाधिकारी अपने निर्धारित पंचायतों में जाकर वहां अपने मौजूदगी में जागरूकता अभियान की शुरुआत करेंगे। इसको लेकर मुजफ्फरपुर के 373 पंचायतों में पदाधिकारी को संबद्ध किया गया है। इस जागरूकता अभियान को लेकर एईएस के नोडल डॉक्टर सतीश कुमार ने बताया कि चिकित्सा कर्मियों और पदाधिकारियों को इस संबंध में प्रशिक्षण दे दिया गया है।

## छोटे ने बड़े भाई का काट खाया कान, बाइक सर्विसिंग कराने को लेकर हुआ था विवाद



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलघाट गांव में मंगलवार की देर से शाम एक हैरान करने वाला मामला सामने है। जहां मोटरसाइकिल सर्विसिंग कराने के विवाद को लेकर दो भाईयों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान छोटे भाई ने बड़े भाई का दांत से कान काटकर अलग कर दिया। जिससे युवक खून से लथपथ होकर जमीन पर जा गिरा । इसके बाद अन्य परिजनों के मदद से उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया है ।

जख्मी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलघाट गांव निवासी रामा शंकर पंडित का 24 वर्षीय बेटे मुन्ना पंडित है। वह पेशे से प्राइवेट काम करता था। इधर,पीड़ित बड़े भाई मुन्ना ने बताया कि घर में एक पुराना मोटरसाइकिल है। बराबर उसकी सर्विसिंग कराने के बावजूद भी वह खराब हो जाता है। आज हर दिन की तरह घर से खाना खाकर काम करने के लिए गए थे। जाते वक्त उसने अपने छोटे भाई अंकित से बोला था कि बाइक की सर्विसिंग नहीं करना है। कुछ दिनों में नई बाइक ले ली जाएगी। इतना कह कर पीड़ित मुन्ना काम करने के लिए चला गया। जब देर शाम घर वापस लौटा, तभी उसकी नजर उसकी बाइक पर पड़ी। उसने देखा कि बाइक की सर्विसिंग कर दी गई है। इसी बात को लेकर वह अपने छोटे भाई से कहा कि तुमने इस बाइक का सर्विसिंग क्यों कराया है। देखते ही देखते दोनों भाइयों के बीच गालीङ्गलौज शुरू हो गई। मामला तुल पकड़ लिया और दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान छोटे भाई अंकित ने अपने बड़े भाई के कान को अपने दांतों से नोच कर उसे अलग कर दिया।

## लालू और तेजस्वी से रात में मिले जनअधिकार पार्टी प्रमुख पप्पू यादव

**पटना, एजेंसी।** जनअधिकार पार्टी (जाप) प्रमुख पप्पू यादव ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से मंगलवार रात को मुलाकात की। उनके बीच आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। कयास लगाए जा रहे हैं कि पप्पू यादव महागठबंधन में शामिल होकर पूर्णिया या मधेपुरा सीट से से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। वे लगातार इस सीट से दावेदारी कर रहे हैं और महागठबंधन में शामिल होने के प्रयास में हैं। मुलाकात के बाद पप्पू यादव ने लालू को अपना अभिभावक और पितातुल्य बताया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर बिहार में बीजेपी को जीरो पर आउट करेंगे।

पप्पू यादव ने मंगलवार रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लालू एवं तेजस्वी यादव से मुलाकात का फोटो शेयर किया। उन्होंने लिखा कि बिहार में INDIA गठबंधन की मजबूती, सीमांचल-कोसी, मिथिलांचल में 100 फीसदी सफलता का लक्ष्य है। सभी मिलकर बिहार में बीजेपी को जीरो पर आउट करने की रणनीति पर चर्चा हुई। पप्पू यादव लंबे समय से कोसी और सीमांचल क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे महागठंबधन में रहकर पूर्णिया सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं।

# लोकसभा टिकट के लिए अशोक महतो ने की शादी, मुंगेर से दिलवाएंगे राजद का टिकट

**मुंगेर, एजेंसी।** बिहार के कुख्यात अशोक महतो ने लोकसभा टिकट के लिए 62 साल की उम्र में शादी कर ली है। अशोक की पत्नी उनसे 16 साल छोटी हैं। चर्चा है कि राजद मुंगेर से उनकी पत्नी को टिकट दे सकती है। अशोक महतो पर ही वेब सीरीज खाकी द बिहार चैप्टर बनी थी। अशोक पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनको कई मामलों में सजा हो चुकी है। वह 17 साल से जेल में थे। 10 दिसंबर 2023 को जेल से रिहा हुए थे। सजा की वजह से वो चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। इसलिए आनन-फानन में 2 दिन के अंदर उन्होंने शादी की है, ताकि उनकी पत्नी चुनाव लड़ सके।

**लालू ने कहा, और कर ली शादी :** बताया ये भी जा रहा है कि कुछ दिन पहले लालू यादव ने अशोक महतो को बुलाकर कहा था कि चुनाव लड़ो, लेकिन महतो शादीशुदा नहीं थे। उन्हें डर था कि अगर वह चुनाव लड़ेंगे



तो कोई न कोई कहानी बनाकर नॉमिनेशन रद्द न हो जाए, इसलिए सेफ साइड खेलने के लिए उन्होंने दो दिनों में शादी कर ली। ताकि अगर उनको टिकट न मिले तो वे अपनी पत्नी को चुनाव लड़वाएं।

**शादी के लिए नहीं मिल रही थी लड़की :** अशोक महतो को शादी के लिए पहले तो लड़की नहीं मिल रही थी। खोजबीन के बाद मंगलवार की देर रात उनकी शादी की खबर आई है। बताया जा रहा कि लड़की लखीसराय की है और बख्तियारपुर करौटा में शादी हुई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि अशोक महतो अब अपनी पत्नी को मुंगेर लोकसभा से चुनाव लड़ाएंगे।

**दिल्ली में जॉब करती है लड़की, पिता इंजीनियर थे :** अनीता लखीसराय के सूर्यगढा प्रखंड अंतर्गत बंशीपुर हेमजापुर इलाके की रहने वाले हरि मेहता की बेटी अनीता (46) है। वो पूरे परिवार के साथ दिल्ली में रहती हैं। वो दिल्ली की ही एक कंपनी में काम करती हैं। उसके पिता हरि प्रसाद सहनी क्कुष्ठ इंजीनियर थे। अनीता समसबार कुर्मी समाज से हैं। अशोक महतो धानुक कुर्मी समाज से आते हैं।

**अशोक महतो पर बनी है खाकी द बिहार चैप्टर..कई हत्याओं का आरोप :** अशोक महतो के नाम कई नरसंहार दर्ज हैं। इनमें सबसे भयावह है अपसढ़ नरसंहार। साल 2000 की 11 मई की रात के 11 बजे एक परिवार की हत्या कर दी गई थी। नुनुलाल सिंह का परिवार के 15 लोग छत पर सो रहे थे। अचानक 50-60 लोग आए और गोलियां बरसाने लगे। लगभग 8 मिनट में उसने 300 राउंड से अधिक फायरिंग की। जो गोलियों से बच गए उसे तलवार से काट दिया। जब माहौल शांत हुआ तो छत पर 11 लाशें थीं। मरने वालों में 10 साल के बच्चे से लेकर 50 साल के बुजर्ग तक थे।

# पटना एयरपोर्ट पर आकाशीय बिजली गिरने से सुपरवाइजर की मौत

**पटना, एजेंसी।** अगले 2 दिनों तक बिहार के सभी जिलों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने पटना, नालंदा, वैशाली, समस्तीपुर, नवादा, जमुई और बेगूसराय में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां ओले गिरने की भी संभावना है। कई जगहों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी है। पटना समेत कई जिलों में सुबह से बादल छाए हुए हैं। कुछ जगहों पर रात में हल्की बारिश भी हुई है। जिससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश जमुई के चकाई में 16.4 एमएम जबकि पटना में 6 एमएम रिकॉर्ड की गई। पटना एयरपोर्ट पर आकाशीय बिजली गिरने से काम कर रहे एक सुपरवाइजर की मौत हुई है। 29 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट 29 जिलों में बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा के रफ्तार से हवा चलने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। कैमूर, रोहतास, बक्सर,भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया, मुंगेर, बांका,खगरिया, भागलपुर, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज,



अररिया, सुपौल, दरभंगा, मधुबनी, सारण, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक बोले वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि मार्च से मई तक प्री मानसून सीजन होता है। इस दौरान बारिश, मेघगर्जन, वज्रपात और ओला गिरते हैं। अधिकतम पारा बढ़ने के बाद साइक्लोनिक सर्कुलेशन या टर्फ रेखा गुजरने से बंगाल की की खाड़ी से नमी मिलने लगती है। इसलिए मौसम में बदलाव होता है। मार्च महीने में सूबे का अधिकतम पारा 36 तक पहुंच गया था जो नॉर्मल है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन या टर्फ रेखा गुजरने से बंगाल की खाड़ी से नमी मिलने लगी। इस वजह से मौसम में बदलाव हुआ। मई माह तक पांच-छह बार इस तरह की स्थिति बनेगी। किशनगंज सबसे ठंडा रहा मौसम में बदलाव के कारण पटना का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री दर्ज किया गया जो सोमवार के मुकाबले दो डिग्री कम है।

## दहेज में बुलेट मोटर साइकिल की डिमांड पूरी न होने पर पति ने दूसरी शादी कर ली

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में दहेज में बुलेट मोटर साइकिल की डिमांड पूरी न होने पर पति ने दूसरी शादी कर ली। दरअसल पीड़िता का आरोप है कि पति को बुलेट की जगह घर वालों ने ग्लैमर बाइक दी थी। जिससे नाराज पति ने गांव की ही एक लड़की से शादी कर ली। शादी का राज करीब एक साल बाद खुला। पति पिछले 4 साल से उसकी सौतन के संग ही रह रहा है। पति अब उसे अपने साथ रखने को तैयार नहीं। अब उसके ऊपर तलाक देने का दबाव बनाया जा रहा है।

पत्नी अजमती बेगम (20) का कहना है कि पति मो. राहिल अख्तर (25) के रवैए से तंग आकर उसने पति के ऊपर पुलिस कंप्लेन भी किया।

## मटिहानी की अनोखी होली, कुआं पर उमड़ आता है पूरा गांव, दो दिनों तक होती है रंग डालो प्रतियोगिता

**बेगूसराय, एजेंसी।** होली एक ऐसा त्योहार है जिसका नाम सुनते ही बच्चे से लेकर बूढ़े तक में लाल-हरे रोगों की खुमारी छा जाती है। 25-26 मार्च को मनाए जाने वाले होली को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। बच्चे और युवा ही नहीं, बुजुर्गों ने भी होली के लिए प्लानिंग शुरू कर दी है। द्विअर्थी होली गीत और नशा के जाल में उलझ कर लोग होली के संदेश को बदलने लगे हैं।लेकिन इन सबके बीच बेगूसराय में मटिहानी नाम का एक ऐसा गांव है, जहां होली का इंतजार सिर्फ गांव के लोग ही नहीं, दूर-दूर के लोग एक साल तक करते हैं। यहां दो दिन मनाए जाने वाले रंगों के उत्सव में लोग रंग बाल्टी या ड्रम में नहीं घोलते, बल्कि कुआं में ही घोल दिया जाता है। पूरे गांव के लोग एक जगह जमा होकर रंग डालो प्रतियोगिता करते हैं। कई दशक से हो रहे इस अनोखे होली की इस बार भी व्यापक तैयारी की जा रही है। पहले यहां सिर्फ पुरुषों की टोली होती थी, लेकिन 2023 में महिलाओं की टीम भी शामिल किया गया है। मटिहानी गांव में इस चर्चित होली में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है। गांव के लोग जहां होली खेलते हैं, वहीं इस अनोखे होली को देखने के लिए दूर-दूर से लोग जमा होते हैं।यहां हजारों लोग एक जगह जुटकर ब्रज की लठमार होली नहीं, बल्कि रंगों के बरसात की प्रतियोगिता में शामिल होते हैं। मटिहानी में दो दिन मनाए जाने वाले होली की खास बात है कि कथित आधुनिकता के युग जहां कुआं विलुप्त हो गया है तो, यहां कुंआ को जिंदा रखा गया है और कुआं पर ही सामूहिक होली खेली जाती है। पहले दिन सभी लोग चार कुआं पर जमा होते हैं और कई ड्रम, नांद एवं अन्य बड़े बर्तन में रंग रखा जाता है।

इसके बाद अलग-अलग ग्रुप में बंटकर लोग कतार में रंग के भरे बर्तन के सामने खड़े होकर तथा एक-दूसरे पर पिचकारी से रंग डालते हैं। जो पक्ष दूसरे को रंग डालकर भागने पर मजबूर कर देगा, वह विजेता घोषित होता। यही सिलसिला होली के दूसरे दिन दो कुआं पर चलने के बाद विजेता एवं उप विजेता की घोषणा किया जाता है। रंगों की बरसात प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बेहतर पिचकारी की आवश्यकता होती है। बाजार में बिकने वाली बड़ी पिचकारी नहीं साइकिल में हवा देने वाला पंप और बांस की पिचकारी भी तैयार कर लिया जाता है। लोगों का कहना है कि इस गांव में 80-82 पूर्व राजस्थान से आए माड़वार समाज के एक परिवार रहते थे, जो राजस्थान से पिचकारी लेकर यहां आए थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग

पत्रांकः– 394हजारीबाग / दिनांकः– 19 / 03 / 2024

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 365 दिनांक 15.03.2024 के द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID /HAZARIBAG/F2-34/2023-24 पी0आर0 न0–322923 Minor Irrigation (23-24)_D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 323172 (Minor Irrigation)23-24*D

कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,सिमडेगा।
eemidsim-cemr-jhr@nic.in
शुद्धि पत्र

पत्रांकः– सिमडेगा, दिनांकः–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांकः–176 दिनांकः– 14.03.2024 द्वारा निर्गत ई0 निविदा सूचना संख्याः– WRD/MID SIMDEGA/F2-13/2023-24 पी.आर.संख्याः–322630 {Minor Irrigation} वर्ष–2023–24 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,सिमडेगा।

PR 323192 Minor Irrigation(23-24)D

झारखण्ड सरकार
कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा
गृह (कारा) विभाग
दूरभाष एवं फैक्स न0– 06534–252244,
Email- dj-koderma@jharkhandmail.gov.in

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत e-Tender Advertisement PR No-322320 दिनांक–12.03.2024 है, जिसमें निविदा प्रपत्र भरने /अपलोड करने एवं अग्रधन की राशि में अंशिक सुधार किया गया है। जिसे इस लिंक https://jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से download किया जा सकता है।

अधीक्षक,
मंडल कारा कोडरमा

PR 323205 Home, Prison And Disaster Management(23-24)#D

# बिहार और नेपाल तक भेजी जा रहीं बड़े ब्रांड की नकली दवाएं



**गोरखपुर, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की कंपनियों से कई बड़े ब्रांड के रैपर वाली नकली दवाएं गोरखपुर आ रही हैं, जो यहां से बिहार और नेपाल तक जा रहीं हैं। इन दवाओं पर दुकानदार को 50 प्रतिशत तक कमीशन मिलता है। इसकी वजह से नकली दवा का धंधा शहर से लेकर गांवों तक फैल गया है।

दवाओं का पैकेट रोडवेज की बसों से लगायत ऑनलाइन भेजे जा रहे हैं। कोरोना काल के बाद इस धंधे में और तेजी आई है। बीते फरवरी में अपर मुख्य सचिव ने कोडिनयुक्त कफ सीरप पर निगरानी के लिए जारी आदेश में भी इस बात का जिक्र किया है कि दवाएं अवैध तरीके से दूसरी जगहों पर भेजी जा रही हैं।

शहर के बीच बसा भालोटिया मार्केट पूर्वांचल में दवा की सबसे बड़ी मंडी है। यहां हर महीने 25 से 30 करोड़ का टर्न ओवर हो रहा है। एक दवा कंपनी के प्रतिनिधि के तौर पर काम कर चुके राजेश पांडेय बताते हैं कि कोरोना काल में दवा का कारोबार ही ऐसा था, जो चलता रहा। इसे देखकर दूसरे धंधों में लगे कुछ माफिया ने यहां अपना जाल फैला लिया।

चूंकि गोरखपुर से अगल-बगल के जिलों को वैध रूप से भी दवाएं भेजी जा रही हैं, इसलिए धंधेबाजों ने इस वैध नेटवर्क की आड़ में अपने धंधे को फैला दिया। इसके लिए हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड की धंधेबाज कंपनियों से इन माफिया ने संपर्क किया और ब्रांडेड कंपनी की दवा और नाम जैसे रैपर में दवाएं मंगानी शुरू की।

असली और नकली में फर्क करने के लिए बैच नंबर समेत अन्य तकनीकी पहलू पर जाना होगा, जो किसी ग्राहक के लिए आसान नहीं है। सूत्रों का कहना है कि नेपाल बॉर्डर के नजदीक बसे यूपी व बिहार के छोटे-छोटे कस्बों में खुली दुकानों के जरिए इन दवाओं को खपाया जा रहा है।

### साल्ट में छिपा है असली और नकली का खेल

दवा व्यवसाय से जुड़े सूत्र बताते हैं कि दवाओं के असली-नकली वाले इस खेल में असल मामला साल्ट का है। दवाओं का साल्ट महंगा नहीं होता, बल्कि उसकी टेस्टिंग, प्रचार, परिवहन और टैक्स आदि के चलते ब्रांडेड कंपनी का रेट बढ़ जाता है। उसी साल्ट और ब्रांडेड कंपनी के नाम पर बनाई गई दवा पर न तो किसी प्रकार का टैक्स देना होता है और न ही कोई अन्य खर्च। लिहाजा वह असली ब्रांड से आधे रेट पर बेच दी जाती है।

इससे दुकानदार को भी 50 प्रतिशत तक मुनाफा मिलता है। दुकानदार उस दवा को 10 से 15 प्रतिशत डिस्काउंट देकर ग्राहक को बेच देता है। गोरखपुर से नेपाल के मैदानी इलाकों में भी बड़े ब्रांड की दवाएं जाती हैं। वैध रूप से इन दवाओं को भेजने में काफी खर्च आता है।

इसलिए इनमें मुनाफा भी कम होता है, जबकि असली ब्रांड के नाम वाली ही वही दवा 50 प्रतिशत मुनाफा देती है। इसमें भी असली वाला साल्ट होता है। इसलिए अगर दवा पकड़ी भी गई तो रिपोर्ट सब स्टैंडर्ड (अधोमानक) श्रेणी में आता है। बस इस धंधे से जुड़े लोगों को कॉपी राइट का मामला मैनेज करना होता है।

### नशे के लिए प्रयुक्त हो रहा कफ सीरप

नकली और मिश्रित दवाओं के इस खेल के साथ-साथ बड़े पैमाने पर कोडिनयुक्त कफ सीरप का भी खेल चल रहा है। इस साल्ट वाली कफ सीरप को बच्चों के लिए खतरनाक बताया गया है। इसमें अफीम का प्रयोग होता है, इसलिए इसका प्रयोग लोग नशे के लिए करते हैं।

बताया जाता है कि बिहार और नेपाल के सीमावर्ती इलाके में इस सीरप का बड़े पैमाने पर उपयोग हो रहा है। बिहार में शराबबंदी के चलते भी इसका प्रयोग बढ़ा है। इसे पीने वालों के मुंह से शराब की दुर्गंध नहीं आती, इसलिए भी इसकी डिमांड अधिक है।

नेपाल के मैदानी इलाकों में इसकी खपत बिहार से भी अधिक हो गई है। पिछले साल महराजगंज में करीब 700 करोड़ की जो दवाएं पकड़ी गई थीं, उसमें इसी प्रकार के सीरप और टेबलेट थे। इन पर असली ब्रांड के रैपर लगाए गए थे।

## सात बहनों का खर्च उठाने दोस्तों संग लूटता था फोन, गिरफ्तार

**साहिबाबाद।** टीला मोड़ पुलिस ने मंगलवार को राह चलते लोग और महिलाओं से फोन लूटने वाले गिरोह के सरगना समेत तीन आरोपियों को कोयल एंक्लेव से गिरफ्तार किया है। तीनों से लूट के 16 फोन, एक लाख 72 हजार रुपये और चोरी की बाइक बरामद की है। तीनों लूट की रकम का बंटवारा करने के लिए कोयल एंक्लेव में पहुंचे थे। पुलिस इनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। कोयल एंक्लेव में रुपयों से भरे बैग के साथ जुबेर पुत्र चांद शेख निवासी तुलसी निकेतन और मोदीनगर के निवाड़ी रोड स्थित शिवपुरी के तुषार पुत्र संजीव व इमरान पुत्र सलीम निवासी दिल्ली हर्ष विहार को गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना जुबेर है। पुलिस उसे तीन बार गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वह जेल से छूटने के बाद लूट और छिनैती की घटनाएं करने लगता है।

इमरान और जुबेर दोनों दोस्त हैं। इमरान पर भी पांच मुकदमे दर्ज हैं। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि सरगना जुबेर ने पूछताछ में कबूला कि वह परिवार में सात बहनों के बीच अकेला भाई है। परिवार और बहनों का खर्च उठाने की जिम्मेदारी उसके ऊपर है। वह बहनों के खर्च को नहीं उठा पा रहा था। उसके पास नियमित रोजगार का कोई साधन भी नहीं था। खर्चा वहन करने के लिए उसने लूट की घटनाएं करनी शुरू कर दी थीं। धीरे-धीरे वह लूट और छिनैती की हर तरकीब सीख गया। उसने अपने साथ इमरान और फिर तुषार को भी शामिल कर लिया। वहीं, दोनों को चोरी की बाइक पर बैठाकर महिलाओं के गले से सोने की चेन और युवतियों से फोन लूटने में शामिल रखता था। लूट की चेन और फोन को वह किसी भी व्यक्ति को बेचकर रुपयों का आपस में बंटवारा करता था। पुलिस को जो एक लाख 72 हजार रुपये की रकम बरामद हुई है, वो आईफोन और अन्य मोबाइल को बेचकर मिली थी। जुबेर पर इंदिरापुरम में लूट व चोरी के 12 जबकि इमरान पर साहिबाबाद में लूट-चोरी के पांच मुकदमे दर्ज हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### टीम देखकर दुकानदार ने खुद ही नष्ट कर दी कचरी, हंगामा

**अमेठी , एजेंसी।** अमेठी सिटी। होली त्योहार के दौरान मिलावटी व असुरक्षित खाद्य पदार्थों की जांच के लिए अभियान चल रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच टीम जब अमेठी तहसील क्षेत्र में एक दुकान पर पहुंची तो रंगीन कचरी बेची जा रही थी। केमिकल रंग मिला होने की आशंका पर जांच टीम ने सैंपल देने के लिए कहा। गुस्साए दुकानदार ने मौके पर हंगामा करते हुए करीब चार किलोग्राम कचरी को कूड़े में ले जाकर पैरों से कुचल दिया। ऐसे में जांच टीम सैंपल एकत्र करने से वंचित हो गई। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि सैंपल देने से मना करने वाले दुकानदार के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम में केस दर्ज कराया जाएगा। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम होली पर्व के दौरान सोमवार से अभियान चला रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त राजेश द्विवेदी ने बताया कि जगदीशपुर व रामगंज से मैदा का एक-एक नमूना लिया गया। मुसाफिरखाना, भावापुर, शादीपुर व भेटुआ से आगे चार जगहों पर खोये का नमूना लिया गया। गौरीगंज बाजार से बेसन का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

### दलित की पिटाई करने के तीन दोषियों को तीन वर्ष की सजा

**सुल्तानपुर , एजेंसी।** दलित की पिटाई करने के मामले में स्पेशल जज एससी-एसटी एक्ट त्रिभुवन नाथ पासवान ने मंगलवार को तीन आरोपियों को दोषी मानते हुए तीन वर्ष की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषियों पर 48 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक गोरखनाथ शुक्ल के मुताबिक हलियापुर थाने के फतेहपुर गांव निवासी अनुसूचित जाति के छविलाल को 20 मार्च 2000 को अमेठी जिले के जगदीशपुर थाने के मटियारी कला गांव निवासी अमर बहादुर, रोहित व सरदार सिंह ने मारपीट कर चोटें पहुंचाईं और जातिसूचक गाली देते हुए अपमानित किया था। छविलाल ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इस दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पांच व बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह कोर्ट में पेश किए गए। मंगलवार को कोर्ट ने आरोपियों अमर बहादुर, रोहित व सरदार सिंह को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।

### तीन दिन में नहीं खर्च हुए 9.83 करोड़ तो होगी कार्रवाई

**अमेठी , एजेंसी।** ठोस-द्रव कचरा प्रबंधन में शासन से 9.83 करोड़ रुपये मिलने के बाद अभी तक खर्च शून्य है। डीपीआरओ ने जगदीशपुर व बाजारशुकुल में बैठक के दौरान अधिकारियों को फटकार लगाई। कहा कि तीन दिन में खर्च में प्रगति नहीं हुई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीपीआरओ मनोज कुमार त्यागी मंगलवार को बाजारशुकुल जांच के लिए पहुंचे। जहां दो गांवों में पहुंचकर सफाई कर्मचारियों की जांच की। इस दौरान वहां पर एक उपस्थित तो दूसरा अनुपस्थित मिला। इसके बाद बाजारशुकुल क्षेत्र में उन्होंने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, पंचायत सहायक आदि के साथ बैठक की। समीक्षा में सामने आया कि ठोस-द्रव कचरा प्रबंधन मद में मिले 3.94 करोड़ रुपये में से कुछ भी खर्च नहीं किया गया है।

इसके बाद में जगदीशपुर में हुई बैठक में सामने आया कि कचरा प्रबंधन के लिए मिले 5.89 करोड़ रुपये में से शून्य खर्च है। डीपीआरओ ने कहा कि संपूर्ण धनराशि मार्च माह में ही खर्च की जानी है। इसके लिए तीन दिन बाद फिर से समीक्षा की जाएगी। यदि प्रगति नहीं मिली तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

### लगातार दूसरे दिन ताज की सुरक्षा में चूक, नो फ्लाइंग जोन में उड़ा ड्रोन; सवालों के घेरे में सुरक्षा?

**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल की सुरक्षा पर चूक के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बुधवार को यहां पर नो फ्लाइंग जोन में ड्रोन उड़ाया गया। लोगों ने ड्रोन उड़ता देखा तो कौतूहल का विषय बन गया। इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। कई लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया। लोगों ने वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया तो यह वायरल हो गया। वीडियो वायरल हुआ तो क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई। लोग सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता पर सवाल खड़े करने लगे। बताते चलें कि इससे ठीक एक दिन पहले मंगलवार को विदेशी पर्यटकों ने ताज के सामने बैनर लहराया था।



## मुट्ठीगंज हादसा : मेरी आंखों के सामने ही मम्मी-पापा जलते रहे, मैं बचा नहीं पाई

**प्रयागराज, एजेंसी।** आंखों के सामने मम्मी -पापा के जिंदा जलने की कहानी बयां करते हुए शिवानी कांप उठती है। उसकी आंखों के सामने वह मंजर तैरने लगता है,जब वह आग की लपटों से घिरी अपनी मम्मी को बचाने की जद्दोजहद करती रही। वह बताती है कि भाभी के मायके वालों ने परिजनों को लकड़ी के पटरे से पीटा और फिर पेट्रोल छिड़ककर घर में आग लगा दी थी।

शिवानी उस घटना की चश्मदीद है, जिसकी आंखों से सामने यह सब हुआ। मंगलवार की सुबह पूरा सत्तीचौरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। वहां पहुंचने पर व्यवसायी के घर के चारों तरफ रोड पर पुलिस बैरिकेडिंग कर दी गई थी।

सिर्फ परिवार और मीडिया के अलावा अन्य किसी को जाने नहीं दिया जा रहा था। वहां पहुंचने पर देखा गया कि उनकी चारों बेटी एक दूसरे से लिपटकर रो रही थीं और कुछ महिलाएं उन्हें संभालने में लगी हुई थीं। घटना के बारे में पूछने पर शिवानी बताती हैं कि भैया अंशू चाचा राजू को लेकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गए। और उसी समय भाभी के मायके में भी फोन करके घटना की जानकारी दे दी गई।

भैया थाने से रिपोर्ट दर्ज कराकर लौट नहीं पाए थे कि भाभी के मायके से करीब 50 लोग घर पर पहुंच आए और मोटी-मोटी लकड़ी से उन लोगों पर हमला बोल दिया। इस हमले में मम्मी का सिर फट गया। वह खून से लथपथ हो गईं। वह लोग पापा-मम्मी दोनों को पीटने लगे। तब तक थाने से पुलिस आ गई और ऊपर कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतार कर नीचे गया गया। इसके बाद भाभी के मायके वालों ने घर के अंदर तोड़फोड़ करते हुए सबसे पहले ऊपर वाले कमरे में आग लगा दी।

इस दौरान मैं, मां, चाची और पिता घर के अंदर फंसे ही रह गए। भाभी के मायके वाले बाहर निकले और बाइक से पेट्रोल निकाल कर घर में आग लगा दी। फिर, बाहर से शटर गिराकर बंद कर दिए। वह लोग जोर-जोर से जान बचाने के लिए चिल्लाने लगे। नीचे आग की इतनी तेज लपटें थीं कि वह लोग जान बचाने के लिए ऊपर भागने लगे। मेरे साथ पापा और चाची तो ऊपर चढ़ गए, लेकिन जब चार सीढ़ी बची रह गई तो मां वहीं बैठ गई।

**पापा को देखकर चीखती रही शिवानी:** आग की लपट इतनी तेज थी कि उन्हें बर्दास्त नहीं हो रहा था। वह जलने की वजह से चीख रही थीं। उस समय बगल में चाची घर का शीशा तोड़कर मम्मी को वहां से बाहर निकलने के लिए गई, लेकिन मम्मी नहीं उठ पाईं। उस दौरान उनकी चाची भी जल गईं। उसके बाद वह और उनकी चाची बगल के छत पर कूद गईं। पापा को बुलाने लगीं, लेकिन पापा भी नहीं आ पाए। बोले बेटा मैं नहीं फांद पाऊंगा। इस दौरान पापा भी मम्मी को बचाने की कोशिश में जुट गए। घर में अंधेरा होने की वजह से दोनों मुझे दिखाई नहीं दे रहे थे। मम्मी के चिल्लाने की आवाज आ रही थी। मैं बोली मम्मी मैं तुम्हें लेने आ रही हूं। उसके बाद मैं वहां गई, लेकिन मेरे मम्मी-पापा वहां नहीं दिखे। दोनों ही मेरे आंखों के सामने जलते रहे और मैं उन्हें बचा नहीं पाई।

## भाभी से झगड़ा होने पर बुआ ने दो भतीजों की कर दी हत्या, परिवार में मचा कोहराम

**प्रयागराज, एजेंसी।** मेजा थाना क्षेत्र के हरगढ़ गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। भाभी से झगड़ा होने पर आक्रोशित होकर महिला ने अपने भाई के दो बेटों को मौत के घाट उतार दिया। महिला मानसिक रूप से बीमार बताई जा रही है। उसने दोनों बच्चों के सिर पर पटरे से प्रहार कर दिया। जिससे दोनों लहूलुहान हो गए। अस्पताल में दोनों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है। बच्चों की मौत अस्पताल में देर रात हुई।

संजय पुत्र शंकर भारतीय गांव हरगढ़ थाना मेजा के हरगढ़ गांव निवासी संजय के दो बच्चों लकी (5) और अभि (3) वर्ष को मौत के घाट उतार दिया गया। भाभी से संजय की बहन पूजा (35) ने घटना को अंजाम दिया। पूजा करीब वर्ष 10 साल से मानसिक रूप से बीमार है। अपनी भाभी पार्वती से झगड़ा होने पर वह आपा खो बैठी और अपने दोनों भतीजों को पटरी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।



जानकारी पाकर परिजन प्रयागराज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर इलाज के दौरान दोनों बच्चों की मौत हो गई। परिजन मृतक बच्चों को लेकर वापस घर आए। बच्चों के पिता संजय मुंबई में मजदूरी करने गया था। जानकारी पाकर वापस घर आ रहे हैं।

**डीसीपी ने कहा होगी कार्रवाई**

डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय का कहना है कि घटना के बाद से ही बुआ फरार चल रही है। वह मानसिक रूप से बीमार बताई जा रही है। पुलिस उसकी खोजबीन कर रही है। मामले में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। गांव में पुलिस बल तैनात किया गया।

## विदेशी पर्यटकों ने ताज की सुरक्षा पर लगाई सेंध

**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में मंगलवार को ताजमहल में विदेशी पर्यटकों का एक बैनर लहराने का फोटो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। दो विदेशी ताजमहल में सेंट्रल टैंक के पास फ्रेंच भाषा मे लिखे बैनर को लहराते हुए दिख रहे हैं। फोटो में दावा किया गया है कि बैनर लहराने का मामला मंगलवार शाम का है।

इसका फोटो पर्यटक ने खींचा है। इसमें विदेशी महिला व पर्यटक और दूसरे फोटो में महिला पर्यटक ताजमहल के आगे बैनर हाथ में लेकर पोज दे रही है। बैनर में फ्रेंच भाषा में हियर इट इज एन लिखा हुआ है। इस फोटो के वायरल होने के बाद सीआईएसएफ की सुरक्षा और जांच पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

बताते चलें कि पहले भी कई बार ताज में बैनर, पोस्टर लहराने के मामले आये हैं। इस मामले में अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. राजकुमार पटेल ने बताया कि बैनर लहराए जाने के मामले में सीआईएसएफ से रिपोर्ट मांगी जा रही है।

## प्रतिबंधित दवाओं का बैच मिलने पर कार्रवाई

**कन्नौज , एजेंसी।** आयुर्वेदिक दवाओं के संबंधित बैच की 32 दवाओं पर प्रतिबंध लगने के बाद से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। सरकारी अस्पतालों में इन दवाओं की सप्लाई नहीं हो रही है। वहीं बाजार में यह मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध हैं। विभाग की ओर से इन दवाओं जांच की जाएगी। प्रतिबंधित दवाओं का बैच मिलने पर कार्रवाई होगी।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार ने बताया कि अलग-अलग जिलों से आयुर्वेदिक दवाओं के नमूने पिछले साल लिए गए थे, जिनकी जांच रिपोर्ट आ गई हैं। शासन ने इन दवाओं के संबंधित बैच को प्रतिबंधित कर दिया है। जिले में 18 आयुर्वेदिक और तीन यूनानी अस्पताल संचालित हो रहे हैं, लेकिन किसी भी आयुर्वेदिक और यूनानी अस्पताल में यह दवाएं वितरित नहीं हो रही हैं। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि आयुर्वेदिक सेवा निदेशक लखनऊ डॉ. पीसी सक्सेना की ओर से जारी पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि इन दवाओं के उत्पादन, आपूर्ति और बिक्री पर रोक लगा दी जाए। जिले के सरकारी अस्पतालों में इन दवाओं की आपूर्ति नहीं होती है। आयुर्वेदिक और यूनानी मेडिकल स्टोर की जांच की जाएगी। अगर प्रतिबंधित दवाएं मिलती हैं तो दवाओं को जब्त कर कार्रवाई की जाएगी। नए बैच की संबंधित दवाएं तभी बिकेंगी, जब उनकी जांच हो जाएगी।विश्वास गुड हेल्थ कैप्सूल आयुर्वेदा, पेननिल चूर्ण, एज-फिट चूर्ण, अमृत आयुर्वेदिक चूर्ण, स्लीमेक्स चूर्ण, दर्द मुक्ति चूर्ण, आर्थोनिल चूर्ण, योगी केयर, माइकॉन गोल्ड कैप्सूल, डायबियंट शुगर केयर टैबलेट, हाईपावर मूसली कैप्सूल, डायबियोग केयर, झंडु लालिमा ब्लड एंड स्किन प्यूरिफायर, हेल्थ गुड सीरप, हेपलिव डीएस सीरप, सिस्टोन सीरप, बायना प्लस आयल, वातारिन ऑयल, लिव-52, न्यू रिविल, बोस्टा एमआर टैबलेटमिलावट पाई गई।

# लखनऊ लोकसभा सीट: वोट 27.93 प्रतिशत तक बढ़ा, फिर भी हार गई कांग्रेस

### सिर्फ 2009 में मुश्किल में आई भाजपा

**लखनऊ , एजेंसी।** भाजपा का गढ़ कही जाने वाली लखनऊ लोकसभा सीट पर 2009 के आम चुनाव में पार्टी का वोट शेयर 21.19 प्रतिशत कम हो गया था। हालांकि, सीट भाजपा के पास ही रही। इस चुनाव में विपक्ष का वोट शेयर 27.93 फीसदी बढ़ा, लेकिन मत कम मिलने से कांग्रेस प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। बीते तीन दशक में पहली बार पार्टी को मिलने वाला वोट शेयर कम होने से भाजपा संगठन ने अपने कद्दावर नेता राजनाथ सिंह को 2014 में मैदान में उतारा तो पिछले सारे रिकार्ड टूट गए और वोट शेयर 19.34 प्रतिशत तक बढ़ गया।

दरअसल दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सीट से 2009 के चुनाव में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालजी टंडन को मैदान में उतारा गया। इसमें उन्हें 2,04,028 वोट मिले, जोकि वर्ष 2004 की तुलना में पार्टी का वोट शेयर 21.19 प्रतिशत कम था। हालांकि, विपक्ष के प्रत्याशी से अधिक मत मिलने के चलते भाजपा को जीत मिली। इस चुनाव में भाजपा को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की कमी बेहद खली। जिसका पूरा लाभ कांग्रेस को मिला। वहीं, 2004 के लोकसभा चुनाव की तुलना में कांग्रेस का मत 27.93 प्रतिशत बढ़ गया। हालांकि, इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी 1,63,127 वोट पाने के बावजूद हार गईं। भाजपा की परंपरागत सीट पर 21.19 प्रतिशत वोट शेयर गिरने से संगठन सोचने पर मजबूर हो गया।



### राजनाथ ने तोड़े रिकॉर्ड

2014 में भाजपा ने राजनाथ सिंह को मैदान में उतारा तो मतदान के सारे रिकॉर्ड टूट गए। भाजपा का वोट शेयर 19.34 प्रतिशत तक बढ़ गया। राजनाथ सिंह ने इस चुनाव में 5. 61 लाख से ज्यादा वोट हासिल किए। कांग्रेस की रीता बहुगुणा जोशी को सिर्फ 2.88 लाख वोट मिले। इस चुनाव में राजनाथ सिंह ने लखनऊ से 2.77 लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की। इसी तरह 2019 के चुनाव में राजनाथ सिंह ने 3.47 लाख से ज्यादा वोटों से भाजपा का परचम लहराया।

### इसलिए लखनऊ है महत्वपूर्ण

लखनऊ से भाजपा पिछले आठ चुनाव जीतती आ रही है। 1991 से पांच बार अटल बिहारी बाजपेयी यहां से सांसद रहे। इसके बाद 2009 में लालजी टंडन और 2014 व 2019 में लगातार दो बार राजनाथ सिंह सांसद रहे हैं। तीसरी बार फिर भाजपा ने राजनाथ सिंह पर ही भरोसा जताया है। बीते आठ चुनावों में अगर 2009 का लोकसभा चुनाव छोड़ दिया जाय तो भाजपा प्रत्याशी हर बार बड़े अंतर से जीतता रहा है। वोट शेयर भी समृद्ध बना रहा।

## रंजिश में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, हुई फायरिंग, आठ घायल

**तिर्वा , एजेंसी।** रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे और धारदार हथियार समेत हवाई फायरिंग भी हुई। इस घटना से गांव में दहशत है। मारपीट में दोनों पक्षों से आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर 42 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर की है।

ठठिया थाना क्षेत्र के मलगई गांव निवासी शमशुल खां व आसिफ खां के परिवार के बीच चार साल से रंजिश है। शमशुल खां की पत्नी कैसरजहां ने बताया कि पांच दिन पहले दोपहर को बेटा फकरुल हसन ताऊ के घर जा रहा था। तभी गांव निवासी आसिफ खां, जुनैद खां, उस्मान, आलीशान, जीशान, अलीरजा, फखरुद्दीन, आयसे आलम, नफीस, तौसीफ खां, कामरान खां, रुकसाना बेगम, हाफिज खां, मुशीर खां, मुनीर, निहाल, गुल्फ़सा, जाकिर खां, रब्बानी खां, हफीज समेत हनीफ खां ने घेर लिया और जान से मार देने की नीयत से हमलाकर दिया। बेटा वहां से भाग निकला तो आरोपियों ने पीछाकर फायर कर दिया। बेटा घबराकर एक घर के अंदर घुस गया तो आरोपी उसे घसीटते हुए सड़क पर ले आए। घटना देख परिवार के अन्य लोग बचाने दौड़े तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया।



## संपादकीय

# सभी धर्मों का आदर हो

अहमदाबाद में गुजरात यूनिवर्सिटी हॉस्टल में घुसकर जिस तरह स्थानीय निवासियों की भीड़ ने नमाज पढ़ रहे विदेशी छात्रों पर हमला किया, वह घटना तो गंभीर है ही, उससे निपटने के तरीकों से जुड़ी शुरुआती सूचनाएं भी कुछ सवाल खड़े करती हैं। यह देश की अंतरराष्ट्रीय छवि से जुड़ी संवेदनशील घटना है। सबसे पहले घटना से जुड़े बुनियादी तथ्यों को समझने की जरूरत है। शुरुआती सूचनाओं के मुताबिक हमलावर भीड़ बाहर से आई थी। जिन विदेशी छात्रों पर हमला हुआ वे अपने कमरे से बाहर, लेकिन हॉस्टल परिसर के अंदर नमाज पढ़ रहे थे। भीड़ ने उन्हें रोकते हुए कहा कि नमाज पढ़ना है तो मस्जिद में जाएं। इसके बाद दोनों पक्षों में कहा-सुनी हुई और भीड़ ने कमरों में घुसकर तोड़फोड़ की। अच्छी बात है कि पुलिस ने कार्रवाई में तेजी दिखाई। दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और पुलिस का कहना है कि बाकी आरोपियों को भी जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मामले के मद्देनजर न सिर्फ राज्य के गृहमंत्री ने पुलिस के आला अधिकारियों के साथ बैठक की बल्कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने भी अतिरिक्त सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले कदम उठाए। फिर भी कुछ बातें गौर करने की हैं। गुजरात यूनिवर्सिटी में स्टडी एब्रॉड प्रोग्रैम 2005 से ही चल रहा है, लेकिन इस तरह की यह पहली घटना है। जैसा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन का भी कहना है कि ऐसी घटना रातों-रात नहीं हो सकती। निश्चित रूप से इसकी पृष्ठभूमि पहले से तैयार हो रही होगी। आगे ऐसी घटना फिर से न हो, इसके लिए उन हालात पर भी विचार करना जरूरी है, जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। इस तरह की जांच सही नजरिए के साथ किए जाने की जरूरत है, तभी सही नतीजे मिलेंगे। यूनिवर्सिटी प्रशासन की तरफ से मीडिया में आए कुछ बयानों में कहा गया है कि विदेशी छात्रों को सांस्कृतिक तौर पर ज्यादा संवेदनशील होने की जरूरत है। ऐसा बयान न सिर्फ अनावश्यक है बल्कि जांच की सही दिशा को लेकर भ्रम भी पैदा कर सकता है।

# नेपाल में भारत बनाम चीन, ड्रैगन का मोहरा बने ओली, प्रचंड ने काठमांडू को बनाया जंग का मैदान?

(प्रियेश मिश्र)

नेपाल इन दिनों भारत और चीन के बीच जंग का अखाड़ा बना हुआ है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने हाल में ही भारत समर्थक नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन तोड़कर चीन के गुलाम केपी शर्मा ओली के साथ सरकार बनाई है। इससे नेपाल में चीन का प्रभाव काफी ज्यादा बढ़ गया है। नेपाल में एक चौंकाने वाले राजनीतिक घटनाक्रम ने इस हिमालयी देश को चीन के करीब कर दिया है। इससे भारत की मुश्किलें बढ़ने का अंदेशा जताया जा रहा है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने पिछले हफ्ते नेपाली कांग्रेस का साथ छोड़कर चीन के कट्टर समर्थक केपी शर्मा ओली की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी यूएमएल के साथ गठबंधन कर लिया था। यह घटनाक्रम तब सामने आया, जब नेपाली विदेश मंत्री कुछ हफ्ते पहले ही भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की थी। नेपाल की दो सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टियों का एक होना और मालदीव में भारत का पीछे हटना चीन के बढ़ते प्रभाव का संकेत माना जा रहा है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू अपने पद की गरिमा से उलट चीन के गुलाम जैसा काम कर रहे हैं।

**चीन के करीबी हैं कम्युनिस्ट नेता:** निक्केई एशिया से बात करते हुए काठमांडू स्थित राजनीतिक टिप्पणीकार युबराज घिमिरे ने कहा, भारत के बारे में कुछ राजनीतिक दलों में गहरी नापसंदगी है। हालांकि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण पड़ोसी है, लेकिन कई राजनीतिक दल इस पर भरोसा नहीं करते हैं।यह अक्सर उन्हें भारत के प्रभाव के प्रति संतुलन के रूप में चीन की ओर ले जाता है। भारत के प्रभाव को कम करने के विपक्ष के आह्वान के बावजूद, दिल्ली ने श्रीलंका में वह कूटनीतिक जमीन वापस पा ली है जो उसने चीन से खो दी थी। भूटान और बांग्लादेश में भी भारत मजबूत स्थिति में है, जहां हाल ही में फिर से निर्वाचित प्रधान मंत्री शेख हसीना के साथ दिल्ली के मजबूत संबंध हैं।

**भारत-चीन के बीच बुरा फंसा नेपाल:** हालांकि, नेपाल में घटनाक्रम से अटकलें तेज हो गई हैं कि भारत-चीन विवाद में नेपाल बुरी तरह से फंसने वाला है। नेपाल में सत्ता परिवर्तन पर भारत ने आधिकारिक तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, पर्यवेक्षकों का कहना है कि नेपाल में सत्ता परिवर्तन भारत के लिए एक स्पष्ट झटका है, क्योंकि नए गठबंधन में कई छोटी वामपंथी पार्टियां भी शामिल हैं। इसके विपरीत, चीन ने तुरंत नए गठबंधन को बधाई दी और मजबूत संबंधों का आह्वान किया। इस घटना ने उन अफवाहों को हवा दी कि उसने इस बदलाव में पर्दे के पीछे की भूमिका निभाई है। इस बदलाव के कुछ दिनों बाद एक चीनी सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने नेपाल का दौरा किया और बाद में रक्षा सहयोग बढ़ाने का वादा किया।

**नेपाल में अमेरिका की भी टेंशन बढ़ी:** नेपाल में वामपंथी गठबंधन की एकता पर अमेरिका की भी टेंशन बढ़ गई है। ऐसी रिपोर्ट है कि अमेरिका ने भारत के साथ मिलकर नेपाली नेताओं को इस तरह के कदम के खिलाफ आगाह किया था। इस पर घिमिरे ने कहा, भारत और अमेरिका ने यह सुनिश्चित करने के लिए महीनों तक काम किया कि कम्युनिस्ट काठमांडू में मिलकर सरकार न बनाएं। लेकिन दोनों देश निश्चित रूप से उस प्रयास में विफल साबित हुए हैं।

**नेपाली कांग्रेस से क्यों अलग हुए प्रचंड:** कहा जा रहा है कि यह उथल-पुथल प्रचंड की इस चिंता के कारण हुई है कि उनके गठबंधन सहयोगी गुट धर्मनिरपेक्षता पर बहस फिर से शुरू करने जा रहे हैं। इसे कुछ लोगों ने भारत के मौन समर्थन के साथ नेपाल की हिंदू राजशाही को बहाल करने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा। नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड एक पूर्व माओवादी गुरिल्ला नेता हैं। उन्होंने ने भारत द्वारा 2006 में शत्रुता समाप्त करने वाले शांति समझौते से पहले शाही व्यवस्था के खिलाफ एक दशक लंबे विद्रोह का नेतृत्व किया था। इसके दो साल बाद, देश की 240 साल पुरानी राजशाही को समाप्त कर दिया गया और नेपाल एक गणतंत्र में बदल गया।

**नेपाल में चीन का बढ़ रहा प्रभाव:** नेपाल के राजनीतिक गठबंधनों का अल्पकालिक होने का एक लंबा इतिहास रहा है। इस देश में चीन का प्रभाव भी काफी तेजी से बढ़ा है। नेपाली कम्युनिस्टों और चीन के संबंध पारंपरिक रूप से तिब्बत की सुरक्षा और नेपाल में तिब्बती समर्थकों के चीनी विरोधी गतिविधियों को रोकने से जुड़े हुए हैं। ऐसे में नई सरकार के गठन के बाद अब प्राथमिकता चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत रुकी हुई परियोजनाओं पर केंद्रित हो गई है, जो चीन की दूसरे देशों को कर्ज के जाल में फंसाने वाला विश्वव्यापी अभियान है। इस परियोजना ने कई देशों को कर्ज में डूबो दिया है।

# विपक्ष के नकारात्मक प्रचार पर क्या मोदी के सकारात्मक प्रचार को मिलेगी जीत?

**लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक-झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग-रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए।**

(ललित गर्ग)

इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा।

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक-झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग-रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए।

इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश-निर्माण के संकल्प की है। असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द-गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं- आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत-सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं।

इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। बाकी सभी मर्यादाएं, प्रक्रियाएं हम तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही नेतृत्व जब तक पुनः प्रतिष्ठित नहीं होगी तब तक संभालने की जंग भी जारी है। ऐसे में मोदी ही सबसे प्रभावी नेता बन कर सामने आ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाए ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिलाकर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में



मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा-रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गड़ाए रखें। इस दृष्टि से सबकी नजरे मोदी पर ही लगी हैं।

मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है। सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा।

विपक्षी दलों ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की सम्भावनाओं को इन विपक्षी दलों ने उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानो ऐसे तत्व पूरी तरह छा गए हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे। यही आधुनिक चुनावों का घोषणा पत्र है, जिस पर लगता है कि सभी विपक्षी दलों ने हस्ताक्षर किये हैं। भला इन स्थितियों के बीच उन्हें वास्तविक जीत कैसे हासिल हो? आखिर जीत तो हमेशा सत्य की ही होती है और सत्य इन तथाकथित राजनीतिक दलों के पास नहीं है। महाभारत युद्ध में भी तो ऐसा ही परिदृश्य था। कौरवों की तरफ से सेनापति की बागडोर आचार्य द्रोण ने संभाल ली थी।

एक दिन दुर्योधन आचार्य पर बड़े क्रोधित होकर बोले-''गुरुवर कहां गया आपका शौर्य और तेज? अर्जुन तो हमें लगता है समूल नष्ट कर देगा। आप के तीरों में जंग क्यों लग गई। बात क्या है?'' आज लगभग हर राजनीतिक दल और उनके नेतृत्व के सम्मुख यही प्रश्न खड़ा है और इस प्रश्न का उत्तर भी और कहीं नहीं, उन्हीं के पास है। राजनीति की दूषित हवाओं ने हर राजनीतिक दल और उसकी चेतना को दूषित कर दिया है। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। इसकी वजह से लोगों में विपक्षी दलों के प्रति विश्वास इस कदर उठ गया है कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सच्चाई की साक्षी ढूंढ़ती हैं। यही कारण है कि दुर्योधन की बात पर आचार्य द्रोण को कहना पड़ा, ''दुर्योधन मेरी बात ध्यान से सुनो। हमारा जीवन इधर ऐश्वर्य में गुजरा है। मैंने गुरुकुल के चलते स्वयं 'गुरु' की मर्यादा का हनन किया है। हम सब राग रंग में व्यस्त रहे हैं। सुविधाभोगी हो गए हैं, पर अर्जुन के साथ वह बात नहीं। उसे लाक्षागृह में जलना पड़ा है, उसकी आंखों के सामने द्रौपदी को नग्न करने का दुःसाहस किया गया है, उसे दर-दर भटकना पड़ा है, उसके बेटे को सारे महारथियों ने घेर कर मार डाला है, विराट नगर में उसे नपुंसकों की तरह दिन गुजारने को मजबूर होना पड़ा। अतः उसके वाणों में तेज होगा कि तुम्हारे वाणों में, यह निर्णय तुम स्वयं कर लो। लगभग यही स्थिति आज के राजनीतिक दलों के सम्मुख खड़ी है। किसी भी राजनीतिक दल के पास आदर्श चेहरा नहीं है, कोई पवित्र एजेंडा नहीं है, किसी के पास बांटने को रोशनी के टुकड़े नहीं हैं, जो नया आलोक दे सकें। जो मोदी रूपी अर्जुन के देश-विकास के बाणों का मुकाबला कर सके।

यह वक्त विपक्षी दलों और उनके उम्मीदवारों को कोसने की बजाय मतदाताओं के जागने का है। आज मतदाता विवेक से कम, सहज वृति से ज्यादा परिचालित हो रहा है। इसका अभिप्रायः यह है कि मतदाता को लोकतंत्र का प्रशिक्षण बिल्कुल नहीं हुआ। सबसे बड़ी जरूरत है कि मतदाता जागे, उसे लोकतंत्र का प्रशिक्षण मिले। हमें किसी पार्टी विशेष का विकल्प नहीं खोजना है। किसी व्यक्ति विशेष का भी विकल्प नहीं खोजना है। विकल्प तो खोजना है भ्रष्टाचार का, अकुशलता का, प्रदूषण का, भीड़तंत्र का, गरीबी के सन्नाटे का, महंगाई का, राजनीतिक अपराधों का। यह सब लम्बे समय तक त्याग, परिश्रम और संघर्ष से ही सम्भव है। धृतराष्ट्र रूपी दलों की आंखों में झांक कर देखने का प्रयास करेंगे तो वहां शून्य के सिवा कुछ भी नजर नहीं आयेगा। इसलिए हे मतदाता प्रभु! जागो! ऐसी रोशनी का अवतरण करो, जो दुर्योधनों के दुष्टों को नंगा करें और अर्जुन के नेक इरादों से जन-जन को प्रेरित करें।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# बड़ी उम्मीदों को हवा देने लगा चुनाव

**इस सदी के शुरुआती सालों में चुनावी सभाओं में धोती या साड़ी बांटने से आगे बढ़ते हुए द्रमुक ने साल 2006 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले रंगीन टेलीविजन बांटने का वादा कर दिया। तब से वहीं नहीं, बल्कि पूरे देश में मानो होड़ लग गई, एक से एक बढ़कर वादे करने और फिर उस हिसाब से खर्च करने की। अब तो मामला लोगों के हाथों में सीधे नकद रकम रखने तक पहुंच गया है। यह किस्सा पिछले लोकसभा चुनाव का है। जब कांग्रेस पार्टी ने चुनाव जीतने पर न्याय योजना लागू करने का वादा किया। इसके तहत हरेक परिवार को हर महीने बारह हजार रुपये सीधे बैंक खाते में देने की व्यवस्था होनी थी।**

**(आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार)**

चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव की तारीखें आने के बाद अब वादों और इरादों की लाइन लगने वाली है। यह भारत में ही नहीं, दुनिया में सबसे बड़े चुनावों का साल है। भारत में तो लोकसभा के साथ-साथ कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव होंगे, मगर अब पूरी तैयारी दिख रही है कि एक देश एक चुनाव की तरफ बढ़ने का इंतजाम हो जाए। इसकी सिफारिश करने वाली कोविंद समिति ने कहा है कि एक साथ चुनाव होने से इस मद में खर्च कम होगा और इसका असर देश की जीडीपी में बड़े उछाल के रूप में भी सामने आएगा। समिति ने बताया है कि साथ-साथ चुनाव कराने से जीडीपी में लगभग डेढ़ प्रतिशत की बढ़त होगी, यानी साढ़े चार लाख करोड़ रुपये अर्थव्यवस्था में और जुड़ जाएंगे।

इस दावे पर कई तरह के विवाद हो सकते हैं और होंगे भी। सभी जानना चाहेंगे कि देश की तरक्की में ऐसी तेजी लाने वाला जादुई फॉर्मूला क्या है? पिछले दो-तीन दशकों में तमाम अर्थशास्त्री इस बात को भी मानने लगे हैं कि चुनाव अर्थव्यवस्था की रफ्तार तेज करने में भी भूमिका निभाते हैं। खासकर चुनाव खर्च की वजह से गरीबों और ग्रामीण इलाकों में जो नकद रकम लोगों के हाथ में पहुंचती है, वह सीधे बाजार में आकर मांग बढ़ाने का काम करती है। कुछ ही समय पहले अर्थशात्रियों ने यह अनुमान जोड़ा है कि साल 2024 के चुनाव में राजनीतिक पार्टियां और उम्मीदवार करीब एक लाख करोड़ रुपये का खर्च करेंगे और इससे इसी तिमाही के दौरान जीडीपी में करीब आधा प्रतिशत की तेजी आ सकती है। विवाद की गुंजाइश तो इस दावे में भी है, लेकिन चुनाव को लेकर उससे बड़ा विवाद है मुफ्तखोरी का। मुफ्त बिजली। बस इतना कहना काफी है। सब समझ जाते हैं कि बात राजनीति की हो रही है। हालांकि, गूगल पर यही टाइप करें, तो सामने रिजल्ट आते हैं कि आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'प्रधानमंत्री सूर्य घर = मुफ्त बिजली योजना' का फायदा कैसे उठा सकते हैं? देश भर के एक करोड़ घरों को इस योजना का लाभ मिल



सकता है। हर एक घर को तीस हजार से लेकर 78 हजार रुपये तक का फायदा मिल सकता है और तीन सौ यूनिट बिजली भी फ्री हो जाएगी। यह योजना अपने आप में खासी आकर्षक है, लेकिन क्या लोग भूल गए कि साल 2015 में दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जीत की एक बड़ी वजह उसका मुफ्त बिजली, पानी का वादा भी था। एक बार सरकार बनाने के बाद उसने इसे लागू किया, तो यह लगने लगा कि उसे दिल्ली की सत्ता से कोई अलग कर ही नहीं सकता। कुल मिलाकर, 27 राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में सरकारें किसी न किसी तरह मुफ्त या रियायती बिजली देने के इंतजाम में लगी थीं। बिजली मंत्रालय के आंकड़े दिखाते हैं कि यह होड़ शुरू होने के पहले ही, यानी साल 2020-21 में सस्ती बिजली पर सरकारें मिलकर सवा लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की भरपायी सब्सिडी देकर कर रही थीं।

मुफ्त बिजली, मुफ्त अनाज, टैबलेट, लैपटॉप, मोबाइल या ऐसी तमाम चीजों के वादे चुनाव अभियान का हिस्सा बनते हैं और पार्टियां एक-दूसरे पर वोटरों को खरीदने का आरोप लगाने के साथ खुद भी इस फेहरिश्त को बढ़ाने में भागीदार बनती रहती हैं। अब इनमें से ज्यादातर चीजों पर बहस हो सकती है कि ये चुनावी रेवड़ियां हैं या देश-प्रदेश की बड़ी आबादी के लिए अब यह जरूरी हो चुकी हैं।

अब मुफ्त शिक्षा और मिड-डे मील योजना के औचित्य पर बहस बंद हो चुकी है, और इनको सबने स्वीकार कर लिया है। इस सदी के शुरुआती सालों में चुनावी सभाओं में धोती या साड़ी बांटने से आगे बढ़ते हुए द्रमुक ने साल 2006 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले रंगीन टेलीविजन बांटने का वादा कर दिया। तब से वहीं नहीं, बल्कि पूरे देश में मानो होड़ लग गई, एक से एक बढ़कर वादे करने और फिर उस हिसाब से खर्च करने की। अब तो मामला लोगों के हाथों में सीधे नकद रकम रखने तक पहुंच गया है। यह किस्सा पिछले लोकसभा चुनाव का है। जब कांग्रेस पार्टी ने चुनाव जीतने पर न्याय योजना लागू करने का वादा किया। इसके तहत हरेक परिवार को हर महीने बारह हजार रुपये सीधे बैंक खाते में देने की व्यवस्था होनी थी। विशेषज्ञों ने हिसाब जोड़ा कि ऐसे ही भारत की जीडीपी का पांच से दस प्रतिशत हिस्सा जन-कल्याण योजनाओं पर खर्च होता है। उनका कहना था कि अगर 'यूनिवर्सल बेसिक इनकम' या सबको कुछ पैसा देने वाली न्याय योजना या ऐसा कुछ और होता है, तो उस पर भी लगभग इतना ही खर्च होगा। यह रकम कहां से आएगी?

लेकिन इन सवालों के बीच ही केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना लागू करने का एलान किया। कोरोना के हमले के बाद जो मुफ्त अनाज योजना शुरू हुई, वह तो लगता है कि अब अनंतकाल तक चलने वाली है। इसके मुकाबले काम के बदले अनाज या मनरेगा जैसी योजनाएं ज्यादा फायदेमंद हैं या नहीं, इस पर विद्वान आज भी एकमत नहीं दिखते। दोनों ही पक्षों के पास अपने-अपने तर्क हैं।

साल 1936 में मशहूर अर्थशास्त्री कीन्स ने जो व्याख्या दी है, उसके हिसाब से आर्थिक तरक्की को तेज करने और रोजगार पैदा करने के लिए सरकारों को बुनियादी ढांचे पर खर्च तेजी से बढ़ाना चाहिए, ताकि अर्थव्यवस्था में मांग भी पैदा हो और लोगों को काम भी मिले, पर सवाल है कि सिर्फ रोजगार के लिए काम करवाने का क्या मतलब है? अब दुनिया भर के तमाम विद्वान इस बात पर एकमत होते दिख रहे हैं कि आने वाले वक्त में हर हाथ के लिए काम का इंतजाम करना संभव नहीं होगा। ऐसे में, सरकार और समाज को रास्ता निकालना होगा कि कैसे सभी की मदद की व्यवस्था की जाए। अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी भी मानते हैं कि गरीबों के हाथ में सीधे पैसा पहुंचाना कतई नुकसानदेह नहीं है। कुल मिलाकर, हम ऐसे दौर में पहुंच गए हैं, जहां सीधे-सीधे फायदा देने वाले या लुभाने वाले वादे अब किसी एक इलाके या किसी एक पार्टी तक सीमित नहीं रह पाएंगे। पैकिंग का फर्क हो सकता है, लेकिन वादे तो सभी को करने पड़ेंगे!

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**



# दुबई में चाहिए नौकरी तो इन चीजों की तैयारी करना अभी से कर दें शुरू

**दुबई में नौकरी करने का सपना कई लोगों का होता है। हालांकि यहां नौकरी पाने के लिए आपको कुछ चीजों के बारे में जान लेना चाहिए।**

ज्यादातर लोग अपने करियर के किसी ना किसी पड़ाव पर विदेश जाकर नौकरी करने का सोचते हैं। विदेश में नौकरी करना कई लोगों का सपना होता है। खासकर भारत से दुबई जाने में ज्यादा खर्च नहीं आता है। यह भी एक कारण है जिसके वजह से लोग दुबई जाकर नौकरी करते है। अगर आप भी दुबई में नौकरी करने का प्लान कर रहे हैं तो इन चीजों के बारे में जान लें।

## अंग्रेजी सीख लें

अगर आपको दुबई में नौकरी करना है तो आपकी अंग्रेजी ठीक होनी चाहिए। अगर आपकी अंग्रेजी ठीक नहीं है तो आपको नौकरी मिलने में दिक्कत हो सकती हैं। अगर आपकी अंग्रेजी ठीक है तो आपको आसानी से किसी भी पोस्ट की नौकरी मिल जाएगी।

## कम्युनिकेशन स्किल्स

आपको अपने कम्युनिकेशन स्किल्स पर विशेष ध्यान देने की जरूरत हैं। अगर आपका कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छा है तो आपको नौकरी मिलने में दिक्कत नहीं होगी। दुबई में अच्छी नौकरी के साथ आपको काफी अच्छा सैलरी भी दी जाती हैं।

### दुबई में नौकरी कैसे ढूंढें

- कई लोग को यह समझ नहीं आता है कि उन्हें दुबई में नौकरी की तलाश कैसे करनी हैं। अगर आपको दुबई में नौकरी चाहिए तो आपको LinkedIn की मदद से नौकरी की तलाश करना चाहिए।
- इसके अलावा आप चाहे तो Indeed की मदद से भी नौकरी मिल सकती हैं।
- जब तक आपको नौकरी नहीं मिलती हैं तब तक आप टूरिस्ट वीजा पर दुबई जाकर नौकरी की तलाश कर सकते हैं।



# अच्छी नौकरी और बेहतर लाइफस्टाइल के लिए कारगर बैचलर ऑफ वोकेशन डिग्री

**बैचलर ऑफ वोकेशन डिग्री उन युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर कारगर साबित होता है जो अच्छी नौकरी और बेहतर लाइफस्टाइल के नवीन अवसरों व स्किल्ड जॉब्स की तलाश में रहते हैं।**

सभी लोग एजुकेशन के बाद अच्छी नौकरी, वेतन और करियर के साथ बेहतर भविष्य चाहते हैं। इसके लिए छात्र देश से लेकर विदेश तक जाकर पढ़ाई भी जमकर करते हैं। क्योंकि जितनी अच्छी नौकरी होगी, उतना अच्छा जीवन होगा। अच्छे करियर के लिए ज्यादातर स्टूडेंट्स साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग या मैथमेटिक्स स्ट्रीम को चुनते है। इसकी एक सबसे बड़ी वजह है कन्वेंशनल इंजीनियरिंग डिग्री में सभी तरह के इम्पोर्टेन्ट अध्यन का न मिल पाना। इसी अपूर्ण को पूर्ण करने के लिए भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी अपने विभिन्न कोर्सो के माध्यम से स्टूडेंट्स को बीवोक कोर्स कराता है। जिस से सभी स्टूडेंट्स अपने स्किल को डेवलप कर अपना करियर बना सकें।

## क्या है बीवोक कोर्स

यह एक तीन साल का डिग्री कोर्स होता है, जिसे विभिन्न विषयों जैसे होटल मैनेजमेंट, मेटल कन्स्ट्रक्शन, उद्यमिता विकास, हेल्थकेयर में स्किल डेवलप कराया जाता है। इसका का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है और छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण के साथ विभिन्न आधुनिक क्षेत्रों में कार्य करने के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान करना है। इससे युवा अपने भीतर छिपे हुए हुनर को विकसित कर पाएंगे।

## बीवोक कोर्स करने की योग्यता

यह कोर्स आप 10वीं के बाद भी कर सकते हैं, बशर्ते आपको दसवीं के बाद 2 साल की आईटीआई का कोर्स करना होगा, उसके बाद आप वोकेशन कोर्स कर सकते है। वहीं अगर आप 12वीं के बाद करना चाहते हैं, लेकिन कुछ सब्जेक्ट्स के लिए आपकी स्ट्रीम उस सब्जेक्ट से संबंधित होनी चाहिए। वोकेशन कोर्स की एडमिशन हर साल होता है, इसके लिए आपको इंटर्नशिप एग्जाम देना आवश्यक है। इंटर्न्स एग्जाम पास होने वाले स्टूडेंट्स का ही एडमिशन लिया जाता है। इस कोर्स में 3 साल में 6 सेमेस्टर होते है और हर सेमेस्टर में आपका एग्जाम होता है तथा आपको हर सेमेस्टर में एग्जाम पास करने के बाद आपको सर्टिफिकेट दिया जाता है। अगर आप किसी कारणवश पहले साल में इस कोर्स को छोड़ देते है तो आपको डिप्लोमा का सर्टिफिकेट भी मिलता है। वहीं तीनों साल को पूरा करेंगे तो आपको ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त होगी।

## बीवोक कोर्स क्यों करें

आज के समय में छात्र अपनी स्किल डेवलप करने वाले कोर्स करने के लिए विदेश जाते हैं, क्योंकि वहां जो भी पढ़ाई होता है स्किल बेस्ड होता है। हमारे देश की सबसे बड़ी कमी है कि हम जो भी पढ़ाई करते हैं उसमें हमें जरूरी स्किल नहीं मिल पाता है। इस कमी को पूरा करने के लिए भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी अपने विभिन्न कोर्सेज के जरिए बच्चों को स्किल्ट्रेनिंग प्रदान करना चाहती है जिससे सभी विद्यार्थी एक बेहतर भविष्य के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो पाए।

## बीवोक कोर्स कैसे करे

आज का समय बीवोक कोर्स का है। क्योंकि एक समान होटल मैनेजमेंट या सामान्य इंजीनियरिंग की डिग्री इतनी वैल्यू नहीं रखती जितनी एक बीवोक डिग्री होती है। इसका कारण है, इसमें पढ़ाई के साथ-साथ आप स्किल्स भी सीख लेते हैं। इसमें आप विभिन्न सब्जेक्ट जैसे कि हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, आर्ट्स, कॉमर्स, डेयरी फार्मिंग कोर्स कर सकते हैं। वहीं टेक्निकल कोर्सेज जैसे मेडी कंस्ट्रक्शन और टेक्नीशियन जैसे कोर्स भी होते हैं। इसमें छात्रों को बेहतर ट्रेनिंग के लिए मशीन दी जाती है। हर छात्र काम की बारीकी को अच्छे से समझ सके इसके लिए स्विस ट्रेनर की निगरानी में हर छात्र को व्यक्तिगत तौर पर मशीन पर ट्रेनिंग दी जाती है। हर वर्ष छात्र को 6 महीने यूनिवर्सिटी में और बाकी 6 महीने इंडस्ट्री में ट्रेनिंग दी जाती है।

## बीवोक कोर्स के बाद सैलरी

सभी चाहते हैं कि पढ़ाई पूरी होने के बाद एक अच्छी सैलरी वाली नौकरी मिले। वोकेशनल कोर्स करने के बाद आप किसी भी कंपनी में फ्रेशर के तौर पर 20,000 से 30,000 से नौकरी शुरू कर सकते हैं। जिसके बाद आप अनुभव व अपने स्किल के साथ आगे बढ़ सकते हैं।



### मुख्य संस्थान

- एसएमएस, लखनऊ
- एचआईएमसीएस, मथुरा
- एचआईटीएस, चेन्नई
- जैन यूनिवर्सिटी, बंगलौर
- पारूल यूनिवर्सिटी



# आप भी बन सकते हैं बैंक में स्पेशलिस्ट ऑफिसर

इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन (आईबीपीएस) कुछ ही दिनों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में स्पेशलिस्ट ऑफिसर्स की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करता है। इस परीक्षा में चयनित होने वाले उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। फिर रिटन एग्जाम और इंटरव्यू में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार होती है। इस परीक्षा का प्रश्नपत्र 4 भागों में बंटा होता है : रीजनिंग, इंग्लिश लैंग्वेज, प्रोफेशनल नॉलेज तथा बैंकिंग के विशेष संदर्भ में जनरल अवेयरनेस (केवल लॉ ऑफिसर स्केल 1 व 2 तथा राजभाषा अधिकारी हेतु)/ क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड (अन्य सभी स्पेशलाइजेशंस हेतु)। चलिए, जानते हैं कि इन सेक्शंस में किस तरह अच्छा स्कोर किया जा सकता है।

## इंग्लिश लैंग्वेज

यह इस परीक्षा का सबसे स्कोरिंग सेक्शन है। इसमें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए ग्रामर तथा लैंग्वेज पर अच्छी पकड़ जरूरी होती है। आपके ग्रामर संबंधी कॉन्सेप्ट बिल्कुल स्पष्ट होने चाहिए। साथ ही आपकी वोकैब्युलरी भी मजबूत होनी चाहिए। इस सेक्शन में आम तौर पर पैसेज बेस्ड क्वेश्चन, कॉमन एरर इन सेंटेंस, रैपिड फिलर, क्लोज टेस्ट, एंटॉनिम्स एंड सिनॉनिम्स शामिल होते हैं।

## क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड

इस सेक्शन के प्रश्नों को हल करने के लिए उम्मीदवार को परीक्षा में शामिल किए गए सभी टॉपिक्स के बेसिक कॉन्सेप्ट्स की जानकारी होनी चाहिए। इसके साथ ही इस सेक्शन में स्पीड भी महत्वपूर्ण होती है। ध्यान रहे, इस सेक्शन में कोई भी प्रश्न छोड़ें नहीं। इसकी तैयारी के दौरान किसी भी टाइप के प्रश्न को कम न आंकें। यह कभी नहीं कहा जा सकता कि किस साल किस टाइप के प्रश्नों को इस परीक्षा में ज्यादा महत्व मिल जाए। इसमें आम तौर पर नंबर सिस्टम, रेश्यो, प्रॉफिट-लॉस एंड डिस्काउंट, पर्सेंटेज, एवरेज, डेटा इंटरप्रिटेशन, टाइम एंड वर्क आदि से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया डेटा इंटरप्रिटेशन के प्रश्नों पर अधकि जोर देता है।

## रीजनिंग एप्टिट्यूड

रीजनिंग सेक्शन की तैयारी के लिए मानसिक सतर्कता और लॉजिकल स्किल जरूरी है। इस सेक्शन में पूछे जाने वाले प्रश्नों की प्रकृति समझने के लिए मॉडल पेपर तथा पिछले वर्षों के पेपर हल करें। इसमें वर्बल एंड नॉन-वर्बल रीजनिंग के टॉपिक शामिल होते हैं, जैसे एनालॉजी, इनपुट-आउटपुट, क्लासिफिकेशन, इंफेरेंस आदि।


## प्रोफेशनल नॉलेज

यह आपको अपना कंफर्ट जोन लग सकता है क्योंकि इसमें आपकी स्ट्रीम या स्पेशलाइजेशन से संबंधित प्रश्न ही पूछे जाएंगे। यहां भी आपके बेसिक कॉन्सेप्ट क्लियर होने से आप फायदे में रहेंगे।

## जनरल अवेयरनेस

जनरल अवेयरनेस सेक्शन की तैयारी के लिए तो आपको लगातार समसामयिक घटनाओं से अपडेटेड रहना होगा। नियमित रूप से अखबार पढ़ते रहें। साथ ही बैंकिंग संबंधी ताजा घटनाक्रम पर नजर रखें।





**एक टेलीमार्केटर वह शख्स है जो कि फोन पर किसी उत्पाद या सेवा को बेचने के लिए जिम्मेदार होता है। टेलीमार्केटर्स प्राइवेट ऑफिस, कॉल सेंटर या घर से भी काम कर सकते हैं। चूंकि टेलीमार्केटर्स अपने ग्राहकों से फेस-टू-फेस नहीं मिलते हैं इसलिए अच्छी टेली मार्केटिंग स्किल होना बहुत जरूरी है। अच्छा टेलीमार्केटर बनने के लिए आपको इन बातों का ध्यान रखना चाहिए**

# अच्छा टेलीमार्केटर बनने के लिए इन बातों का रखें ध्यान

जो आप बेच रहे हैं उसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें। आपको इस बात की अच्छी समझ होनी चाहिए कि यह क्या है, कैसे काम करता है और किस तरह से संभावित ग्राहकों के लिए उपयोगी है। इसके अलावा, जो आप बेच रहे हैं उसे लेकर आपमें विश्वास होना जरूरी है।

जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहे हैं उसके बारे में पूरी जानकारी रखें। एक अच्छा टेलीमार्केटर केवल उत्पाद या सेवा नहीं बेचता बल्कि वह कंपनी का भी प्रतिनिधित्व करता है। आपको यह बताने योग्य होना चाहिए कि ग्राहकों को उनके प्रतिद्वंदियों की बजाए उन्हें क्यों चुनना चाहिए। कंपनी का इतिहास, उसकी सोच, मिशन, ग्राहकों के रिव्यूज और इंडस्ट्री रेटिंग्स पता होना चाहिए। आप यह समझें कि सेल्स प्रोसेस क्या है। इसमें क्लोजिंग पेपरवर्क, बिलिंग, शिपिंग, रिफंड/रिटर्न पॉलिसी, कस्टमर सर्पोट और उन्हें जरूरी फॉलोअप शामिल है। अपनी स्क्रिप्ट की प्रैक्टिस कर लें। जब तक आप इसमें सहज न हो जाएं इसे तेज पढ़े।

## कॉन्फिडेंस दिखाएं

एक अच्छा टेलीमार्केटर अधिकार से बोलता है जिससे ग्राहकों के दिमाग में बात अच्छे से चले जाती है। अगर आपकी तैयारी पूरी है तब आपको आपके कॉल करने और आपकी कंपनी के बारे में विश्वास के साथ बात करना चाहिए।

## प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल्स

धीरे लेकिन तेज और साफ बोले ताकि आपके कस्टमर को बात आसानी से समझ आ जाएं। बुदबुदाएं नहीं। अपना परिचय दें और बातचीत में जितनी जल्दी हो सके कॉल का मकसद बताएं। रूके और आगे बढ़ने के लिए उनकी प्रतिक्रिया का इंतजार करें। बहुत ज्यादा या बहुत कम बोलने से बचे बल्कि संतुलित वार्तालाप करें। बहुत ज्यादा फिलर्स का उपयोग करने से बचें।

## सपाट न हो टोन

टेलीमार्केटिंग में स्क्रिप्ट्स बहुत आम बात है विशेषकर कॉल सेंटर के माहौल में। लेकिन यह संभव है कि आप उस तरह बोले कि ऐसा न लगे कि आप पेपर से पढ़कर बोल रहे हैं। धीरे-धीरे सांस लें और कॉल करने से पहले रिलेक्स हो जाएं।

## पॉजिटिव मेंटल एटिट्यूड

याद रखे कि कुछ लोग आपका कॉल एक्सपेक्ट नहीं कर रहे होंगे और इसके लिए ग्रहणशील न हो। इसमें कोई नई बात नहीं है कि आपकी बात में एक रूचि लेने वाले ग्राहक के पहले कई ग्राहक अच्छे टेलीमार्केटर को भी रिजेक्ट कर देंगे।

# राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की शानदार शुरुआत

## ➡ पहले ही दिन सिंहभूम ने जीते 4 पदक




**पूसू प्रतिनिधि, देवघर।** देवघर के कुमेठा में आयोजित हो रही 17 वीं झारखंड राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आज पहले दिन पश्चिम सिंहभूम जिला के खिलाड़ियों ने कुल 4 पदक जीते, 100मीटर अंडर 20 बालिका में प्रियंका नायक ने 15.48सेकेंड में रजत पदक, जानो तिऊ 15.66 सेकेंड के साथ कांस्य पदक, 800 एवं 400 मीटर अंडर 20 बालिका में त्रिपुरा प्रधान ने 2:59:31के साथ कांस्य पदक जीत कर पश्चिम सिंहभूम जिला का नाम रोशन किए। सभी विजेता खिलाड़ियों को पश्चिम सिंहभूम एथलेटिक्स एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक श्रीमती जोबा माझी,जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की संरक्षक मुकुंद रूंगटा,अध्यक्ष नितिन प्रकाश उपाध्यक्ष नीरज संदवार,जगत माझी महासचिव अजय कुमार नायक कोषाध्यक्ष दीपक पासवान संयुक्त सचिव कश्मीर कंदेयांग, अर्जुन महाकुड, सहसचिव ओंकार, राजेश,संजीव,शिवा, पवन, गुरुचरण, सुप्रिया,मंजर, शर्वनदीप, बीरसिंह ,सिकंदर,नरेंद्र समेत जिला के समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

# महागठबंधन की जीत के लिए जुटा झामुमो, कार्यालय खोलने की तैयारी

## ➡ चुनाव के सफल संचालन के लिए जिले के सभी प्रखंडों में दो दिन में कार्यालय खोलने का लिया निर्णय



**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** सिंहभूम लोकसभा सीट से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी के रूप में झामुमो का प्रत्याशी उतारने की प्रबल संभावना को देखते हुए जिला अध्यक्ष सह विधायक सुखराम उरांव के नेतृत्व में झामुमो प. सिंहभूम जिला समिति पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुका है। केन्द्रीय नेतृत्व एवं जिला समिति के निर्देश पर जिला से लेकर बूथ स्तर तक सभी स्तर के पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पार्टी/ इंडिया महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर कारगर रणनीति बनाने में जुट गए हैं।

चुनावी गतिविधियों के सफल संचालन के लिए जिला भर में विभिन्न प्रखंड क्षेत्र में यथा चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बन्दगांव, नकटी, टोकलो हाटबाजार एवं सिलफोड़ी तथा मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मनोहरपुर, आनंदपुर, लोढ़ाई, गोइलकेरा और सोनुवा, जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जगन्नाथपुर, नोवामुंडी, बड़ाजामदा, जैंतगढ़, चाईबासा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सरनाडीह, झींकपानी, टोन्टो, हाटगम्हरिया, और मझगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मझगांव, कुमारडुंगी, मंझारी, कोकचो और काठभारी में यथाशीघ्र चुनाव कार्यालय खोलने का निर्णय जिला समिति ने लिया है। इसको लेकर जिला समिति द्वारा सम्बंधित प्रखंड/नगर के अध्यक्ष व सचिव को आगामी दो दिनों के भीतर प्रस्तावित स्थलों पर चुनाव कार्यालय स्थान/ घर/दुकान आदि की खोज कर सम्बंधित व्यक्ति/मालिक से लिखित अनापत्ति प्राप्त कर लेने और जिला समिति को सूचित करने का निर्देश जारी किया गया है।

निर्देशानुसार प. सिंहभूम जिला अन्तर्गत सभी प्रखंड/नगर अध्यक्ष व सचिव को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पंचायत एवं बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा बूथ कमिटी गठित करने के लिए यथाशीघ्र प्रखंड/नगर कमिटी की बैठक आहूत कर जिला समिति को सूचित करने का भी आदेश दिया गया है। गठबंधन दलों के बीच सीट शेयरिंग तथा गठबंधन के अधिकृत प्रत्याशी की औपचारिक घोषणा होने के साथ ही अविलंब इंडिया महागठबंधन के सहयोगी दलों की बैठक आहूत कर उनके बीच बेहतर समन्वय और तालमेल स्थापित करते हुए चुनावी अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के मतदाता इंडिया महागठबंधन के साथ हैं तथा झारखंड के जननायक पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को राजनीतिक षडयंत्र के तहत झूठे मामले में जेल भेजने को लेकर काफी आक्रोशित हैं। इसके अलावा सिंहभूम के आवाम से विश्वासघात कर भाजपा का दामन थामने को लेकर सिंहभूम के मतदाता पूरी तरह से भाजपा और कोड़ा दंपति को सबक सिखाने के मूड में हैं। इस स्थिति में इस बार भी सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से भारी मतों से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित होगी - सोनाराम देवगम, सचिव, झामुमो प. सिंहभूम जिला समिति।

# डुमरिया क्षेत्र में डीसी एवं एसएसपी ने की लोकसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा



**पूसू प्रतिनिधि,डुमरिया।** उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं एसएसपी कौशल किशोर ने बुधवार को डुमरिया प्रखंड कार्यालय सभागार में पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक किया। इसके बाद उपायुक्त ने डुमरिया प्रोजेक्ट गर्ल्स हाईस्कूल में स्थित कलस्टर का निरीक्षण भी किया. उपायुक्त ने अधिकारियों को पोलिंग पार्टी के आने और ठहरने के लिए आवश्यक प्रबंध करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने बताया कि भयमुक्त और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए प्रशासन की तैयारियों दुरुस्त की जा रही है. मौके पर उप निर्वाची पदाधिकारी प्रियंका सिंह, एसडीओ सच्चिदानंद महतो, सीओ चंचला कुमारी, बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू, ग्रामीण एसपी रिषभ गर्ग, डीएसपी संदीप भगत, थाना प्रभारी सुगना मुंडा समेत अन्य अधिकारी शामिल थे।

# रंभा कॉलेज में प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** विगत दिनों रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय एनुएल स्पोर्ट्स मीट 2024 दिनांक 15 मार्च और 16 मार्च को आयोजित किया था। इस खेल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आज आयोजित किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में एजुकेशन,डिग्री और नर्सिंग के छात्र और छात्राओं के लिए कबड्डी, जलेबी रेस, 100 मीटर और 200 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता ,शॉट पुट प्रतियोगिता, टग ऑफ वार , लॉन्ग जंप, हाई जंप और डिस्कस थ्रो इवेंट का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता का आरंभ गुब्बारा उड़ाकर और प्रतिभागियों के द्वारा खेल शपथ लेकर किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बालकों के साथ-साथ बालिकाओं ने भी अपने ऊर्जा और उत्साह का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक और बालिकाओं के समूह में टीम ब्लू विजेता रही। रनिंग रेस 100 मीटर की दौड़ में बालकों में राजदीप राज और लड़कियों में नमिता पातर ने जीत हासिल की। रनिंग रेस 200 मीटर में लड़कों में रिषु राज और लड़कियों में नमिता पातर ने ही फिर से जीत हासिल की। जलेबी रेस बालक और बालिकाओं के बीच संयुक्त रूप से किया गया था जिसमें गोपाल और सुमन डे विजेता रहे। शॉट पुट का आयोजन लड़कों के लिए किया गया था जिसमें विकास भगत विजेता रहे और लड़कियों में मंजरी विजेता रही। टग आफ वार में टीम बी ने जीत हासिल की। लॉन्ग जंप बॉयज ग्रुप में विजय कुमार मेहता और लड़कियों के ग्रुप में नमिता पातर ने जीत हासिल की। डिस्कस थ्रो में बालकों के समूह में गोपाल दास और लड़कियों के समूह में नागेश्री पूर्ति ने जीत हासिल की।कॉलेज के सचिव गौरव कुमार बचन और सभी फैकल्टी के द्वारा प्रतिभागियों को मोमेंटो, मैडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। अपने वक्तव्य में सचिव गौरव कुमार बचन ने कहा कि खेलने से शरीर स्वस्थ और सक्रिय रहता है इसलिए महाविद्यालय में सभी विद्यार्थियों के लिए इनडोर और आउटडोर खेल सामग्री की पूरी व्यवस्था है। कॉलेज के चेयरमैन रामबचन जी ने भी अपनी शुभकामनायें प्रेषित की। इस प्रतियोगिता को सुचारु रुप से संपन्न कराने में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर दिनेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही इस इवेंट को सफल बनाने में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर भूपेश चंद, लेक्चरर रश्मि लुगून, लेक्चरर अमृता सुरेन, लेक्चरर मंजू गगराई, लेक्चरर बबीता कुमारी , नर्सिंग ट्यूटर बसंती , नर्सिंग ट्यूटर पूजा लोहार , लेक्चरर राधेश्याम, नर्सिंग ट्यूटर नमानि भुइंया , नर्सिंग ट्यूटर मोनीषा , नर्सिंग ट्यूटर रसाली ,असिस्टेंट प्रोफेसर शीतल कुमारी , असिस्टेंट प्रोफेसर ऐश्वर्य कर्मकार, लेक्चरर मनीषा का भी सराहनीय योगदान रहा।

# सात दिन से लापता युवक का शव नदी में मिला



**पूसू प्रतिनिधि, घाटशिला।** गालूडीह थाना क्षेत्र निश्चितपुर निवासी तपन आचार्य का पुत्र पुजारी अजय आचार्य का शव बुधवार को कुलियाना के पास स्वर्णरेखा नदी में शव मिलने की खबर गांव में आग की तरह फैल गयी. जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी. आशंका जतायी जा रही है कि हत्या करने के बाद शव को पत्थर से बांधकर नदी में फेंका गया होगा. सुबह स्वर्णरेखा नदी में मछली पकड़ रहे मछुआरों ने शव को देखा. शव से दुर्गंध आ रही थी. जिसके बाद मछुआरों ने ग्राम प्रधान अतनु महतो को सूचना दी। उन्होंने मुखिया हरिपद सिंह को सूचना दी. मुखिया ने गालूडीह थाना को सूचना दी. सूचना पाकर गालूडीह थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश, एसआई मिथिलेश मौर्या और एसआई अजय बाग दलबल के साथ नदी घाट पहुंचे. इसके बाद परिजनों की मदद से शव को पानी से निकाला गया. शव को रस्सी से बांधकर पत्थर के सहारे पानी के अंदर डुबो दिया गया था. इधर, सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त करके हत्या की आशंका जतायी है. वहीं, पुलिस ने शव को नदी से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल घाटशिला भेज दिया।

### 12 मार्च से लापता था अजय आचार्य

अजय आचार्य अपने घर से शौच जाने की बात कहकर 12 मार्च रात 8.30 बजे निकला था. जिसके बाद से लापता था. 13 मार्च को सुबह उसके घर के कुछ ही दूरी पर पुलिया के पास खून का धब्बा मिला था. इसके बाद से ही लापता अजय के पिता तपन आचार्य, मां फुलकुमारी आचार्य, भाई अशोक आचार्य परेशान थे. परिजन लगातार थाना का चक्कर काट रहे थे. पुलिस द्वारा गांव के कुछ युवकों तथा मामले से जुड़ी पद्मावती सिंह नामक एक महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही थी. पुलिस द्वारा निकाली गयी कॉल डिटेल्स के अनुसार पद्मावती सिंह ने अजय आचार्य को एक हफ्ते में 56 बार कॉल की थी. शव न मिलने से पिछले सात दिनों से परिजन और पुलिस परेशान थी. पुलिस इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए जुटी हुई है। जांच में हत्या से जुड़े कई चेहरे सामने आ सकते हैं।

# नाराज उपभोक्ताओं ने बैंक ऑफ इंडिया में जड़ा ताला



**पूसू प्रतिनिधि, डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड क्षेत्र के खड़िदा पंचायत के भागाबांदी बैंक ऑफ इंडिया शाखा में बुधवार को ग्राहको ने जमकर हंगामा करते हुए बैंक के ही अंदर कर्मचारी को बंद कर बाहर से ताला जड़ दिया। बैंक कर्मचारी दिन के 11 बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक बैंक के अंदर ही बंद रहे, जिसके कारण बैंक का काम भी प्रभावित रहा। इस दौरान दर्जनो ग्राहक हो हंगामा करते रहे। इस दौरान बैंक के प्रबंधक बैंक में नही थे। वह कही लोन के कलेक्शन में निकले थे। इस मामले की जानकारी होने पर पुलिस मौके वारदात पर पहुंची, जिसके बाद दिन के साढ़ें तीन बजे ताला खोला गया। जानकारी के अनुसार एक खाता धारक महिला ने बताया कि विगत कई दिनों पूर्व से ही बैंक ऑफ इंडिया के भागाबांदी शाखा में सरकार द्वारा मृत्यु लाभ प्रदत्त राशि के लेने को लेकर बैंक शाखा के प्रबंधक अमित रंजन सिंहा को कागजात दिए थे। इस काम को लेकर बैंक शाखा की चक्कर काटते काटते थक चुके थे। जब समस्या का समाधान नहीं होंने पर निजी ताला घर से लाकर बैंक के मुख्य द्वारा में ताला जड़ दिया। इसका समर्थन अन्य खाता धारक ने भी किया, क्योंकि वे भी कई दिनों से बैंक में केवाईसी कराने को लेकर चक्कर लगा रहे थे,लेकिन उनका काम नही हो रहा था। ताला जड़ने के दौरान ग्राहक बैंक प्रबंधन के खिलाफ जमकर नाराबाजी भी कर रहे थे। इस मामले को ले बैंक प्रबंधक अमीत रंजन सिंहा से फोन पर संपर्क साधने पर उनका फोन आउट ऑफ कवरेज बता रहा था।जिस कारण उनका पछ नहीं लिया जा सका । लेकिन सहायक प्रबंधक किशोर मुर्मू से दूरभाष पर बातें की गई तो उन्होंने बताया कि शाखा में केवाईसी तथा मृत्यु बैनिफिट्स की देरी के कारण खाता धारकों ने बैंक के शाखा में ताला जड़ दिया है। इस समस्या से वरिय अधिकारी को अवगत कराया गया है। क्यों देरी हो रही है, इसके बारे में शाखा प्रबंधक ही बतायेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### रौनियार वैश्य संघ का पारिवारिक होली मिलन समारोह 22 मार्च को



**पूसू, प्रतिनिधि, चाईबासा।** रौनियार वैश्य संघ (गुप्ता समाज) चाईबासा शाखा की बैठक स्थानीय कैफेटेरिया प्रांगण में जयदीप प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। उक्त बैठक में संघ के संरक्षक अधिवक्ता राजाराम गुप्ता की उपस्थिति में प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार रौनियार वैश्य संघ(गुप्ता समाज) का पारिवारिक होली मिलन समारोह 22 मार्च को कैफेटेरिया के समीप स्थित सामुदायिक भवन में संध्या 4 बजे से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से संघ के उपाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, सचिव महावीर प्रसाद राम, कोषाध्यक्ष छोटू लाल गुप्ता, संयुक्त सचिव संजीव कुमार गुप्ता, सलाहकार कृष्ण प्रसाद गुप्ता,शेखर गुप्ता, जय गुप्ता,संतोष कुमार गुप्ता, गोपाल साव, दीपक गुप्ता,प्रवीण गुप्ता, अजय गुप्ता, मनोज गुप्ता, महेश साव,के अलावा संघ के सदस्य गण मौजूद थे।

### कार्डधारियों ने किया विरोध प्रदर्शन, लगाया नारा, राशन नहीं तो वोट नहीं

**पूसू प्रतिनिधि,डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड प्रखंड क्षेत्र खैरबनी पंचायत काश्मार कृषि भवन के सामने बुधवार को काशमार एवं अन्य गांव के राशन कार्डधारियों ने 6 माह से राशन नहीं मिलने के विरोध में प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन कर रहे कार्डधारियों ने वोट बहिष्कार संबंधित तख्तियां लेकर विरोध जताते हुए नारेबाजी कर रहे थे कि राशन नहीं तो वोट बहिष्कार साथ ही प्रदर्शन करने वाले कार्डधारियों ने बताया कि पंकजिनी कालिंदी नामक राशन डीलर से अनाज मिलता था। जहां से विगत सितंबर माह से सैकड़ों कार्डधारियों को अनाज नहीं मिल रहा है। जिस कारण कई राशन कार्डधारी परेशान हैं. इसकी शिकायत विभाग के वरीय पदाधिकारियों से करने के बाद भी उन्हें राशन नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण कार्डधारियों ने नाराज हो कर चुनाव में वोट बहिष्कार करने का निर्णय लेते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन करने वालों में जवाहरलाल नायक, जगजीवन नायक, अमुल्य नायक, रविन्द्र नायक, संबरन पात्र समेत सैकड़ों कार्डधारी शामिल थे।

### आजसू के सम्मेलन में रामचन्द्र सहिस ने नये सदस्यों का पार्टी में किया स्वागत



**पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया।** चाकुलिया धर्मशाला में बुधवार को आजसू पार्टी के ग्राम प्रभारी सह चूल्हा प्रमुख पिलर प्रमुख सदस्यों का सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस मौजूद थे। इस सम्मेलन में कई महिला एवं पुरुषों ने आजसू पार्टी का दामन थामा। सभी को मुख्य अतिथि ने का माला पहनाकर पार्टी स्वागत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आजसू क्षेत्रीय पार्टी है और माटी से जुड़ी पार्टी है। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के कार्य और नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर युवाओं एवं महिलाओं का झुकाव पार्टी की ओर है। जिसने पार्टी का दामन थाम सभी को पार्टी में सम्मान मिलेगा। पार्टी का दामन थामने वालों मे धर्मवीर कर्मकार, चरण सोरेन, नीतीश महतो, संजय बेरा, कमल महतो, हरिपद देहरी, सरोज महतो, राजेश दास, संजय दास, सुखदेव प्रमाणिक, कृष्णा महतो, सुमन प्रमाणिक शामिल हैं। मौके पर आजसू पार्टी के रविशंकर मौर्य कन्हैया सिंह,फणिभूषण महतो, निर्मल महतो, दीपक अग्रवाल, पूर्णेंदु महतो, अप्पू तिवारी, ठाकुर दास महतो, नवीन महतो, निरंजन महतो, अशोक बारिक समेत कई महिला और पुरुष मौजूद थे।

### डालसा ने दो मानसिक रोगियों को इलाज के लिए भिजवाया रिनपास

**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** डालसा सचिव पश्चिमी सिंहभूम के सहयोग से दो मानसिक रोगी क्रमशः बरकंदाज टोली पुलहातु के सागर कर्मकार (20वर्ष) एवं मेरी टोला की रूकमणि टोप्पो (34वर्ष) को रिनपास कांके में भर्ती कराया गया। विदित हो कि दोनों रोगी कुछ महिनों से मानसिक रोग से ग्रसित है, जिसके चलते उसका परिवार बहुत ही परेशान है। दोनो के परिवार का पारिवारिक आर्थिक रूप से बहुत ही कमजोर होने के कारण उसका सही से इलाज भी नहीं कर पा रहे थे। जब इसकी सूचना आदिवासी उरांव समाज के पदाधिकारीयों को मिली उन लोगों ने तुरंत व्यवस्था करते हुए डालसा के सहयोग से मरीजों के इलाज हेतु रिनपास कांके भिजवाया गया। समाजसेवी लालू कुजूर,विकास दोदराजका, डालसा ने मरीज को रिनपास कांके ले जाने व भर्ती करने में मदद किया।

# जन वितरण प्रणाली दुकान से चोरों ने 19 क्विंटल खाद्यान्न व 8 राशन कार्ड की चोरी की



**पूसू, प्रतिनिधि, जैंतगढ़।** जगन्नाथपुर प्रखंड अंतर्गत भनगांव पंचायत के ग्राम गितिलपी टोला बलियागोडा में जन वितरण प्रणाली राशन दुकानदार हेमवती महिला समिति के यहां बिती रात को चोरों ने अपने राशन दुकान में रखे चावल, गेहूं की बोरियां तथा चना दाल की पैकेट सहित डिजिटल वेट मशीन की चोरी हो गई। प्राप्त सूचना के अनुसार पता चला है कि हेमवती राशन जन वितरण दुकानदार दो दिन पूर्व से ही दुकान में अपने गांव के राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न वितरण कर रहे थे। इस बीच मौसम में बदलाव होने के कारण 19 तारीख की रात को रिमझिम बारिश रात भर हो रही थी। इसी बारिश का मौका का फायदा उठाते हुए चोरों ने बलीयागुडा गांव में स्थित राशन दुकान से चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर दुकान अंदर प्रवेश कर दुकान में रखें चावल बोरा ,गेहूं की बोरा एवं चना पैकेट सहित एक डिजिटल वेट मशीन लेकर भाग गए। आपको बता दें राशन दुकान गांव के एक सामुदायिक भवन में ही चलता है और इसी सामुदायिक भवन में एक अलग कमरा से भी एक जेनरेटर भी चोरी हुआ है। जेनरेटर गांव के युवक संघ लोगों का था। हेमवती महिला समिति राशन दुकानदार के कोषाध्यक्ष वनिता प्रधान ने बताया कि ब्लॉक से खाद्यान्न मिलते ही चावल दिवस के दिन से ही राशन कार्डधारीयों के बीच चावल, गेहूं तथा चना दाल वितरण कर रहे थे। मौसम के बदलाव होने के कारण 19 मार्च की देर रात को चोरों ने दुकान समीप गाड़ी लगाकर राशन दुकान का दरवाजा ताला तोड़कर लगभग 16 क्विंटल चावल गेहूं तथा 97 केजी चना दाल की पैकेट एवं एक माप तौल करने का डिजीटल वेट मशीन और टेबल पर रखे 8 राशन कार्ड लेकर भाग गए। इस घटना के संबंध में हेमवती महिला समिति ने जगन्नाथपुर थाना, अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को एक लिखित आवेदन दिया है। सूचना पाकर जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने बलियागोडा गांव आकार जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलियागोडा से तीन गैस सिलेंडर चोरी

**पूसू, प्रतिनिधि, जैंतगढ़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलियागौड़ा में बीती रात को राशन दुकान से चोरी करने के बाद स्कूल पाक शाला से 3 गैस सिलेंडर को भी चोरों ने चोरी कर भाग गए। पाक शाला से खाना बनाने का बड़ा हांडा को भी लेकर भाग रहे थे जाते जाते रास्ते में छोड़ दिए। इस संबंध में शिक्षिका रिमामणी गिरी ने बताई की देर रात की घटना है। रात में बारिश हो रही थी। कुछ पता नहीं चल पाया। लोग अपने अपने घरों में थे। बारिश का मौका देखकर चोर चोरी करने में सफल रहे। आपको बता दें कि जन वितरण राशन दुकान तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमने सामने है।

# घर से सामान लेने बाजार गया लड़का हुआ लापता



**पूसू प्रतिनिधि, जगन्नाथपुर।** जगन्नाथपुर निवासी रवि गुप्ता का 16 वर्षीय पुत्र अनमोल गुप्ता उर्फ राहुल गुप्ता सामान लेने बाजार गया और लापता हो गया। रवि गुप्ता पेसे से एक होटेल चलाते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को रवि गुप्ता अपने होटल से घर आया और अपने बेटे का स्कूल का रिजल्ट देख कर निराश होकर बेटे को डांट फटकार लगा दिया। कुछ घंटे बाद करीब 2 बजे वह अपने बेटे को घर का सामान लेने बाजार भेज दिया। रवि गुप्ता का बेटा अनमोल गुप्ता उर्फ राहुल गुप्ता अपने स्कूटी से सामान लेने बाजार गया। औरर लापता हो गया। काफी समय बीत जाने के बाद जब वह सामान लेकर वापस नहीं आया तब पिता रवि गुप्ता जगन्नाथपुर दुकानदारों से फोन के माध्यम से अपने बेटे की खबर लिया। जब कुछ पता नहीं चला तब वे जगन्नाथपुर के आसपास खोजबीन चालू कर दिया। जब कहीं नहीं मिला तब वह देर शाम करीब 8 बजे जगन्नाथपुर थाने में लिखित के माध्यम से लापता होने की शिकायत दर्ज करवाया एवं अपने बेटे का फोटो और लापता होने का खबर सोशल मीडिया के माध्यम से सभी ग्रुप में भेज दिया। तत्पश्चात स्कूल के एक शिक्षक के द्वारा रवि गुप्ता के मोबाइल में सूचना प्राप्त हुई की उनके बेटे को 3 बजे डांगुआपोसी स्टेशन के बाहर देखा गया है। यह खबर सुनकर रवि गुप्ता अपने अन्य साथियों के साथ अपने बेटे को खोजने डांगुआपोसी निकल गया। जब स्टेशन के बाहर पहुंचे तो बेटे का स्कूटी प्राप्त हुई परंतु बेटा लापता था। वही रेलवे कर्मचारियों से गुजारिश कर स्टेशन का सीसीटीवी फुटेज देखा तो 3=36 तक रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज में देखा गया उसके बाद सीसीटीवी फुटेज से वह दूर हो गया और लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिलने पर निराश होकर रवि गुप्ता वापस जगन्नाथपुर थाना पहुंचे इसके बाद जगन्नाथपुर थाना प्रभारी शिवनारायण तिवारी ने बताया कि आपके बेटे की खोजबीन शुरू कर दी गई है तथा उसके मोबाइल की ट्रेकिंग की जा रही है सूचना मिलते ही खबर की जाएगी।

# दलों को विज्ञापन प्रसारित करने से पहले एमसीएमसी से लेनी होगी मंजूरी

## पेड न्यूज पर रखी जाएगी कड़ी नजर, सोशल मीडिया की एक्सपर्ट टीम करेगी निगरानी



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गठित मीडिया सह एमसीएमसी (मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी) कोषांग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार से कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कोषांग के पदाधिकारियों को सोशल मीडिया, समाचार पत्र, टीवी चैनल, पेड न्यूज आदि पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया साथ ही समाचार पत्र के कतरन के साथ रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश दिया। प्रतिनियुक्त कर्मियों के उपस्थिति की भी जांच की गई तथा उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए व्यवस्था को और भी दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राजनीतिक दलों एवं निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा भी चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार का विज्ञापन, वीडियो, टेक्स्ट आदि प्रसारित होने के पूर्व एमसीएमसी कोषांग के पास भेजा जाना अनिवार्य है, इसके लिए पूर्व में ही कोषांग से सर्टिफिकेशन आवश्यक है। उन्होंने पेपर कटिंग एवं पेड न्यूज की पहचान करने, चिन्हित होने पर उस पर की जाने वाली कार्रवाई तथा नोटिस व अपील के सभी पहलुओं के संबंध में जानकारी लेते हुए पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के लिए जल्द ही फोन नंबर जारी किया जाएगा जिसपर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधी कोई शिकायत हो तो आमजनमानस शिकायत दर्ज करा सकेंगे तथा तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया की कड़ी निगरानी पर बल देते हुए जिलावासियों से अपील भी किया कि चुनावी प्रक्रिया के संबंध में कोई भी अपुष्ट खबर को दूसरों को फॉरवर्ड नहीं करें, कोई भ्रामक समाचार या वीडियो सोशल मीडिया के किसी भी माध्यम से प्राप्त होने पर सर्वप्रथम प्रशासन से पुष्टि जरूर करा लें अन्यथा भ्रामक खबरों को फॉर्वर्ड करने के आरोप में तथा निर्वाचन कार्यों में बाधा उत्पन्न करने के दोषियों को चिन्हित करते हुए विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए अवेयरनेस फोरम का हुआ गठन

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने स्वीप कोषांग के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव के मद्देनजर शहरी क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम चलाने के संदर्भ में कोषांग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्देश दिया कि स्वीप कैलेंडर बनाकर उसके तहत आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जाएं जिसमें लोगों को वोट के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न स्टेक होल्डरर्स के साथ समनवय एवं भागीदारी बधाई जाए। उन्होंने कहा कि कार्य योजना बनाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित किया जाए ताकि आमजनों को मताधिकार के महत्व को बताया जाए।

उपायुक्त ने स्कूल, कॉलेज में स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। ईएलसी के जरिए अधिक से अधिक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाएं जाएं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों / प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों, रेसिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन, क्लबों, पब्लिक सेक्टर ऑर्गेनाइजेशन में निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के तहत वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया जाए, जिसमें अध्यक्ष के अलावा कम से कम 10 लोगों की कार्यकारिणी समिति हो।

# वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए राजस्व संग्रह में तेजी लाने का निर्देश

## बकाएदारों पर होगी कार्रवाई, खाते होंगे फ्रीज



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम के अपर नगर आयुक्त के अध्यक्षता में बुधवार को राजस्व संग्रहण को लेकर आवश्यक बैठक हुई, जिसमें राजस्व संग्रहण की समीक्षा करते हुए उन्होंने राजस्व संग्रहण के स्थिति को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष 31 मार्च को खत्म हो जाएगा। इससे पहले सभी बकायदारों से होल्डिंग टैक्स/जल कर का बकाया जमा करवाना अनिवार्य है। जो डिफॉल्टर या बकायेदार निर्धारित समय में होल्डिंग टैक्स/वाटर टैक्स का राशि जमा नहीं करते हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके खाते को फ्रीज किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा की वैसे बकायदार जिनको पूर्व में नोटिस निर्गत किया गया था और वे अब तक होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किए हैं वैसे सभी बकायदार यदि एक सप्ताह के अंदर होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करते हैं तो नगर पालिका अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई किया जाएगा और बकायदारों के बैंक खाता को फ्रीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं को रोजगार दिलाने में मदद कर रहा सहकार भारती

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में लगे स्वदेशी मेले में सहकार भारती के स्टॉल पर ग्राहकों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है. स्वदेशी मेला घूमने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि स्वदेशी को अपनाना है भारत को अखंड बनाना है । सहकार भारती महिला सहायता समूह द्वारा हस्त निर्मित प्रोडक्ट को बाजार उपलब्ध कराकर महिलाओं के लिए रोजगार खड़ा कर रहा है । इसके कई प्रॉडक्ट खादी ग्रामोद्योग इंडिया द्वारा भी लांच किया गया है. इस तकनीकी ब्रांड का स्थानीय सम्पर्क कार्यालय बिष्टुपुर स्थित 231, तुलसी भवन में स्वदेशी केन्द्र के नाम से संचालित किया जा रहा है । मेला स्टॉल में उपस्थित सहकार भारती के महिला प्रमुख प्राची सर्वप्रिया ने कहा कि हमलोग विशेषकर महिलाओं को मार्केटिंग का गुर सिखाते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम करते हैं । साथ ही उनके द्वारा हस्त निर्मित वस्तुओं को बेचने के लिए मार्केट उपलब्ध भी कराते हैं ताकि वे दूसरे पर आश्रित न रहकर खुद स्वाबलंबी बन सकें । वहीं सहकार भारती के प्रदेश मंत्री अजय सचदेवा एवम जिला अध्यक्ष बाबुलाल नाग तथा कार्यालय प्रमुख अशोक कुमार प्रसाद ने बताया कि सहकार भारती के अधिकांश वस्तुएं प्राकृतिक व जैविक प्रोडक्ट्स हैं तथा रसायन मुक्त हैं . इसकी विशेषता है कि इसके अष्ट लाभ है, जिसमें यह एंटी फंगल, एंटी बैक्टीरियल, इको फ्रेंडली, नॉन टॉक्सिक और दुर्गंधमुक्त है. स्वदेशी मेले में लगे स्टॉल पर इसकी अच्छी डिमांड हो रही है।

# होली मिलन समारोह में गीतों पर जमकर झूमे पूर्व सैनिक



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर का होली मिलन समारोह सिदगोड़ा स्थित हिंदुस्तान मित्र मंडल में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नमन संस्था के अमरप्रीत सिंह काले, क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष एवं समाजसेवी शिव शंकर सिंह शामिल हुए। संगठन के अध्यक्ष हवलदार विनय यादव ने अतिथियों का स्वागत व परिचय कराया। इस समारोह में फगुआ मंडली ने होली गीत से समां बांध दिया, तो होली के पारंपरिक पकवानों के साथ गुलाल-अबीर से होली खेली गई। कार्यक्रम में भारी मात्रा में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों के साथ-साथ सैन्य मातृशक्ति भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के पूजन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ।

सभी की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम के जोश को दुगना कर दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में तीनों सेना से सेवानिवृत्त सैनिक साथियों के साथ साथ मातृसक्ति कि भी सहभागिता रही। जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह के द्वारा संगठन गीत गाया गया। सर्वप्रथम संगठन के संस्थापक वरुण के द्वारा मुख्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ढोलक और झाल की थाप के साथ होली के गीतों पर पूरा पूर्व सैनिक समाज झूमता नजर आया। विशेषकर उमेश जी के द्वारा गए गीतों ने तो लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उमेश शर्मा, प्रकाश पूरी जी ने गीत प्रस्तुत की। मातृ शक्ति की महिलाओं ने भी कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। उन्होंने भी अपनी अलग टोली बनाकर संगीत और नृत्य के साथ कार्यक्रम में अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई। मातृ शक्ति की अध्यक्षा मंजुला जी ने इस अवसर पर मौजूद सभी मातृ शक्ति की सदस्यों को संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा एकजुट होकर उसे सफल बनाने पर जोर दिया।पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम किए जाते हैं। सेना के प्रमुख दिवसों के अलावा पर्व-त्योहार भी परिषद मनाती है।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में वेद प्रकाश, संतोष कुमार, सत्यप्रकाश सिंह, अवधेश कुमार, बिनय कुमार यादव, जितेंद्र सिंह, अनिल सिन्हा, डीएन सिंह, उमेश शर्मा, कुंदन सिंह, अशोक कुमार, दीपक शर्मा, धनंजय निर्दोष, स्वाति एवं अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीओ पारूल सिंह ने एमजीएम अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** धालभूम अनुमंडल की एसडीओ बनने के बाद पारुल सिंह बुधवार को एमजीएम अस्पताल पहुंची। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड सहित नए भवन निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में कई खामियां पाए जाने पर सुधार के लिए अस्पताल प्रबंधन को दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान वाहनों की यत्र-तत्र पार्किंग एवं जहां-तहां कपड़े सुखाए जाने को लेकर अधीक्षक एवं उपाधीक्षक को व्यवस्था करने के लिए कहा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसडीओ ने कहा कि अस्पताल में फिर से पास की व्यवस्था शुरू की जाएगी। इस बार दो पास बनाए जाएंगे, एक 24 घंटा अटेंडर के लिए और दूसरा अंगतुको के लिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मौजूदा व्यवस्था और साधन पर ही बेहतर व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा।

### जयपाल सिंह मुंडा की पुण्यतिथि पर उनके बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** उत्तरी छोटगोविंदपुर के मुखिया रंजीत सिंह सरदार के नेतृत्व में गोविंदपुर में स्व जयपाल सिंह मुंडा जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने कहा कि आदिवासियों अधिकार के लड़ाई के प्रणेता, झारखंड अलग राज्य के सूत्रधार स्व जयपाल सिंह मुंडा बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे, लेखक, पत्रकार,चिंतक के साथ साथ हॉकी में भारत को प्रथम स्वर्ण दिलाने का गौरव भी उन्हें प्राप्त है, उनका पूरा जीवन अनुकरणीय है। आज हमें उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का प्रण लेना चाहिए। इस अवसर पर मुखिया राखी सिंह सरदार, पंचायत समिति सतवीर सिंह बग्गा, उप मुखिया दिनेश कुमार, बालाजी भगत, विजय कुमार, निधि कुमारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### कदमा में फुटपाथ दुकानदारों ने किया प्रदर्शन




**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** कदमा बाजार से फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के लिए जेएनएसी ने बुधवार को नोटिस जारी किया है। जेएनएसी का कहना है कि यह फुटपाथी दुकानदार बाजार में अतिक्रमण कर अपनी दुकान चला रहे हैं। इसलिए उनकी दुकानें हटाई जाएंगी। नोटिस मिलने के बाद दुकानदारों ने असंगठित कामगार कल्याण संघ के बैनर तले कदमा बाजार में प्रदर्शन किया और मांग किया है कि फूटपाथी दुकानदारों को दुकान लगाने के लिए जगह दी जाए। उनके लिए वेंडर जोन बनाया जाए। ऐलान किया गया कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन करने वाले दुकानदारों में मुख्य रूप से असंगठित कामगार कल्याण संघ के अध्यक्ष दीपक कुंवर , सीमा जयशवाल ,सरेन्द्र शर्मा,गुडी वर्मा ,मधुसुदन साव ,कासिम अंसारी , नरेशलाल , प्रतिमा कुमारी, सुनीता कुमारी मुन्डा ,मनोज कुमार ,गीता कुमारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे। विरोध प्रदर्शन के उपरांत इन लोगों ने मंत्री बन्ना गुप्ता एवम, डीसी ऑफिस तथा जेएनएसी कार्यालय में भी मिलने की बात कही है।

### बदामपहाड़ डेमो स्पेशल ट्रेन के मामले में मंत्रालय ने डिविजन से मांगी रिपोर्ट

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** टाटा नगर स्टेशन से बदामपहाड़ स्टेशन तक चलने वाली डेमो स्पेशल ट्रेन (नं 08129) को गुरुमाहिसीनी तक चलाने के लिए आरटीआई कार्यकर्ता कृतिवास मंडल ने रेल मंत्री को पत्र भेजा है। उक्त पत्र के आलोक में मंत्रालय ने चक्रधरपुर डिविजन को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र भेजा है। वर्तमान में डेमो स्पेशल ट्रेन टाटानगर से हल्दीपोखर होते हुए बहलदा, आंवलाजुरी रायरंगपुर स्टेशन होते हुए सीधे बदामपहाड स्टेशन तक चलाईं जा रही है। आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि उक्त ट्रेन को गुरूमाहिसीनी स्टेशन लगभग पांच वर्षों से नहीं भेजा जा रहा है। जिसके कारण गिने चुने पैसेन्जर्स ही इसमें सवार हो रहे हैं। जिसके कारण रेलवे को राजस्व की भारी क्षति पहुंच रही है। रेल मंत्रालय ने उपरोक्त मामले को जांच कर कार्रवाई करने के लिए डॉ रिसव सिन्हा एसआर डीपीओ साउथ ईस्टर्न रेलवे चक्रधरपुर को दिया है।

# टाटा स्टील को जैव विविधता प्रबंधन में उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया

- 18वां सीआईआई आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स
- एक हरित, अधिक सस्टेनेबल भविष्य का निर्माण

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** टाटा स्टील की सुकिंदा क्रोमाइट खदान को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स 2023 में 'जैव विविधता में उत्कृष्टता' प्रबंधन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कंपनी के फेरो अलॉय एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के तहत संचालित, इस माइन को अपने परिचालन क्षेत्र में और उसके आसपास जैव विविधता संरक्षण में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक और सीआईआई के प्रेसिडेंट डेसिग्नेट संजीव पुरी ने नई दिल्ली के ताज महल होटल में आयोजित 18वें सीआईआई आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स में प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। सुकिंदा क्रोमाइट माइन के हेड (माइनिंग) देवराज तिवारी ने कंपनी की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया।

टाटा स्टील के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (एफएएमडी) पंकज सतीजा ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, हम चीफ सिएटल के इस कथन को ध्यान में रखते हैं कि पृथ्वी मनुष्यों की नहीं है, बल्कि मनुष्य पृथ्वी का है।

एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, हम अपनी जैव विविधता प्रबंधन अभ्यासों को लगातार मजबूत कर रहे हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए कई सस्टेनेबिलिटी पहल कर रहे हैं। मैं जैव विविधता के संरक्षण के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को मान्यता प्रदान करने के लिए जूरी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं। यह निश्चित रूप से टीम को इस उद्देश्य के लिए हमारा सर्वोत्तम प्रयास जारी रखने के लिए प्रेरित करेगा।

विशेष रूप से, सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम जैसे प्रजातीय खाद्योत्सव (प्रामाणिक आदिवासी भोजन और संस्कृति उत्सव), ग्रीन थेरेपी (नृवंशविज्ञान ज्ञान साझा करने का उत्सव), जैबकला विविधता (कला के माध्यम से जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम), सरजोम बा (आदिवासी संगीत उत्सव), स्थानीय रेशमकीट प्रजातियों सुकिंदा इकोरेस, के लिए संरक्षण उपाय स्टील कंपनी द्वारा बटरफ्लाई गार्डन, मेडिसिनल पार्क ने पुरस्कार के रूप में मूल्यांकनकर्ताओं की प्रशंसा अर्जित की। जैव विविधता प्रबंधन के लिए टाटा स्टील का समग्र दृष्टिकोण इसके व्यापक सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों के साथ संरेखित है, जिसमें ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना, सर्कुलर इकॉनमी सिद्धांतों को बढ़ावा देना और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना शामिल है।

# सोनारी सामुदायिक केंद्र में भारतीय शास्त्रीय और बॉलीवुड नृत्य शैली पर प्रस्तुति

- टीएफए की अर्बन सर्विसेज ने आयोजित किया नृत्य-बसंत

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन की अर्बन सर्विसेज इकाई सीएसआर जमशेदपुर के एक हिस्से के रूप में शहर के शहरी क्षेत्रों के कल्याण के लिए तत्परता से काम कर रही है। सामाजिक विकास और शहरी क्षेत्र के कमजोर वर्गों की आर्थिक स्थिति की सुरक्षा करना हमारे लिए एक प्रमुख चिंता का विषय और रुचि का क्षेत्र रहा है।

इन वंचित तबकों की महिलाओं, युवाओं और बच्चों के मौजूदा कौशल को पोषित करने और मजबूत करने के लिए, अर्बन सर्विसेज कला, खेल आदि के क्षेत्र में पिछले 18 वर्षों से पूरे जमशेदपुर के सामुदायिक केंद्रों में कोचिंग, सिलाई, मेहंदी, ब्यूटीशियन, शास्त्रीय नृत्य और संगीत, जैसी अर्ध-कुशल और कुशल कक्षाओं को बढ़ावा दे रही हैं और संचालित कर रही हैं। इन लोगों को प्रेरित करने और कार्यक्रमों में शामिल करने और उनकी प्रतिभा दिखाने के लिए नियमित अंतराल पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भारतीय शास्त्रीय नृत्य और समकालीन नृत्य रूपों को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए, हम हर साल नृत्य प्रतियोगिता/उत्सव और कार्यशालाएं आयोजित करते रहे हैं। हमारे केंद्रों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल बच्चों और महिलाओं की प्रतिभा को पहचानने और बढ़ावा देने के लिए, अर्बन सर्विसेज ने नृत्य-बसंत... नृत्य के सभी रूपों का 3 (तीन) दिवसीय उत्सव आयोजित किया, जिसमें 65 टीमों से 630 प्रतिभागियों ने वर्गीकृत किए गए अपने सर्वश्रेष्ठ नृत्यों के रंग बिखेरे। यह एक खुला कार्यक्रम था जिसमें सभी पीढ़ी के बस्ती इलाकों में रहने वाली लड़कियों, लड़कों और महिलाओं ने एक ही मंच पर प्रदर्शन किया।

मस्ती की पाठशाला (एमकेपी) के लड़के और लड़कियां दोनों नृत्य के माध्यम से अपनी छिपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए इसमें भाग लेंगे। एमकेपी वंचित बच्चों के लिए टीएसएफ द्वारा प्रबंधित एक आवासीय विद्यालय है। 15 टीमें अन्य समूहों के साथ प्रदर्शन करने जा रही हैं।

इस कार्यक्रम ने इन प्रतिभागियों को इस तरह की कला के सांस्कृतिक मूल्यों की गहराई को समझने और विभिन्न नृत्य रूपों की विभिन्न मुद्राओं के माध्यम से संचार करके इसे पुनर्जीवित करने में मदद की। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल बच्चों की सीखने की क्षमताओं को समृद्ध करना था, बल्कि गृहिणी और कामकाजी महिलाओं को उनके सीमित क्षेत्र से बाहर आने के लिए एक मंच भी प्रदान करना था।

## भजनों पर झूमते नाचते चल रहे थे भक्तगण, चलंत दरबार में शीश की झांकी बना आकर्षण का केंद्र

# टुईलाडुंगरी से गोलमुरी शिव मंदिर तक धूमधाम से निकली बाबा खाटू श्याम जी की निशान यात्रा





**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** फाल्गुन माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी के शुभ अवसर पर बुधवार की सुबह टुईला डुंगरी स्थित हिंदुस्तानी संघ स्कूल से बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली गयी, जो गोलमुरी श्री शिव मंदिर पहुँचकर संपन्न हुई। जिसमें 351 से अधिक भक्तगण बाबा श्याम को निशान अर्पण किये। इससे पहले हिंदुस्तानी संघ स्कूल में सुबह 7 बजे चार यजमान मधुसूदन जोशी, शंकर लाल अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल और सुशील चौधरी ने सपत्नी ध्वजा पूजन किया और पंडित महेश शर्मा ने पूजा कराया। निशान पूजन मे विधायक सरयू राय भी शामिल होकर राज्य और देश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। विश्व के कल्याण की कामना के साथ इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन शहर की सामाजिक एवं धार्मिक चार संस्था श्री श्याम मण्डल गोलमुरी, श्री श्याम मण्डल टुईलाडुंगरी, श्री श्री शिव मंदिर समिति गोलमुरी एवं श्री श्याम महिला मण्डल टुईलाडुंगरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।

निशान यात्रा गोलमुरी मेन रोड़, गोलमुरी बाजार मस्जिद रोड़ एवं आकाश दीप प्लाजा से होते हुए शिव मंदिर पहुँची। लगातार हो रही बारिश में भी भक्तगण हाथों में निशान लेकर पूरे रास्ते भजन कीर्तन एवं बाबा की जय जयकार करते चल रहे थे। जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। शोभा यात्रा में जहां सबसे आगे बैंड बाजा, उसके पीछे हाथों में निशान लिए भक्तगण चल रहे थे। राधा-कृष्ण की झांकी भी सहित बाबा श्याम के शीश की झांकी आकर्षण का केंद्र बना रहा। शोभा यात्रा मे बारिश के साथ ही फूलों और ईत्र की वर्षा भी हुई। रथ वाहन पर भव्य चलंत दरबार सजा था। इस दौरान पूरे रास्ते स्थानीय भजन गायक महावीर अग्रवाल, सोमी चौधरी, राकेश दीवाना, मोहन दीवाना ने बाबा श्याम के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गयी। भजनों पर भक्तगण झूमते नाचते चल रहे थे।

**इनका रहा योगदान:-** इसे सफल बनाने में प्रमुख रूप से मामराज गुप्ता, श्वेता अग्रवाल, चंदा अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, कृष्णा नरेड़ी, स्वीटी अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अधिवक्ता कैलाश अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, प्रकाश शर्मा, मधुसूदन जोशी, बंटी अग्रवाल, मनोज नरेड़ी, कमल गुप्ता, दीपक अग्रवाल, संदीप रिंगसिया, राधेश्याम अग्रवाल, प्रेमकिशुन चौधरी, सुशील चौधरी, रामकरण अग्रवाल आदि का योगदान रहा। भक्तो द्वारा शीतल पेय एवं चाय-पानी की व्यवस्था की गयी थी। सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। निशान यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला।

# शाहिद कपूर बनेंगे अश्वत्थामा



शाहिद कपूर अब नई फिल्म अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूज में लीड रोल में नजर आएंगे। शाहिद महाभारत के महान योद्धाओं में शुमार रहे अश्वत्थामा का किरदार निभाते दिखेंगे। माना जाता है कि द्वापर युग में पैदा हुए अश्वत्थामा आज भी जिंदा हैं और धरती पर मौजूद हैं। आखिरकार फाइनल हो गया है कि फिल्म अश्वत्थामा बन रही है, बस एक्टर का नाम बदल गया है। पहले इस फिल्म को विक्की कौशल कर रहे थे और आदित्य धर डायरेक्ट करने वाले थे। लेकिन अब इस फिल्म में अश्वत्थामा का रोल शाहिद कपूर प्ले करेंगे। इस फिल्म को वाशु भागनानी प्रोड्यूस करेंगे। हाल ही ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो इंडिया ने एक इवेंट ऑर्गनाइज किया, जिसमें उन्होंने नई फिल्म अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूज का भी ऐलान किया। साथ ही यह भी अनाउंस किया कि इस फिल्म में अश्वत्थामा का माइथोलॉजिकल किरदार शाहिद कपूर निभाएंगे। मालूम हो कि अश्वत्थामा फिल्म पर पिछले काफी समय से चर्चाएं चल रही थीं। पहले द इमॉर्टल अश्वत्थामा के नाम से आदित्य धर फिल्म बना रहे थे, फिर ऐसी खबरें आने लगीं कि प्रोड्यूसर्स ने इस फिल्म से अपने हाथ खींच लिए हैं और फिलहाल फिल्म होल्ड पर है। पर आदित्य धर ने आर्टिकल 370 के लॉन्च पर क्लियर कर दिया था कि अश्वत्थामा पर बन रही फिल्म बंद हो चुकी है।



## दीपिका की प्रेग्नेंसी के कारण लंबी छुट्टी पर जाएंगे रणवीर सिंह

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह की फिल्म डॉन 3 की शूटिंग शुरू होने वाली थी अगस्त-सितंबर महीने में। लेकिन अब खबर है कि इसकी डेट्स पोस्टपोन हो सकती है। क्योंकि सितंबर में दीपिका पादुकोण के घर नन्हा मेहमान आएगा। ऐसे में एक्टर लंबी छुट्टी पर जाने का प्लान बना रहे हैं। चारों तरफ अलग-अलग वजहों से रणवीर सिंह खबरों में बने हुए हैं। एक तरफ मुकेश खन्ना उनके बारे में फिल्म शक्तिमान के कारण कुछ न कुछ कहते सुनाई दे रहे हैं। तो वहीं, दूसरी तरफ वह पापा बनने की खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। इतना ही नहीं, फिल्म डॉन 3 में भी उनकी भूमिका पर जमकर चर्चा हो रही है। हालांकि इस मूवी को लेकर एक बड़ा अपडेट आ रहा है। जहां इसकी शूटिंग अगस्त-सितंबर के महीने से शुरू होने वाली थी। वहीं, अब लग रहा कि ये पोस्टपोन हो जाएगी। जैसा कि दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया था कि सितंबर, 2024 में उनके घर एक नन्हा मेहमान आ जाएगा। एक्ट्रेस मां तो एक्टर पापा बन जाएंगे। एक्ट्रेस ने दूसरे महीने की प्रेग्नेंसी के दौरान फैन्स को गुडन्यूज देकर चौंका दिया था।

## एक्शन के 'बाप' बनकर आए जॉन अब्राहम

### शरवरी ने लूटी महफिल



मेरा नाम वेदा है.. उपनाम, दर्जा, पहचान किसी की परवाह नहीं है। लोगों के लिए, हम उनके पैरों के तलवों के नीचे की मिट्टी की तरह हैं.. लेकिन मुझे किसी रक्षक की ज़रूरत नहीं है, फिल्म वेदा का टीज़र, जिसका टीज़र सोमवार को जारी किया गया। टीजर की शुरुआत वेदा का किरदार निभाने वाली शरवानी वाघ के वॉयसओवर से होती है। सीन की शुरुआत एक्ट्रेस के एक पेशेवर मुक्केबाज बनने की तैयारी से होती है। रोमांच से भरपूर, फिल्म के टीजर में में जॉन अब्राहम और अभिषेक बनर्जी भी हैं, दोनों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करते हुए दिखाया गया है। एक्शन से भरपूर वेदा का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है, फिल्म में तमन्ना भाटिया भी हैं। वेदा के टीज़र जहां जॉन नायक की भूमिका में हैं, वहीं अभिषेक एक राजनेता की भूमिका में एक विरोधी के रूप में दिखाई देंगे। फिल्म 12 जुलाई को रिलीज होने वाली है। वेदा एक युवा महिला के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार शरवरी ने निभाया है, जो न्याय पाने के लिए हर किसी के खिलाफ जाती है और जॉन का किरदार उसके मिशन को प्राप्त करने में उसकी सहायता करता है।



# कानूनी पचड़े में फंसी राखी

## समीर वानखेड़े ने दायर किया मानहानि का मुकदमा

खबरों की मानें तो समीर वानखेडे ने अपने मुकदमे में साल 2023 में एक इंटरव्यू का हवाला देते हुए मुकदमा दायर किया है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि काशिफ अली खान ऐसे बयान दिए जो जानबूझकर झूठ बोलने वाले और मनगढ़ंत, आधारहीन थे। पूर्व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) अधिकारी समीर वानखेड़े ने हाल ही में, बिग बॉस 14 की प्रतियोगी राखी सावंत और उनके वकील अली काशिफ खान के खिलाफ 11 लाख रुपये का दावा करते हुए मानहानि का मुकदमा दायर किया है। मामला भारत के मुंबई में डिंडोशी सिटी सिविल कोर्ट, मलाड के समक्ष दायर किया गया है।

### अली काशिफ खान ने रखा अपना पक्ष

अपनी याचिका में, समीर ने बताया है कि राखी और अली ने उनकी छवि खराब करने और उन्हें बदनाम करने की कोशिश की। इसके जवाब में अली काशिफ खान ने कहा, कानून बताता है कि जब जनता की भलाई के लिए किसी पब्लिक सर्वेंट को लेकर सच बोला जाता है तो कोई मानहानि नहीं होती है। यह मानहानि नहीं है किसी के बारे में कुछ कहना या अपनी राय रखना किसी भी प्रकार की मानहानि नहीं होती है।

### समीर वानखेड़े की छवि की थी धूमिल

खबरों की मानें तो समीर वानखेडे ने अपने मुकदमे में साल 2023 में एक इंटरव्यू का हवाला देते हुए मुकदमा दायर किया है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि काशिफ अली खान ऐसे बयान दिए जो जानबूझकर झूठ बोलने वाले और मनगढ़ंत, आधारहीन थे। यही नहीं, उन्होंने यह भी बताया है कि अली काशिफ खान जानबूझकर मीडिया में ऐसे बयान देते हैं और सेलेब्स की छवि को धूमिल करते हैं। उन्होंने 11 लाख रुपये का हर्जाना और मुआवजा मांगा है।

### राखी सावंत की भी बढ़ी मुश्किलें

समीर वानखेड़े ने आगे यह भी कहा कि अली काशिफ खान ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर भी इसी तरह के कंटेंट पोस्ट किए थे, उनके इस कंटेंट को बाद में राखी सावंत ने शेयर किया था। इन सब वजहों से उनकी प्रतिष्ठा को और नुकसान हुआ है। बता दें कि अली काशिफ खान मॉडल मुनमुन धमेचा के वकील हैं, जिन्हें वानखेड़े के नेतृत्व वाली एक टीम ने 2021 में क्रूज ड्रग छापे मामले में गिरफ्तार किया था।

पत्रकार के बाद अब

## पुलिस अफसर बनेंगी भूमि पेडनेकर



अभिनेत्री की पहली वेब सीरीज का हुआ एलान

भूमि पेडनेकर की गिनती बॉलीवुड की उम्दा अभिनेत्रियों में होती है। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म भक्षक को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म को समीक्षकों की भी खूब वाहवाही मिली थी। भक्षक की सफलता के बाद भूमि अब एक और प्रोजेक्ट से लोगों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। वे अब दलदल नाम की वेब सीरीज से अपने अभिनय का जौहर दिखाएंगी। प्राइम वीडियो की इस सीरीज में भूमि पुलिस की वर्दी पहने नजर आएंगी। इस वेब सीरीज का निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है। निर्माताओं ने (19 मार्च) मंगलवार को एक कार्यक्रम में शो के विवरण का खुलासा किया, जहां भूमि ने थ्रिलर सीरीज में काम करने का अपना अनुभव साझा किया। इस सीरीज में भूमि डीसीपी रीता फरेरा की भूमिका में हैं, जो सीरियल किलिंग की जांच कर रही हैं। इस दौरान उनकी निजी जिंदगी में भी काफी कुछ बदलाव आते हैं। यह शो विश धमीजा के भिंडी बाजार पर आधारित है।

उनकी हालिया रिलीज भक्षक की बात करें तो इस फिल्म में उन्होंने एक पत्रकार की भूमिका निभाई थी। फिल्म का निर्देशन पुलकित ने किया था। वहीं, इसका निमार्ण रेड चिलीज की ओर से किया गया था। फिल्म में संजय मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव और साई ताम्हणकर जैसे कलाकार नजर आए थे। इसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जा सकता है।

# 'शैतान' की पूरी शूटिंग खुद को संभाले रखा : जानकी बोदीवाला

अजय देवगन की फिल्म शैतान में देखा जाए तो अभिनय के मामले में अभिनेत्री जानकी बोदीवाला अव्वल नंबर पर रही हैं। फिल्म में बच्ची सी दिखने वाली इस अदाकारा ने अजय देवगन और ज्योतिका की किशोरवय बेटी जाह्नवी का किरदार निभाया है। लेकिन, गुजराती सिनेमा में काम करते हुए जानकी को लंबा अरसा हो चुका है और वह इस समय 28 साल की हैं। जिस गुजराती फिल्म वश की 'शैतान' हिंदी रीमेक है उसमें जानकी ने आर्या की भूमिका निभाई थी। 30 अक्तूबर 1995 को अहमदाबाद में जन्मी जानकी हिंदी सिनेमा में अपनी डेब्यू फिल्म शैतान को लेकर काफी उत्साहित हैं। उनसे एक खास बातचीत...



●अभिनय की तरफ आप का झुकाव कैसे हुआ?

मैंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत गुजराती फिल्म इंडस्ट्री से की। जिस तरह से आम लड़कियों की बचपन में सोच होती हैं कि एक्टिंग करनी है, उसी तरह की मेरी भी सोच रही है। बचपन में सभी अभिनेत्रियों को देख कर लगता था कि एक्टर ही बनना है। जब फिल्में देखती थी तो मुझे लगता था कि फिल्म की एक्ट्रेस खुद ही गा रही हैं, लेकिन जब होश संभाला तब समझ में आया कि गाने तो किसी और ने गाए हैं, बस उन गानों पर वह परफॉर्म कर रही हैं। मुझे काजोल, करीना कपूर खान और आलिया भट्ट की फिल्में बहुत पसंद हैं। उनकी फिल्में देखकर ही अभिनय की तरह मेरा झुकाव हुआ।

●गुजराती फिल्म इंडस्ट्री में आपकी शुरुआत कैसे हुई ?

मेरी शुरुआत गुजराती फिल्म छेलो दिवस से हुई। इस फिल्म के लिए मैंने ऑडिशन दिया, उसमें मेरा चयन हो गया। यह फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई और साल की सबसे बड़ी हिट फिल्म रही हैं। इस फिल्म से पहले अभिनय के बारे में मुझे कुछ नहीं पता था, क्योंकि न ही मैंने कहीं से एक्टिंग सीखी है और न ही थियेटर किया है। जो भी मैंने सीखा है फिल्मों में काम करके ही सीखा है। छेलो दिवस के बाद मैंने गुजराती में ओ तारी तंबूरो, दाउद पकाड, छुट्टी जशे छक्का, तारि माटे वन्स मोर, बाऊ ना विचार, नाड़ी दोष और वश जैसी फिल्मों में काम किया।

●पहली बार कैमरा फेस करने का अनुभव कैसा रहा ?

मैं बहुत ही नर्वस थी। फिल्मों से मेरा दूर-दूर तक कोई नाता नहीं और ना ही मेरे परिवार का। मुझे बिल्कुल भी पता नहीं था कि सेट पर कितने लोग होते हैं, कैमरे के सामने कैसे परफॉर्म करना है। मैं उस स्टूडेंट की तरह थी, जो बिना किसी तैयारी के एग्जाम हाल में थी। मेरी स्थिति बिल्कुल वैसी ही थी। पहले दिन जब शूटिंग पर गई तो उस दिन मेरा पहला सीन नहीं था। मैं चुपचाप कोने में खड़े होकर सब देख रही थी कि कैसे सब लोग परफॉर्म कर रहे हैं। उस फिल्म की शूटिंग के दौरान बहुत कुछ सीखने को मिला।

●गुजराती फिल्म वश की रीमेक के जरिए आपकी हिंदी सिनेमा में एंट्री हो गई। जब शैतान के लिए पहली बार आप से संपर्क किया गया तो आपकी प्रतिक्रिया क्या थी?

मैं बहुत खुश थी कि गुजराती फिल्म का हिंदी में रीमेक बन रहा है। यह बहुत बड़ी बात है। गुजराती फिल्म इंडस्ट्री अभी धीरे-धीरे उन्नति कर रही है। जिस हिसाब से गुजराती फिल्में धीरे-धीरे आगे बढ़ रही हैं, उस हिसाब से हिंदी में रीमेक बनाना बहुत बड़ी बात है। फिल्म शैतान के लिए प्रोडक्शन टीम से फोन आया था। पहले मुझे पता था कि यह होने वाला है। लेकिन मुझे तब तक यकीन नहीं हुआ जब तक फिल्म रिलीज नहीं हो गई। जब फिल्म रिलीज हो गई तक मुझे यकीन हुआ कि हां यार, यह हुआ है।

●जब पहली बार फिल्म की शूटिंग के दौरान अजय देवगन से सामना हुआ तक आपकी क्या प्रतिक्रिया थी?

हम सब तो उनके बहुत बड़े फैंस हैं ही, इस बात में कोई शक नहीं है। लेकिन मुझे उनके साथ काम भी करना था। मैं उनकी कितनी बड़ी जबरदस्त फैन रही हूं, पूरी एक महीने की शूटिंग के दौरान जाहिर नहीं होने दिया। लेकिन जैसे ही फिल्म की शूटिंग खत्म हुई, मैं अपने जज्बात को रोक नहीं पाई। धीरे से अजय सर के पास गई और कहा कि सर, क्या मैं आपके साथ एक सेल्फी ले सकती हूं? उन्होंने कहा, ऑफ कोर्स। उसके बाद मैंने उनको बताया कि उनकी कितनी बड़ी फैन हूं।

●जब आपने होश संभाला होगा तो अजय देवगन की पहली फिल्म कौन सी देखी होगी?

सबसे पहले मैंने उनकी फिल्म हम दिल दे चुके सनम देखी थी। तब मैं बहुत छोटी थी, इस फिल्म की अभी भी बहुत सारी यादें हैं। इसके अलावा अजय सर की फिल्म खाकी मुझे बहुत पसंद हैं। इस फिल्म में अजय सर मुझे बहुत अच्छे लगे थे। खाकी के अलावा मुझे उनकी फिल्म काल देखने में बहुत मजा आया था। मैं अपने आपको बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि जिनकी मैं इतनी बड़ी जबर्दस्त फैन हूं, हिंदी सिनेमा में उनके साथ काम करने का मौका मिला। अजय सर से फिल्म की शूटिंग के दौरान बहुत कुछ सीखने को मिला।

●और, आर माधवन के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?


बहुत बढ़िया अनुभव रहा है। उनकी काम के प्रति समर्पण की भावना देखकर उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला।

अपने किरदार को लेकर उनकी खुद की जो सोच और काम करने का जो तरीका था, वह देखने में मेरे लिए एक एक्टिंग स्कूल की तरह था। अजय सर, माधवन सर और ज्योतिका मैम से बहुत कुछ सीखने को मिला। मैं अपने आपको काफी भाग्यशाली मानती हूं कि करियर के शुरुआत में भारतीय सिनेमा के दिग्गज सितारों के साथ काम करने का मौका मिला।

●आपके माता-पिता क्या करते हैं और आपके एक्टिंग प्रोफेशन में उनका कितना सहयोग रहा है?

मेरे पापा भरत बोदीवाला वकील हैं और मम्मी कश्मीरा बोदीवाला गृहणी हैं। मेरा छोटा भाई ध्रुपद बोदीवाला कनाडा में पढ़ाई कर रहा है। मेरे एक्टिंग प्रोफेशन में मम्मी-पापा का बहुत ही सहयोग रहा है। हमेशा मुझे इसी बात के लिए प्रोत्साहित किया करते हैं कि तुमको जिस काम में मजा आ रहा है, वही काम करना चाहिए।

# रमजान के पाक महीने में रोजा रखते हैं विवियन डीसेना



विवियन डीसेना ने मिस्र की पूर्व पत्रकार नूरन एली से शादी की है। नूरन से शादी करने के बाद उन्होंने इस्लाम को अपनाया था। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान विवियन ने कहा, मैं आपको बता नहीं सकता हूं कि इस्लाम मेरे दिल के कितने करीब है। अभिनेता विवियन डीसेना टीवी इंडस्ट्री में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कसम से से लेकर मधुबाला जैसे हिट शो में काम किया है। काम के अलावा विवियन अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियां बटोरते रहते हैं। पिछले साल अभिनेता ने अपने फैंस को बताया था कि वे इस्लाम अपना चुके हैं। हाल ही में अभिनेता ने अपनी जिंदगी के बारे में कई दिलचस्प खुलासे किए हैं।

### कॉफी के बिना जिंदा रहना था मुश्किल

विवियन डीसेना अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, मैं निश्चित रूप से 30 दिन रोजा रखता ही हूं। वैसे भी रोजा तोड़ने की अनुमति तभी है जब आप बीमार हैं या शारीरिक रूप से आप ठीक नहीं हैं। मुझे पहले लगता था कि मैं पानी या कॉफी के बिना कैसे जिंदा रहूंगा, लेकिन मैं रोजा रख पा रहा हूं। यह अल्लाह की मेहरबानी है। मैं क्या मेरे परिवार वाले और दोस्त सभी चिंतित थे कि मैं कहीं बीमार न हो जाऊं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

### विवियन का वर्क-फ्रंट

विवियन डीसेना को आज भी उनके फैंस सीरियल मधुबाला में निभाए उनके किरदार के लिए याद करते हैं। उन्होंने साल 2022 में मिस्र की पत्रकार नूरन एली से शादी के बाद काम से थोड़े दिनों के लिए ब्रेक लिया था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो आने वाले दिनों में विवियन डीसेना जल्द ही शो सोशल मैसेज पर आधारित एक शो में नजर आने वाले हैं।



# तृप्ति ने भूल भुलैया 3 पर दिया अपडेट

अपने लाजवाब अभिनय और हुस्न के दम पर नेशनल क्रश का दर्जा हासिल करने वाली एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने अपनी अपकमिंग फिल्म भूल भलैया 3 को लेकर लेटेस्ट जानकारी साझा की है। इस फिल्म में उनके साथ रुपहले पर्दे पर सह-अभिनेता कार्तिक आर्यन भी अपनी जबरदस्त एक्टिंग का जलवा बिखेरते हुए नजर आएंगे। यह फिल्म कैसी होगी? इस बारे में एक्ट्रेस ने कहा, इसमें आपको कई रहस्यमय दृश्य के साथ-साथ कई डरावने और कॉमेडी भरे सीन्स भी देखन को मिलेंगे। एक्ट्रेस ने आगे कहा, इसमें कोई दो मत नहीं है कि यह फिल्म बिल्कुल ताजातरीन होगी। हालांकि, फिल्म के बारे में अन्य जानकारियों का इंतजार है। फिल्म में विद्या बालन भी हैं। हिंदी हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी फिल्म भूल भुलैया का यह तीसरा पार्ट है। इसका पहला भाग प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित किया गया था और 2007 में रिलीज़ हुआ था। इसमें अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में थे। दूसरा पार्ट 2022 में रिलीज़ हुआ। फिल्म में कार्तिक के साथ कियारा आडवाणी और तब्बू थीं। रणबीर-कपूर-स्टारर एनिमल रिलीज होने के ठीक बाद तृप्ति का करियर ग्राफ बदल गया। उन्होंने बुलबुल, काला और लैला मजनू जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय किया है।



## लाल साड़ी व गहनों से लदी नजर आई रश्मिका मंदाना

अल्लू अर्जुन की वर्ष 2021 में आई फिल्म पुष्पा के दूसरे भाग पुष्पा- द रूल की शूटिंग इन दिनों विशाखापत्तनम में चल रही है। इस फिल्म की शूटिंग के दृश्य सोशल मीडिया पर जबरदस्त वायरल हो रहे हैं। हाल ही में इस फिल्म की शूटिंग के कुछ फोटोज व वीडियो लीक हो गए हैं, जिनमें रश्मिका मंदाना नजर आ रही हैं। लीक हुई एक तस्वीर और वीडियो में रश्मिका मंदाना को माथे पर सिंदूर लगाए लाल साड़ी पहने हुए देखा जा सकता है। सीक्वल में, रश्मिका को श्रीवल्ली के रूप में देखा जाएगा, जिसने पुष्पराज से शादी की और कहानी शादी के बाद उसके जीवन पर केंद्रित होगी। कहा जा रहा है कि बहुत पुष्पा के दूसरे भाग की शूटिंग पूरी होने वाली है। गौरतलब है कि रश्मिका मंदाना की गत वर्ष प्रदर्शित फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर जलजला ला दिया था। इस फिल्म ने वैश्विक व घरेलू स्तर पर कुल मिलाकर 1000 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी। वर्तमान में रश्मिका मंदाना एनिमल की सफलता का आनंद ले रहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए मुशिफकुर रहीम



**चटगांव, एजेंसी।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले बांग्लादेश को बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशिफकुर रहीम अंगूठे की चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान फील्डिंग करते समय मुशिफकुर के अंगूठे पर गेंद लग गई थी। मैच के बाद हुई जांच से पता चला कि मुशिफकुर के अंगूठे में फ्रैक्चर है।

बांग्लादेश के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने पुष्टि की कि मुशिफकुर श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे और उनके चार सप्ताह तक बाहर रहने की उम्मीद है। आईसीसी ने बायजेदुल के हवाले से कहा, मैच के बाद, मुशिफकुर का ढाका में स्कैन हुआ, जिसमें उनके दाहिने अंगूठे में फ्रैक्चर का पता चला। इसलिए, लगभग तीन से चार सप्ताह तक उनके बाहर रहने की संभावना है। हालांकि, बीसीबी ने अभी तक रहीम के लिए किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है। बांग्लादेश ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जीती है, जबकि मेजबान श्रीलंका ने टेस्ट श्रृंखला की ओर बढ़ने से पहले वनडे सीरीज 2-1 से जीती। बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच खेली जानी वाली यह टेस्ट सीरीज 2023-25 आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है।

### बडोसा ने मियामी में हालेप की वापसी रोकी, वीनस विलियम्स हारीं



**फ्लोरिडा, एजेंसी।** दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप की वापसी को पाउला बडोसा ने रोक दिया, जिन्होंने मियामी ओपन के पहले दौर में 1-6, 6-4, 6-3 से जीत हासिल की।

फरवरी में दोहा के बाद बडोसा की यह पहली जीत थी। दुनिया के 80वें नंबर की खिलाड़ी चोटों से जूझ रही हैं। उनका अब वर्ष का रिकॉर्ड 5-5 हो गया है। हालाँकि, हालेप डब्ल्यूटीए टूर से 18 महीने की अनुपस्थिति के बाद वापस लौट आईं। दो हफ्ते पहले, वैश्विक खेल की शीर्ष खेल मध्यस्थता अदालत (सीएएस) ने टेनिस से उनका प्रतिबंध घटाकर नौ महीने कर दिया - अनिवार्य रूप से, समय पूरा हो गया। फैसले के बाद, हालेप ने मियामी ओपन टूर्नामेंट के निदेशक जेम्स ब्लेक से वाइल्ड कार्ड स्वीकार कर लिया। इस बीच, डायना श्नाइडर ने मियामी ओपन के पहले दौर में तीन बार की चैंपियन वीनस विलियम्स को 1 घंटे और 19 मिनट में 6-3, 6-3 से हराकर वीनस की रिकॉर्ड 22वीं उपस्थिति को समाप्त कर दिया।

यह प्रतियोगिता कई विरोधाभासों में से एक थी। 43 वर्षीय विलियम्स 2024 के मुख्य ड्रा में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं जबकि 19 वर्षीय श्नाइडर इस वर्ष खेल रही छह किशोरों में से एक हैं। विलियम्स मियामी में अपना 85वां मुख्य ड्रॉ मैच खेल रही थीं, जो एक और टूर्नामेंट रिकॉर्ड है (इस बार, बहन सेरेना के साथ संयुक्त); डब्ल्यूटीए के अनुसार, श्नाइडर अपना पहला मैच खेल रही थी और पिछले साल अपने पदार्पण पर लॉरा सीगमंड से क्वालीफाइंग के पहले दौर में हार गई थी। दूसरी ओर, 2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता डेनमार्क की कैरोलिन वोज्नियाकी तीन पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियनों में से एकमात्र थीं, जो महिला एकल ड्रॉ के दूसरे दौर में पहुंचीं।

डेनिश वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी ने फ्रांस की क्लारा बुरेल को 6-1, 6-4 से हराने के लिए केवल 1 घंटे 17 मिनट की जरूरत पड़ी और अब वह तीसरे दौर में जगह बनाने के लिए यूक्रेन की एन्हेलिना कलिनिना से भिड़ेंगी।



### सूर्यकुमार यादव का आईपीएल करियर

33 साल के सूर्यकुमार यादव ने 2012 में आईपीएल में डेब्यू किया था। जब से अब तक उन्होंने आईपीएल में कुल 139 मैच खेले हैं, जिसमें सूर्या ने 143 के स्ट्राइक रेट से 3249 रन ठोके हैं। उनके नाम इंडियन प्रीमियर लीग में 1 शतक और 21 अर्धशतक भी हैं।

IPL 2024

# मुंबई इंडियंस को एक और करारा झटका

## सूर्यकुमार यादव फिटनेस टेस्ट में फेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को नैशनल क्रिकेट अकैडमी (एनसीए) से फिटनेस मंजूरी मिलना बाकी है जिससे निश्चित है कि वह 24 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुंबई इंडियंस के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे। दुनिया के नंबर वन टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार 'स्पोर्ट्स हर्निया' की सर्जरी के बाद उबरने और 'रिहैबिलिटशेन' के लिए बेंगलुरु स्थित एनसीए में थे।

दिसंबर से क्रिकेट से बाहर रहे सूर्यकुमार का मंगलवार को एनसीए में फिटनेस टेस्ट भी कराया गया। लेकिन लगता है कि इस 33 साल के खिलाड़ी के फिटनेस के आकलन की जरूरत है। मुंबई इंडियंस के 27 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ, एक अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ और सात अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में उनकी भागीदारी बाद में तय की जाएगी। सूर्यकुमार ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक अस्पष्ट संदेश पोस्ट किया जिसमें 'दिल टूटने वाली इमोजी' बनी हुई थी।

### मुंबई का बढ़ता चैलेंज

सूर्यकुमार टी20 क्रिकेट में नंबर वन बल्लेबाज हैं और उनकी गैरमौजूदगी मुंबई के लिए अच्छी खबर नहीं है। मध्यक्रम की जान इस बल्लेबाज के नए होने से कप्तान हार्दिक पंड्या का चैलेंज और भी बढ़ जाएगा।

हार्दिक के कप्तान बनने के बाद से मुंबई इंडियंस टीम के खेमे से अभी तक कोई पॉजिटिव खबर नहीं आई है। नए कप्तान की पूर्व कप्तान से अभी तक बातचीत भी नहीं हुई है इस बीच सूर्य अभी भी अनफिट हैं। अनफिट और अनबन की खबरों के बीच टीम बेहतर प्रदर्शन करे यह एक चैलेंज होगा।



# जसप्रीत को लेकर मैक्ग्रा की सलाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले सीजन में कई अहम खिलाड़ी अनफिट होने की वजह से नहीं खेल सके थे, जिसके बाद 22 मार्च से शुरू होने वाले आगामी 17वें सीजन में कई की वापसी देखने को मिलेगी, इसी में एक नाम स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का भी शामिल है। स्ट्रेस फ्रेक्चर की समस्या से उबरने के बाद से बुमराह लगातार उसी पुराने अंदाज में अब तक गेंदबाजी करते हुए दिखाई दिए हैं। वहीं आईपीएल 2024 सीजन के शुरू होने से पहले ही बुमराह को लेकर दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने एक बड़ी सलाह दी है, जिसमें उन्होंने बुमराह को लंबे समय तक चोट से दूर रखने के लिए सीजन के बीच आराम देने के लिए कहा है।

### वह हर गेंद में काफी प्रयास करता है

जसप्रीत बुमराह साल 2022 सितंबर महीने में चोटिल होने के बाद ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप में भी नहीं खेल पाए थे औ इसके बाद मार्च 2023 में स्ट्रेस फ्रेक्चर की वजह से उन्हें सर्जरी करवानी पड़ी थी और इस वजह से वह आईपीएल का पिछला सीजन भी नहीं खेल सके थे। बुमराह ने इसके बाद पिछले साल अगस्त महीने में मैदान पर वापसी करने के साथ आयरलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज में टीम इंडिया का नेतृत्व किया था और उसके बाद से वह लगातार हर महत्वपूर्ण सीरीज में खेलते हुए दिखाई दिए हैं। बुमराह ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में 20 विकेट हासिल किए थे। वहीं इसके बाद साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ हुई टेस्ट सीरीज में भी उन्होंने काफी अहम भूमिका अदा की थी। ग्लेन मैक्ग्रा ने जसप्रीत बुमराह को लेकर नका गेंदबाजी एक्शन जिस तरह का है, बुमराह के वर्कलोड को देखते हुए उसे आईपीएल 2024 सीजन के बीच में आराम की जरूरत होगी क्योंकि उसका बॉलिंग एक्शन से उस पर जो दबाव बनता है उसे देखते हुए उसका फिर से चोटिल होना लगभग तय है जो वो पहले भी हमें देखने को मिला है, ऐसे में उसको लेकर काफी सावधानी दिखानी होगी।

### आईपीएल के बाद भारतीय टीम को खेलना टी20 वर्ल्ड कप

आईपीएल 2024 सीजन के खत्म होने के ठीक बाद भारतीय टीम को वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेना है, ऐसे में बुमराह का फिट रहना टीम इंडिया के लिए नजरिए से काफी महत्वपूर्ण है। हाल में ही इंग्लैंड के खिलाफ खत्म हुई 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान चौथे मुकाबले में बुमराह को टीम मैनेजमेंट ने आराम दिया था, ताकि उनके वर्कलोड क बेहतर तरीके से मैनेज किया जा सके। आगामी आईपीएल सीजन में मुंबई इंडियंस की टीम को अपना पहला मुकाबला 24 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद के मैदान पर खेलना है।



कमेंट्री माइक पकड़ने से पहले

## नवजोत सिंह सिद्धू का तड़तड़ाता बयान, विराट को बताया सचिन से भी बेहतर बल्लेबाज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कमेंट्री की दुनिया में वापसी कर रहे पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विराट कोहली को सर्वकालिक महान बल्लेबाज बताया है। यहां तक कि नवजोत सिंह सिद्धू ने विराट कोहली को सचिन तेंदुलकर ही नहीं, बल्कि सुनील गावस्कर और एमएस धोनी से भी महान बल्लेबाजों की श्रेणी में सबसे ऊपर रखा है। लंबे समय के बाद नवजोत सिंह सिद्धू कमेंट्री करते नजर आएंगे, लेकिन उनका ये बयान सुर्खियों में हैं। सिद्धू ने अलग-अलग समय की बात की, लेकिन फिर भी विराट को सभी से बेहतर माना है। नवजोत सिंह सिद्धू ने बात करते हुए कहा कि उनको लगता है कि विराट कोहली भारत के सबसे अच्छे क्रिकेटर हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर से पूछा गया कि क्या विराट कोहली को आगामी आईपीएल में आरसीबी के लिए खुद को नंबर 3 पर उतारना चाहिए। कई लोगों ने तर्क दिया है कि अगर भारत आने वाले टी20 विश्व कप में उन्हें बल्लेबाजी क्रम में वन-डाउन खिलाना चाहता है तो कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने चाहिए, जबकि सिद्धू ने तर्क दिया कि कोहली को आरसीबी के लिए नंबर 3 पर बल्लेबाजी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह टीम की मांग नहीं थी।

सिद्धू ने कहा, मुझे ऐसा नहीं लगता। यह वही है, जो टीम मांग करती है। आप दुनिया के सबसे महान खिलाड़ी हो सकते हैं, जो वह हैं, लेकिन अगर आपकी टीम जीत नहीं रही है, खासकर एक बार भी ट्रॉफी अपने पास नहीं रखी है, तो यह एक धब्बा है जिसे आप मिटाना चाहेंगे। यह किसी भी तरह से उसके लिए हानिकारक नहीं है, क्योंकि उसने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और आप इसे देख सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने उन्हें अब तक का सर्वश्रेष्ठ भारतीय बल्लेबाज रेट किया है। ऐसा समय था, जब मैं अपना ट्रांजिस्टर लगाता था और सुनील गावस्कर को वेस्टइंडीज के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए सुनता था, वह 70 का दशक है। वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज, स्कूल बंक करना और सिर्फ एक पीरियड के लिए बाहर जाना और सुनना कि वह बिना हेलमेट के कैसे बल्लेबाजी कर रहे थे, वह उनका युग था। करीब 15-20 साल तक उनका दबदबा रहा। फिर तेंदुलकर आए, एक और युग आया। फिर धोनी आए और फिर विराट आए। यदि आप इन चार को देखेंगे तो मैं उन्हें सर्वश्रेष्ठ मानूंगा, क्योंकि उन्होंने तीनों प्रारूपों में खुद को ढाल लिया है।÷

पूर्व क्रिकेटर ने ये भी बताया कि किस वजह से उन्होंने विराट कोहली को इन दिग्गजों से ऊपर रखा है। उन्होंने कहा, उसी तरह, उनकी तकनीकी क्षमता और उन सभी में सबसे फिट। अगर आप इन चारों को देखें तो वह सबसे फिट होंगे। अपने करियर के अंतिम चरण में तेंदुलकर को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। धोनी, वह फिट थे, लेकिन विराट सुपर फिट हैं। यह उसे अच्छी स्थिति में रखता है। यह उसे एक ऐसे स्तर पर ले जाता है, कुछ पायदान ऊपर, जिसे अन्य लोग हासिल नहीं कर पाए हैं।

# IPL 2024 से पहले विराट का बड़ा बयान

## कहा- मेरा सपना है कि आईपीएल ट्रॉफी...



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वुमेंस प्रीमियर लीग का खिताब जीतने के साथ ही आरसीबी का ट्रॉफी जीतने का सूखा तो खत्म हो गया है। लेकिन आईपीएल में ट्रॉफी जीतना अभी बाकी है।

आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से होने जा रही है। लीग का पहला मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। आईपीएल के इस सीजन से पहले आरसीबी के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली ने बड़ा बयान दिया है।

### RCB को पहली आईपीएल ट्रॉफी का इंतजार

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि वे आरसीबी महिला डब्ल्यूपीएल की जीत की उपलब्धि का अनुकरण करने और 22 मार्च से शुरू होने वाले आगामी चरण में टीम की कैबिनेट में आईपीएल ट्रॉफी जोड़ने की कोशिश करेंगे।

बता दें आरसीबी फ्रेंचाइजी की पुरुष टीम पिछले 16 सालों से खिताब जीतने के पल का इंतजार कर रही है।

### विराट कोहली का बड़ा बयान

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी अनबॉक्स कार्यक्रम के दौरान कोहली ने कहा कि उनका ट्रॉफी जीतना शानदार था। जब उन्होंने यह खिताब जीता तो हम देख रहे थे। उम्मीद है कि हम ट्रॉफियों को दोगुना करेंगे जो सच में बहुत खास होगा। उन्होंने कहा कि वह इस साल आईपीएल ट्रॉफी जीतने के सपने को हकीकत में बदलने के लिए अपने कौशल और अनुभव पर निर्भर होंगे। उन्होंने कहा कि यह जानना मेरा सपना है कि आईपीएल ट्रॉफी जीतने का अहसास कैसा होता है।

मैं उस टीम का हिस्सा बनना चाहता हूं जो पहली बार ट्रॉफी जीतेगी। आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने आगे कहा कि मैं अपनी काबिलियत और अपने अनुभव के साथ फैंस और फ्रेंचाइजी के लिए ऐसा करने की पूरी कोशिश करूंगा। आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कोहली ने कहा कि आरसीबी के प्रति उनकी कमिटमेंट अटूट रहेगी।

## कप्तान से विवाद के बाद तमिलनाडु कोच ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु क्रिकेट टीम के कोच सुलक्षण कुलकर्णी ने आगामी सीजन के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पिछले साल, उन्होंने तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन के साथ एक मल्टी सीजन डील की थी। लेकिन अब उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से पद छोड़ने का फैसला किया है।

कुलकर्णी ने TNCA को ईमेल द्वारा अपना इस्तीफा भेजा, जिसमें आगामी सीजन के लिए अपनी अनुपलब्धता बताई। TNCA ने अभी तक उनके इस्तीफे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह निर्णय सेमीफाइनल में हार के बाद टीम के कप्तान आर साई किशोर पर अपनी टिप्पणियों के लिए कुलकर्णी की आलोचना का सामना करने के बाद आया है। उन्होंने उल्लेख किया कि तेज गेंदबाजों के अनुकूल पिच पर पहले बल्लेबाजी करने की टीम की रणनीति के कारण टीम मुंबई से रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल हार गई।



**तमिलनाडु के पूर्व क्रिकेटर्स ने की आलोचना**

के श्रीकांत, हेमंग बदानी और दिनेश कार्तिक सहित तमिलनाडु के पूर्व क्रिकेटरों ने कुलकर्णी के इस बयान की आलोचना करते हुए सुझाव दिया कि कोच को पब्लिकल अपने कप्तानों का समर्थन करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, कुलकर्णी के चयन समिति और खिलाड़ियों के साथ मतभेद थे।

## पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में भाग नहीं ले सकेंगे रूस और बेलारूस के खिलाड़ी

**जिनेवा, एजेंसी।** रूस और बेलारूस के खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक परेड में भाग नहीं ले सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने यह जानकारी दी। ओलंपिक का उद्घाटन समारोह 26 जुलाई को है जिसमें हजारों खिलाड़ी सीन नदी से एफील टावर की तरफ नावों से आएंगे जबकि आम तौर पर परेड स्टेडियम में होती है। आईओसी ने कहा कि रूस और बेलारूस के खिलाड़ी नदी के किनारे समारोह देख सकेंगे। उन्हें तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर ओलंपिक में खेलने की अनुमति मिली है। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय पैरालम्पिक समिति ने 28 अगस्त को पेरिस पैरालम्पिक के उद्घाटन समारोह में रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध की घोषणा की थी।



यूक्रेन में जारी जंग के कारण दोनों देशों को ओलंपिक में टीम स्पर्धाओं में भाग नहीं लेने दिया जाएगा। वहीं व्यक्तिगत वर्ग में खिलाड़ी तटस्थ तौर पर खेलेंगे बशर्ते उन्होंने यूक्रेन में जारी युद्ध का समर्थन नहीं किया हो या सेना या सुरक्षाबलों से जुड़े नहीं हों। रूसी पासपोर्ट धारक 36 और बेलारूस के 22 खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है।

संक्षिप्त समाचार

## अगर राहुल धर्मनिरपेक्ष तो धर्म के आधार पर चुनाव मत लड़ें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि यदि कांग्रेस नेता राहुल गांधी स्वयं को धर्मनिरपेक्ष मानते हैं तो उन्हें धर्म के नाम पर नहीं, बल्कि मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए। एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि किसी देश की मंजिल का फैसला उस व्यक्ति द्वारा तय नहीं किया जा सकता जो अमेठी में हार से डरता है। उत्तर प्रदेश में अमेठी को लंबे समय तक गांधी परिवार का गढ़ माना जाता रहा है। राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति इरानी से चुनाव हार गए थे। स्मृति ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है, जब उन्होंने हिंदू धर्म के खिलाफ कोई बयान दिया है। लेकिन, मेरा मानना है कि यदि वह धर्मनिरपेक्ष हैं तो उन्हें धर्म के आधार पर नहीं लड़ना चाहिये, बल्कि उन्हें मुद्दों पर लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी राजनीति में जीत और हार अंतर्निहित है, लेकिन सच्चा नेतृत्व किसी के विश्वास और सिद्धांतों पर दृढ़ रहने से प्रदर्शित होता है।

## कौन है प्रत्याशी और कहां मतदान केंद्र, हर जानकारी देगा ऐप




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू हो चुकी है। आयोग ने इस बार मतदाताओं और उम्मीदवारों से लेकर चुनाव आचार संहिता में जनभागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए कई ऐप बनाए हैं। मतदाता घर बैठे वोटर लिस्ट में अपना नाम और मतदान केंद्र से लेकर प्रत्याशियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, उम्मीदवारों को चुनाव आयोग से मंजूरी पाने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे... आचार संहिता उल्लंघन पर नजर रखना चुनाव आयोग के लिए बड़ी चुनौती होती है। इस ऐप के माध्यम से लोग चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन और गैरकानूनी गतिविधियों के बारे में आयोग को सीधे शिकायत भेज सकते हैं। इस पर उल्लंघन संबंधित वीडियो और फोटो भी अपलोड किए जा सकते हैं। खास बात यह है कि इसमें आपको लोकेशन भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि आयोग का यह ऐप खुद ही उस जगह की पहचान कर लेगा। इससे कोई भी आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत बिना कहीं जाए की जा सकती है। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के साथ वोटों की गिनती व चुनाव नतीजों की जानकारी के लिए यह ऐप बनाया है। इसमें देश की हर लोकसभा सीट के नतीजों की जानकारी घर बैठे मिलेगी। इनकोर (ईएनसीओआरई) ऐप पर चुनाव प्रबंधन की कोर टीम से जुड़े लोग होंगे। वहीं, ईएसएमएस (चुनाव जब्ती प्रबंधन) ऐप के जरिए चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित कार्रवाई की जानकारी अपडेट की जाएगी। तीसरा ऑब्जर्वर ऐप है, जिसमें पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट देंगे। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को अब किसी चुनावी कार्यक्रम की मंजूरी के लिए चुनाव अधिकारियों के यहां जाने की जरूरत नहीं होगी। वह इस ऐप के जरिए ही आवेदन करेंगे। वहां के उम्मीदवारों की जानकारी लेने के लिए आपके पास कोई आसान साधन नहीं था। अब चुनाव आयोग ने केवाईसी ऐप तैयार किया है। इसमें चुनाव लड़ रहे सभी वैध उम्मीदवारों के नाम, उनका संसदीय क्षेत्र, उनके ऊपर दर्ज आपराधिक मामले, उनकी आय व संपत्ति की जानकारी भी देख सकते हैं।

# दिल्ली पुलिस ने अपहृत बच्चे को सकुशल उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से मुक्त कराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के दयालपुर थाना पुलिस ने 13 मार्च को फिरौती के लिए नेहरू नगर इलाके से अपहृत बच्चे को सकुशल उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से मुक्त करा लिया है। आरोपी 46 वर्षीय वीरेश उर्फ वीरु को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने बताया 13 मार्च को दयालपुर थाने को सात वर्षीय बच्चे के अगवा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने उसकी जानकारी जुटाई तो उसकी अंतिम लोकेशन बुलंदशहर जिले में गंगा किनारे मिली। वहां लोगों ने बच्चे की तस्वीर को पहचान लिया और उसकी लोकेशन राजघाट गांव के पास पता चली। संदिग्ध आरोपी अपहृत बच्चे के साथ रेलवे स्टेशन के पास छिपा हुआ था। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली पुलिस के करीब 24 पुलिसकर्मियों की एक टीम ने



अपहरणकर्ता का पता लगाया। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले, खेतों, मंदिरों और ढाबों में डेरा डाला, स्थानीय मुखबिरों से जानकारी निकाली और घर-घर जाकर तलाशी ली। आखिरकार रविवार को बुलंदशहर और संभल रेलवे स्टेशन के बीच से आरोपी को पकड़ लिया गया। पांच दिनों तक दिल्ली पुलिस पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 100 किमी तक सात साल के बच्चे और उसके अपहरणकर्ता को ढूंढती रही। आरोपी बच्चे का पड़ोसी निकला। पुलिस ने मासूम को सकुशल बरामद करके उसके माता-पिता को सौंप दिया।

46 साल के आरोपी वीरेश उर्फ वीरू ने परिवार के साथ पुरानी रंजिश का हिसाब चुकाने और पैसे ऐंठने के लिए 13 मार्च को मासूम का अपहरण किया था। वह लड़के को बहला-फुसलाकर संभल ले गया और उसके माता-पिता को फिरौती के लिए फोन किया। जब पुलिस उसका पीछा कर रही थी, तो वीरेश ने उसे स्थानीय रेलवे स्टेशन राजगढ़ ले जाने से पहले डुबाकर मारने की कोशिश की, ताकि वह दूसरे राज्य भाग सके लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उस पर फिरौती के लिए अपहरण और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

बच्चे के लापता होने के कुछ घंटों के अंदर पुलिस को इसकी जानकारी मिली। जिसके बाद दयालपुर एसएचओ अतुल त्यागी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम कार्रवाई में जुट गई। सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने और तकनीकी निगरानी के दौरान, पुलिस ने संदिग्ध की पहचान कर ली। वीरेश की आखिरी लोकेशन संभल के एक मंदिर में पाई गई और जल्द ही पुलिस की टीम उसकी तलाश में जुट गई। स्थानीय लोगों को अपहरणकर्ता की फोटो दिखाई गई लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने संभल में धर्मशालाओं और विभिन्न मंदिरों को स्कैन किया। मस्जिदों और मंदिरों में भी बच्चे को लेकर एनाउंसमेंट कराई गईं। बाद में उन्हें बच्चे के राजगढ़ में होने की जानकारी मिली। टीम गांव पहुंची और सरपंच से संपर्क किया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर घर-घर की तलाशी ली। गुप्त जानकारी के आधार पर वीरेश को स्थानीय रेलवे स्टेशन से बच्चे के साथ पकड़ लिया।

## दिल्ली में स्नैचिंग नाकाम करने की कोशिश में महिला कांस्टेबल घायल, बदमाश ने दूर तक घसीटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के भजनपुरा इलाके में स्नैचिंग की कोशिश को नाकाम करने की कोशिश के दौरान बदमाश ने एक महिला कांस्टेबल को कई मीटर तक घसीट दिया। इस घटना में महिला कांस्टेबल बुरी तरह घायल हो गई। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना 16 मार्च को शाम करीब 4 बजे यमुना विहार रोड पर हुई। यह घटना उस वक्त हुई जब महिला कांस्टेबल रितिका (23) गीता कॉलोनी स्थित अपने घर लौट रही थी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बदमाश ने पहले महिला कांस्टेबल को धक्का दिया और उसका हैंडबैग छीन लिया। बदमाश भागने की कोशिश कर रहा था, तभी रितिका ने उसका स्कूटर पकड़ लिया। बदमाश ने स्कूटर नहीं रोका जिससे महिला कांस्टेबल कुछ मीटर तक घसीटती चली गई। इसके बाद महिला कांस्टेबल रितिका ने शोर मचाना शुरू किया। इससे आसपास के लोग जमा हो गए। लोगों की मदद से बदमाश को पकड़ लिया गया।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी का नाम हयात (40) है। उसके कब्जे से हैंडबैग बरामद कर लिया गया है। इसमें मोबाइल फोन और दिल्ली पुलिस का आईडी कार्ड था। फिलहाल महिला कांस्टेबल रितिका की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दिल्ली के छावला इलाके में कार सवार बदमाशों ने 16 मार्च को एक व्यक्ति से स्कूटी लूट ली। विरोध करने पर पिटाई की और फरार हो गए। पुलिस ने 52 वर्षीय शेरा के बयान पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार, शेरा परिवार के साथ खैरा गांव में रहता है।



## एल्विश यादव पर और कसेगा शिकंजा, नोएडा पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार; हो सकता है बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोएडा पुलिस ने मंगलवार देर रात एल्विश यादव से जुड़े मामले में दो लोगों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम विनय और ईश्वर हैं। दोनों से सेक्टर-20 थाना परिसर समेत अन्य ठिकानों पर पूछताछ गई। मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव की गिरफ्तारी के बाद पुलिस जांच तेज हो गयी है। ईश्वर और विनय दोनों हरियाणा के रहने वाले हैं। दरअसल, एल्विश की सीडीआर में इन दोनों की बार-बार संलिप्तता पाई गई। हालांकि फिलहाल ईश्वर की इस केस में किस तरह से संलिप्तता है इसका पता नहीं चला है। इन दोनों की गिरफ्तारी से माना जा रहा है कि सांपों के जहर वाले केस में बड़ा खुलासा हो सकता है। नोएडा पुलिस अब एल्विश यादव की सोशल मीडिया कुंडली (फेसबुक, इंस्टाग्राम , एक्स, यूट्यूब ) भी खंगाल रही है। सोशल मीडिया पर एल्विश के खिलाफ मिलने वाले साक्ष्यों का पुलिस संकलन करेगी और उसे केस डायरी में शामिल कर न्यायालय में मजबूती के साथ अपना पक्ष रखेगी। एल्विश की कॉल डिटेल रिकॉर्ड और सोशल मीडिया की कुंडली सिंगर फाजिलपुरिया समेत कई अन्य की मुश्किलें बढ़ाने वाली है। जांच में जिन भी लोगों के नाम सामने आएंगे, उन्हें वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के साथ एनडीपीएस ऐक्ट की धाराओं में आरोपी बनाया जाएगा। सांपों के साथ एल्विश का एक वीडियो भी सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ था।

## महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट नहीं मिलने वाले हैं-उद्धव

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को केंद्र की सत्ताधारी भाजपा पर चुनाव जीतने के लिए एक ठाकरे को चुराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उद्धव ठाकरे की यह टिप्पणी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच दिल्ली में हुई एक बैठक के मद्देनजर आयी है। उद्धव ठाकरे ने नांदेड़ जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि यदि भाजपा उनके चचेरे भाई को अपने साथ ले लेती है, तो इससे उन्हें कोई परेशान नहीं होगी।

राज ठाकरे की दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात के बाद उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर निशाना साधा है। जब ऐसी चर्चा है कि भाजपा महाराष्ट्र में अपने गठबंधन को बढ़ाने के लिए लोकसभा चुनाव में राज ठाकरे की एमएनएस के साथ गठबंधन करना चाहती है। ''भाजपा अच्छी तरह से जानती है कि उसे महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट नहीं मिलने वाले हैं। लोग यहां (बाल) ठाकरे के नाम पर वोट करते हैं।

# भाजपा सांसदों के खिलाफ आरोप पत्र लाएगी कांग्रेस, जल्द जारी करेगी उम्मीदवारों की लिस्ट?

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली कांग्रेस का कहना है कि वह लोगों तक पहुंचेगी और दिल्ली में सात भाजपा सांसदों की उनके कार्यकाल की विफलताओं को उजागर करेगी। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सांसदों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आरोप पत्र लाएगी। इन आरोप पत्र में उनके झूठ, दिल्ली में विकास की अनदेखी और लोगों के कल्याण के सांसद निधि का पैसा नहीं लगाने के लिए आरोप लगाए जाएंगे।

दिल्ली कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि भाजपा पार्टी अपने प्रत्याशियों को लेकर यह वायदा कर रही है कि इस बार जीतने पर अगले सौ दिनों में वे क्या काम करेंगे। जबकि, इसकी बजाय भाजपा पार्टी को यह बताना चाहिए कि बीते दस सालों में उनके सांसदों ने क्या काम किया है। भाजपा पार्टी की ओर से लोगों को गुमराह करने के अलावा कोई काम नहीं किया गया है।



अरविन्दर सिंह लवली ने कहा- कांग्रेस पार्टी की ओर से भाजपा के सांसदों की नाकामी पर आरोपपत्र निकाला जारी किया जाएगा। क्योंकि, भाजपा सांसदों ने दिल्ली के विकास और लोगों के कल्याण के लिए कुछ नहीं किया। लवली ने कहा कि सांसदों को जिम्मेदार बनाने की बजाय भाजपा पार्टी अपने सांसद बदल देती है। ताकि, उनकी जवाबदेही से बचा जा सके। अरविन्दर सिंह लवली ने कहा- भाजपा उम्मीदवारों ने घोषणा कि है कि सभी संसदीय क्षेत्र में नई दिल्ली में केन्द्र सरकार के अस्पतालों की तरह ही अस्पताल खुलवाए जाएंगे। लेकिन, हकीकत यह है कि पिछले दस सालों में एक भी नया अस्पताल नहीं बनवाया गया है। कोविड महामारी से भी कोई सबक लेने की बजाय केवल जुमलेबाजी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण, यमुना सफाई, अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करना, अपने क्षेत्रों में मेट्रो लाइन लेकर जाना आदि विषयों पर सौ दिनों में प्रयास करने की बात कही जा रही है जबकि, वास्तव में इन मुद्दों पर बीते दस सालों में काम होना चाहिए था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने मेट्रो के तीसरे चरण को मंजूरी दी थी। सिग्नेचर ब्रिज का निर्माण भी शीला सरकार ने शुरू किया। लेकिन, भाजपा इसका श्रेय लेना चाहती है।

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने मंगलवार को कहा कि तीन लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा जल्द की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कई सारे अच्छे प्रत्याशी हैं। इसलिए पार्टी चाहती है कि दिल्ली के लोगों को अच्छे प्रत्याशी दिए जाएं। भाजपा पार्टी तो अपने सांसद बदल देती है। लेकिन, कांग्रेस पार्टी जिम्मेदार नेता चाहती है। इसलिए प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही इसकी घोषणा भी की जाएगी।

## यौन उत्पीड़ने करने से रोकने पर व्यक्ति ने महिला पुलिस अधिकारी के साथ की मारपीट

**कोच्चि, एजेंसी।**
एक दिन पहले कोच्चि में त्रिपुनिथुरा के पास दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला पुलिस अधिकारी और एक नर्स पर एक ही व्यक्ति ने हमला किया था, जो कथित तौर पर नशे में था। इस घटना की जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी। हिल पैलेस पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। पहली घटना में, महिला पुलिस अधिकारी की उस समय पिटाई की गई जब उसने त्रिपुनिथुरा बस स्टॉप के पास आरोपी को एक महिला का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने से रोकने की कोशिश की। पुलिस के मुताबिक, आरोपी शख्स नशे की हालत में बस स्टॉप पर पहुंचा और वहां एक महिला के साथ बदसलूकी की। उन्होंने बताया कि जब महिला पुलिस अधिकारी ने हस्तक्षेप किया, तो उसने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की और अधिक अधिकारियों के वहां पहुंचने के बाद ही उसे हिरासत में लिया गया।

## और 12 लाख गंवा दिए; डिजिटल अरेस्ट का खूब शिकार बन रहे लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साइबर अपराधियों ने पार्सल में ड्रग्स और संदिग्ध दस्तावेज भेजने के नाम पर ब्लैकमेल कर गाजियाबाद की एक महिला से 12 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपियों ने इस दौरान खुद को मुंबई साइबर सेल से बताते हुए महिला का दाउद इब्राहिम के करीबी होने की बात भी कही। मनी लॉन्ड्रिंग के पैसों का लेनदेन बताकर जेल भेजने की धमकी दी। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अहिंसा खंड-एक के राजहंस अपार्टमेंट में रहने वाली जयिता चक्रवर्ती का कहना है कि 14 मार्च को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया। कॉलर ने अपना परिचय फेडेक्स कुरियर सर्विस मुंबई का कर्मचारी के रूप में दिया।

इस दौरान उसने बताया उनके आधार कार्ड से छेड़छाड़ की गई है और उनके नाम से कुछ प्रतिबंधित नशीले पदार्थों का सैंपल मुंबई से ताइवान भेजने का प्रयास किया गया है। जयिता चक्रवर्ती का कहना है कि कॉलर ने उन्हें कुरियर और पार्सल संबंधी सभी विवरण दिया। उसने उन्हें भेजने वाले का विवरण, पैकेज नंबर बताया और कहा कि पार्सल में कपड़े, लैपटॉप, सिम कार्ड, 200 मिलीग्राम अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधित ड्रग्स हैं। कॉलर ने उनका पार्सल कस्टम विभाग द्वारा रोकने की बात कहते हुए कहा कि उन्हें मुंबई साइबर क्राइम विभाग से जोड़ा जा रहा है। जयिता चक्रवर्ती का कहना है कि कॉलर ने उन्हें एक व्यक्ति के साथ जोड़ा, जिसने खुद को मुंबई साइबर क्राइम से बताया। उसने उन्हें स्काइप वीडियो कॉल पर लिया और जांच के नाम पर उन्हें दो घंटे तक कैमरे के सामने बैठाए रखा। इसके बाद उन्हें यह कहकर सीआईडी का नोटिस भेजा गया कि उनके आधार कार्ड पर खुले खातों का इस्तेमाल मोहम्मद आतिफ इस्लाम के खाते के साथ मनी लॉड्रिंग में किया जा रहा है।

# भारत में 2005-21 के दौरान मछली की प्रति व्यक्ति खपत 81 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत की वार्षिक प्रति व्यक्ति मछली खपत वर्ष 2005 के 4.9 किलोग्राम से बढ़कर 2021 में 8.89 किलोग्राम हो गई है। यह उच्च आय और बढ़ती समृद्धि के कारण आहार मिश्रण में बदलाव का संकेत है। एक अध्ययन में यह जानकारी दी गई है।

मछली खाने वाली आबादी में प्रति व्यक्ति वार्षिक मछली की खपत 7.43 किलोग्राम से बढ़कर 12.33 किलोग्राम हो गई है, जो 4.9 किलोग्राम (66 प्रतिशत) की वृद्धि है। यह अध्ययन व?र्ल्डफिश अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) और अन्य सरकारी निकायों के सहयोग से किया गया है।

अध्ययन की समयसीमा वर्ष 2005-2006 से वर्ष 2019-2021 थी। वर्ष 2005-2021 की अवधि के दौरान, देश का मछली उत्पादन 5.63 प्रतिशत की सालाना वृद्धि (सीएजीआर) के साथ दोगुना होकर 1.42 करोड़ टन हो गया। कुल मछली उत्पादन में से मछली की घरेलू खपत वर्ष 2005-06 में 82.36 प्रतिशत, वर्ष 2015-16 में 86.2 प्रतिशत और वर्ष 2019-20 में 83.65 प्रतिशत थी। शेष का उपयोग गैर-खाद्य उद्देश्यों और निर्यात के लिए




किया गया था। आईसीएआर के महानिदेशक हिमांशु पाठक ने रिपोर्ट में कहा कि भारत में मछली की घरेलू मांग बढ़ रही है। भारत दुनिया में मछली का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बन गया है। हालांकि, भारत में प्रति व्यक्ति मछली की खपत वैश्विक औसत से पीछे बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, विभिन्न भारतीय राज्यों में त्रिपुरा में मछली उपभोक्ताओं का अनुपात सबसे अधिक (99.35 प्रतिशत) है, जबकि हरियाणा में यह सबसे कम (20.55 प्रतिशत)।

# अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और रहेगा..., चीन के सभी दावों को विदेश मंत्रालय ने बताया बेतुका

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
हाल के दिनों में चीन की तरफ से जिस तरह से अरूणाचल प्रदेश को लेकर बयानबाजी बढ़ गई है उसको देखते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय का तेवर भी तल्ख होता जा रहा है बल्कि हर स्तर पर भारत अपने इस पड़ोसी देश को संकेत दे रहा है कि वह हर तरह की चुनौतियों के लिए तैयार है। अरूणाचल प्रदेश को लेकर चीन के पहले विदेश मंत्रालय ने और उसके बाद वहां के रक्षा मंत्रालय की तरफ से नागवार गुजरने वाली टिप्पणियां की गई हैं।

चीन सीधे तौर पर भारत के इस पूर्वोत्तर राज्य को अपना हिस्सा करार देने लगा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने



मंगलवार को चीन के रक्षा मंत्रालय को सीधा जवाब दिया है कि अरूणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा पहले भी था, अब भी है और आगे भी रहेगा।दूसरी तरफ, पीएम नरेन्द्र मोदी ने हिंद महासागर में भारतीय नौ सेना की तरफ से समुद्री दस्युओं पर सफल कार्रवाई के संदर्भ में एक बयान दिया है जो चीन की तरफ इशारा है। कार्रवाई करके हिंदी महासागर में बुल्गारिया के एक जहाज को बचाया था और दस्युओं के चंगुल से इस जहाज में काम करने वाले बुल्गारियाई नागरिकों को बचाया था। बुल्गारिया के राष्ट्रपति ने इसकी तारीफ करते हुए भारतीय नेवी और पीएम नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद कहा है। इसके जवाब में मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है कि, हमें इस बात की खुशी है कि सात बुल्गारियाई नागरिक सुरक्षित हैं और अपने देश लौट रहे हैं। भारत हिंद महासागर क्षेत्र में नौवहन के स्वतंत्र आवागमन और दस्युओं व आतंकियों से मुक्त कराने को लेकर प्रतिबद्ध है। सनद रहे कि हिंद और प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामक होती गतिविधियों से इस पूरे क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्र परिवहन को लेकर चिंताएं पैदा हो रही हैं। ऐसे में भारत ही नहीं बल्कि अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया और यूरोपीय देश भी हिंद प्रशांत क्षेत्र में जहाजों के आवागमन को आजाद, मुक्त व सभी के लिए समान अवसर वाला बनाने पर जोर दे रहे हैं। पीएम मोदी ने इसी तथ्य को सामने लाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने अपने बयान में कहा है कि, भारतीय राज्य अरूणाचल प्रदेश को लेकर चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता का बेतुका बयान हमने देखा है। इस बारे में आधारहीन दावों का कोई महत्व नहीं है। अरूणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। यहां के लोग हमारी विकास परियोजनाओं और ढांचागत विकास से आगे भी लाभान्वित होते रहेंगे।

## शरजील इमाम ने जुटाई थी भीड़, दिल्ली हिंसा मामले ने पुलिस ने जमानत अर्जी का किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की जमानत अर्जी का हाईकोर्ट में विरोध किया है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि शरजील इमाम ने भीड़ जुटाने में अहम भूमिका निभाई थी। पुलिस ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए शरजील इमाम के भाषणों को आधार बनाया।

पुलिस ने कहा कि शरजील इमाम ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को जमा किया। यही नहीं चक्का जाम को विरोध के तरीके के तौर पर प्रचारित किया। विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने दलील दी कि शरजील इमाम के भाषण पूरी तरह से लामबंदी के मकसद से दिए गए थे। शरजील इमाम ने एक भाषण में तो चिकन नेक गलियारे को बंद कर के पूर्वोत्तर को देश के बाकी हिस्सों से काट देने तक की बात कह दी थी। शरजील का कहना था कि टकराव वाली हिंसा तो होनी ही है।

विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने दलील दी कि विरोध प्रदर्शन तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत यात्रा के समय हिंसा पैदा करने की साजिश का हिस्सा था। वहीं दूसरी ओर शरजील इमाम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नित्या रामकृष्णन ने पैरवी की। उन्होंने कहा कि उनके मुवक्किल के कथित भड़काऊ भाषणों में किसी भी तरह की हिंसा का आह्वान नहीं किया गया था। शरजील इमाम का तरीका पूरी तरह से गांधीवादी था।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)